सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 15 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 250, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## कंपनियों की पूंजी 1.69 लाख करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,69,506.83 करोड़ बढ़ गया। } 14

## एथनॉल के इस्तेमाल से चीनी उद्योग बच सका: गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि एथनॉल के इस्तेमाल से चीनी उद्योग बचा हुआ है। उन्होंने साथ ही खेती में नई प्रौद्योगिकी की जरूरत पर जोर दिया। } 16



# भारत ने पाकिस्तान को दी करारी मात, सूर्यकुमार ने पाक खिलाड़ियों से नहीं मिलाया हाथ

## यह जीत पहलगाम पीड़ितों को समर्पित : सूर्यकुमार, टीम ने 128 रन का टारगेट 16वें ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया

एजेंसी

दुबई। भारत ने एशिया कप के छठे मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने 128 रन का टारगेट 16वें ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए। मैच जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाया और इस जीत को पहलगाम पीड़ितों और सेना को समर्पित किया। इससे पहले टॉस के बाद भी कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था।

ग्रुप-ए के इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने पावरप्ले से ही दवाब बनाया और आखिरी तक पाकिस्तानी बैटर्स को उबरने का मौका नहीं दिया। साहिबजादा फरहान







(40 रन) और शाहीन अफरीदी (33 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सका। कुलदीप यादव ने 3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट हार्दिक पंड्या और वरुण चक्रवर्ती के खाते में आया। भारतीय टीम की ओर से ओपनर अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने 31-31 रन की पारियां खेलीं। जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 47 रन बनाए। सूर्या-तिलक के बीच तीसरे विकेट के लिए 56 रनों की अहम साझेदारी हुई। पाकिस्तान से सईम अयूब ने तीनों विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत पॉइंट्स टेबल में टॉप पर कायम है और टीम के सुपर-4 में पहुंचने के चांस भी बढ़ गए। वहीं पाकिस्तान को अगले राउंड में एंट्री करनी है तो यूएई के खिलाफ आखिरी मैच जीतना ही होगा।

(विस्तृत खबर खेल पेज पर)

### संक्षेप

## पूर्वोत्तर में 5.8 की तीव्रता का भूकंप

गुवाहाटी। देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों में रविवार को 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप रविवार शाम 4.41 बजे आया और इसका केंद्र उदालगुड़ी जिले में था। भूकंप पांच किलोमीटर की गहराई में आया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भूकंप का केंद्र उदालगुड़ी के पास था। अभी तक किसी तरह का बड़ा नुकसान या जानमाल की कोई खबर नहीं है। हम स्थिति पर सक्रियता से नज़र रख रहे हैं। असम के उदालगुड़ी, सोनितपुर, तामुलपुर, नलबाड़ी और कई अन्य जिलों के निवासियों ने भूकंप के झटके महसूस किए। गुवाहाटी में घबराए हुए लोग अपने घरों से बाहर भागते नजर आए। मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों के लोगों ने भी भूकंप के झटके महसूस किए।

## न्याय के कठघरे में खड़े किये जायेंगे उपद्रवी: कार्की

काठमांडू। नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को कहा कि पिछले सप्ताह सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान देश भर में हिंसा और विनाश में शामिल रहे लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। कार्की ने पूर्वाह्न करीब 11 बजे काठमांडू के सिंह दरबार सचिवालय में नवनिर्मित गृह मंत्रालय भवन में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जेन जेड प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा और उनके परिजनों को दस लाख नेपाली रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने जेन जेड समूह की सिफारिश पर कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। इस समूह ने दो-दिवसीय विरोध प्रदर्शन के माध्यम से ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 33.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति को मिले : केशव (पृष्ठ-02)
- यूपी को ग्लोबल पहचान देंगे एआई, बॉयोटेक आधारित उद्योग (पृष्ठ-02)
- पाम-पामोलीन तथा बिनौला तेल में सुधार, सरसों स्थिर (पृष्ठ-14)
- थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- राज्यों को जीएसटी राजस्व नुकसान का मुआवजा मिले (पृष्ठ-14)

# सेना नहीं, आतंकियों का समर्थन कर रही कांग्रेस

## घुसपैठियों को जमीन हड़पने नहीं देगी भाजपा : पीएम मोदी

एजेंसी

मंगलदोई (असम)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस देश की सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों का समर्थन कर रही है। मोदी ने असम में दरांग जिले के मंगलदोई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर घुसपैठियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भाजपा घुसपैठियों को जमीन हड़पने नहीं देगी और न ही जनसांख्यिकी बदलने की उनकी साजिश को कामयाब होने देगी।

मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस भारतीय सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पाले गए आतंकवादियों का समर्थन करती है। कांग्रेस ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने वाले हमारे सशस्त्र बलों का समर्थन करने के बजाय घुसपैठियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को बचाने में लगी रही। मोदी ने कहा कि मां कामाख्या के आशीर्वाद से ही ऑपरेशन सिंदूर सफल हुआ है और इस पावन भूमि पर आकर उन्हें गौरव महसूस हो रहा है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार



रात उन्हें एक वीडियो दिखाया था, जिसमें कांग्रेस के एक पूर्व अध्यक्ष यह कहते हुए दिखाई दे रहे थे कि भाजपा गायकों और नर्तकों का सम्मान कर रही है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी 2019 में भाजपा द्वारा भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिए जाने के बाद की गयी थी। प्रधानमंत्री ने दावा किया, 1962 में चीन के आक्रमण के दौरान जवाहरलाल नेहरू द्वारा असम के लोगों को दिए गए घाव अब तक भरे नहीं हैं और भूपेन हजारिका का यह अपमान घाव पर नमक छिड़कने जैसा है। मोदी ने कहा, भूपेन दा के इस अपमान से मुझे बहुत दुख हुआ लेकिन जनता मेरी मालिक है और वही जवाब देगी कि इस महान गायक को भारत रत्न देकर भाजपा ने सही किया या गलत। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को कांग्रेस से भी पूछना चाहिए कि उसके नेताओं ने भूपेन हजारिका जैसे दिग्गज का अपमान क्यों किया। उन्होंने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कच्चे तेल, गैस के आयात का विकल्प तलाश रहा भारत

नुमालीगढ़ (असम)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार कच्चे तेल और गैस के आयात को कम करने के लिए कदम उठा रही है तथा जीवाश्म ईंधन के भंडारों की खोज और हरित ऊर्जा के उत्पादन पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही है। असम के नुमालीगढ़ में 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के बाद मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभर रहा है, लेकिन देश कच्चे तेल और गैस के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है। उन्होंने कहा, इसे बदलने के लिए, हमें अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के उपायों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। सरकार तेल अन्वेषण और हरित ऊर्जा उत्पादन पर काम कर रही है। मोदी ने कहा कि इथेनॉल ऊर्जा का एक प्रमुख वैकल्पिक स्रोत है और नुमालीगढ़ में नवनिर्मित बायोइथेनॉल संयंत्र से किसानों और आदिवासियों को काफी फायदा मिलेगा। पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र (जिसकी आधारशिला भी मोदी ने रखी) से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बहुत लाभ होगा। ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राजस्व खरीद को युक्तिसंगत बनाने के लिए नये ढांचे को मंजूरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के लिए राजस्व खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, सरल और युक्तिसंगत बनाने के लिए एक नये ढांचे को मंजूरी दी है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि रक्षा खरीद नियमावली (डीपीएम) 2025 का उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता को बढ़ावा देना और राजस्व खरीद के लिए त्वरित निर्णय प्रक्रिया के माध्यम से सैन्य तैयारियों के उच्चतम स्तर को बनाए रखने में मदद करना है।

इसमें कहा गया है, यह (डीपीएम) सशस्त्र बलों को आवश्यक संसाधनों की समय पर और उचित लागत पर उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। बयान में कहा गया है कि रक्षा मंत्री सिंह ने डीपीएम को मंजूरी दी जो रक्षा मंत्रालय में राजस्व खरीद प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित, सरल, सक्षम और युक्तिसंगत बनाएगा और आधुनिक युद्ध के युग में सशस्त्र बलों की उभरती आवश्यकताओं को पूरा करेगा। मंत्रालय ने कहा कि इस दस्तावेज में व्यापार में सुगमता को और मजबूत किया गया है, जिसका उद्देश्य रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इसका उद्देश्य निजी कंपनियों, एमएसएमई, स्टार्ट-अप आदि के साथ-साथ रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करके रक्षा क्षेत्र में घरेलू बाजार की क्षमता, विशेषज्ञता और योज्ञता का उपयोग करना है। रक्षा सेवाओं और रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अन्य संगठनों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की खरीद डीपीएम द्वारा विनियमित की जाती है। इसे 2009 में आखिरी बार लागू किया गया था। यह नियमावली सशस्त्र बलों और अन्य हितधारकों के परामर्श से मंत्रालय में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सर्वांगीण विकास में योग दें जनप्रतिनिधि : धामी

## विधायकों ने क्षेत्रीय विकास के लिए सौंपा मांगपत्र, समस्याओं से कराया अवगत

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड का संतुलित और सर्वांगीण विकास तभी संभव होगा, जब जनता की अपेक्षाओं को निकटता से समझकर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए। इस दिशा में जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे अपनी सक्रिय भागीदारी से प्रदेश की प्रगति में अहम योगदान सुनिश्चित करें।

उक्त विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधायकगणों से मुलाकात के दौरान व्यक्त किए। मुख्यमंत्री आवास में रविवार को विधायक सहदेव पुंडीर, खजान दास, सुरेश चौहान, भरत चौधरी, संजय डोभाल, अनिल नौटियाल, प्रीतम पंवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न विकासपरक मांगों, स्थानीय समस्याओं तथा जनता की अपेक्षाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को शीघ्र निर्देश जारी करने का



आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्राथमिक लक्ष्य जनता को त्वरित, पारदर्शी और सरल सेवाएँ उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य से शासन की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है। सीएम धामी ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता और सरकार के बीच एक सशक्त कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। उनकी सक्रिय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उड़ान नहीं भर पाया इंडिगो का विमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के लखनऊ हवाई अड्डे से 150 से ज्यादा लोगों को दिल्ली लेकर आने वाला इंडिगो का एक विमान शनिवार को तकनीकी खराबी के कारण उड़ान नहीं भर सका। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि विमान में समाजवादी पार्टी (सपा) की नेता और लोकसभा सदस्य डिंपल यादव सहित 150 से ज्यादा लोग सवार थे। सूत्र ने बताया कि इंडिगो का विमान 6ई2111 शनिवार को लखनऊ से दिल्ली के लिए उड़ान नहीं भर सका। उड़ान भरने से पहले जब विमान हवाई पट्टी पर था तब संचालन दल को विमान में तकनीकी खराबी नजर आई जिसके बाद हवाई जहाज को बे में भेजा गया। इंडिगो ने फिलहाल इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की है।

# हम बंटेंगे नहीं, आगे बढ़ेंगे : भागवत

## कभी बंट गये थे, लेकिन वह भी फिर से मिला लेंगे, पुस्तक विमोचन के मौके पर बोले संघ प्रमुख

एजेंसी

इंदौर (मध्यप्रदेश)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि ज्ञान, कर्म और भक्ति की संतुलित त्रिवेणी के पारंपरिक दर्शन पर श्रद्धा रखने की बदौलत भारत सबकी भविष्यवाणियां झूठी साबित करके लगातार आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने यह बात ऐसे वक्त कही जब देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.80 प्रतिशत रही है। अमेरिका की ओर से भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है। भागवत ने मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की पुस्तक परिक्रमा कृपा सार का इंदौर में



विमोचन किया। संघ प्रमुख ने इस मौके पर आयोजित समारोह में कहा कि भारतीय नागरिकों के पूर्वजों ने अनेक पंथ-संप्रदायों के माध्यम से कई रास्ते दिखाकर सबको बताया है कि ज्ञान, कर्म और भक्ति की संतुलित त्रिवेणी जीवन में कैसे बहाई जाती है। भागवत ने कहा कि भारत जीवन जीने के इस पारंपरिक दर्शन पर आज भी श्रद्धा रखता है, इसलिए सबकी भविष्यवाणियां झूठी साबित करके देश विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। संघ प्रमुख ने कहा, (ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री) विंस्टन चर्चिल ने एक बार कहा था कि (ब्रितानी शासन से) स्वतंत्र होने पर तुम (भारत) टिक नहीं सकोगे और बंट जाओगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब खुद इंग्लैंड बंटने की स्थिति में आ रहा है, पर हम नहीं बंटेंगे। हम आगे बढ़ेंगे। हम कभी बंट गए थे, लेकिन वह भी हम मिला लेंगे फिर से। भागवत ने कहा कि निजी स्वार्थों के कारण ही दुनिया में अलग-अलग संघर्ष चलते हैं और सारी समस्याएं सामने आती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** माल एवं सेवा कर का लाभकारी प्रभाव सुबह की शुरुआत से लेकर रात के सोने तक सभी उत्पादों पर रहेगा

# जीएसटी सुधार प्रत्येक नागरिक की बड़ी जीत : सीतारमण

एजेंसी

चेन्नई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक बड़ी जीत है। सीतारमण ने रविवार को चेन्नई में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत के प्रत्येक राज्य के अपने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दीपावली से पहले जीएसटी सुधारों को लागू करने के निर्देश से बहुत पहले ही इन्हें लागू करने का निर्णय लिया गया है।

चेन्नई सिटीजन्स फोरम द्वारा आयोजित उभरते भारत के लिए कर सुधार कार्यक्रम में अपने संबोधन में सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर का लाभकारी प्रभाव सुबह की शुरुआत से लेकर रात के सोने तक सभी उत्पादों पर रहेगा। कुछ प्रमुख पहल का उल्लेख करते हुए सीतारमण ने कहा कि जिन 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पहले



जीएसटी के तहत 12 प्रतिशत कर लगता था, अब उनपर सिर्फ पांच प्रतिशत कर लगेगा। नए जीएसटी सुधार (2.0) 22 सितंबर से लागू होंगे। जीएसटी परिषद द्वारा 350 से ज़्यादा वस्तुओं पर कर की दरों में कटौती का ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पहले अलग-अलग स्लैब के तहत कर लगाने की प्रथा के बजाय केवल पांच और 18 प्रतिशत के स्लैब लागू किए हैं। उन्होंने कहा, हमने व्यापारियों के लिए भी प्रक्रिया को सरल बनाया है। किसी भी उत्पाद पर 28 प्रतिशत जीएसटी कर नहीं है। व्यापारियों के कर दायरे में वृद्धि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले केवल 66 लाख व्यापारी ही कर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## शीतकालीन सत्र में पेश हो सकता है बीमा संशोधन बिल

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देने वाला बीमा संशोधन विधेयक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। संसद का शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के उत्तरार्ध में शुरू होता है और क्रिसमस से पहले समाप्त होता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या बीमा क्षेत्र में एफडीआई को और उदार बनाने वाला विधेयक शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किया जा सकता है।

# सट्टेबाजी ऐप मामले में उर्वशी रौतेला, मिमी चक्रवर्ती को समन

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में कथित धन शोधन की जांच के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती और अभिनेत्री उर्वशी रौतेला को समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि चक्रवर्ती को 15 सितंबर को नयी दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है, जबकि रौतेला को मंगलवार को पेश होना है। चार सितंबर को, पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन से इसी मामले में ईडी ने लगभग आठ घंटे पूछताछ की थी। अगस्त में, एक अन्य पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना से भी संघीय जांच एजेंसी ने इन आरोपों के संबंध में पूछताछ की थी। ईडी ने पिछले महीने इसी मामले में बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा को भी समन जारी किया था। कोलकाता में एक अधिकारी ने बताया कि हाजरा को 16 सितंबर को कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय में ईडी अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

> चक्रवर्ती को 15 सितंबर को ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है, जबकि रौतेला को 16 सितंबर को पेश होना है

# बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में कृषि विज्ञान संकाय ने किया लौकी पर विशेषज्ञ व्याख्यान





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ, कृषि विज्ञान संकाय, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय द्वारा लौकी एक बहुपयोगी क्यूकरबिट फसल विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।

इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. एस. पी. सिंह, जिन्हें लौकी पुरुष के नाम से भी जाना जाता है इनके द्वारा कुकुर्बिट फसलों में 17 उन्नत किस्मों का विकास किया है। डॉ. सिंह ने अपने सम्बोधन में लौकी के पौष्टिक, औषधीय एवं सतत कृषि में महत्व को विस्तार से समझाया तथा अपने शोध अनुभव और विकसित की गई किस्मों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। यह व्याख्यान छात्रों द्वारा सराहा गया और उन्होंने सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लिया। बीबीडीयू के कुलपति प्रो. एस के श्रीवस्तव एवं प्रो वाइस-चांसलर डॉ. एस सी शर्मा ने डॉ. सिंह के शोध कार्यों की सराहना करते हुए कृषि छात्रों को जैविक, स्वास्थ्यवर्धक और उन्नत खेती की ओर ध्यान देने की सलाह दी। वहीं, डॉ. कनक द्विवेदी, विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय ने कृषि के महत्व एवं मानव जीवन और राष्ट्रीय विकास में उसकी भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. विजय प्रकाश, डॉ. उषा अरुणिमा, डॉ. राहुल तिवारी तथा सभी छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कृषि विज्ञान संकाय के प्रभारी डॉ. रोहित कुमार सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पशुओं के लम्पी रोग से बचाव के लिए कृषि मंत्री ने की समीक्षा बैठक

**लखनऊ।** वर्तमान में प्रदेश के कई जिलों में पशुओं में फैले लम्पी रोग की स्थिति और उसके बचाव के लिए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पशुधन एवं दुग्ध विकास के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष के साथ समीक्षा बैठक की।वर्तमान में इस रोग से चंदौली, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर सिद्धार्थनगर, बस्ती, मऊ संतकबीरनगर और महराजगंज के गौवंश प्रभावित हैं। प्रभावित जिलों में कुल गोवंशीय पशुओं की संख्या 1454088 है। इनमें से प्रभावित गोवंश की संख्या 5091 है। कुल 4325 गोवंश अभी तक उपचार से ठीक हो चुके हैं। जबकि 1006 गोवंश का उपचार चल रहा है। रिंग वैक्सीनेशन प्रक्रिया में किये गये टीकाकरण गांवों की संख्या 1583 है, कुल टीकाकरण की संख्या 344000 है।

# यूपी को ग्लोबल पहचान देंगे एआई, बॉयोटेक, ग्रीन एनर्जी और एग्रीटेक आधारित उद्योग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'विकसित उत्तर प्रदेश-समर्थ उत्तर प्रदेश @2047' विजन को साकार करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर रही है। इस रूपरेखा में तीन मिशन- समग्र विकास, आर्थिक नेतृत्व और सांस्कृतिक पुनर्जागरण तथा तीन थीम- अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति पर जोर दिया गया है।

- **लखनऊ और नोएडा बनेंगे वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हब, बड़े पैमाने पर होगा रोजगार सृजन**
- **रोजगार सृजन में एग्रीटेक और रिन्युएबल एनर्जी सेक्टर निभायेगा अहम रोल**
- **ग्रामीण और शहरी विकास का संतुलन साधेगी योगी सरकार की नई रणनीति**

मुख्यमंत्री का स्पष्ट मत है कि अगले 22 साल में उत्तर प्रदेश की ग्लोबल पहचान भविष्योन्मुखी उद्योगों पर ध्यान केंद्रित किये बगैर नहीं प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए सरकार का विशेष ध्यान एआई, बॉयोटेक, ग्रीन एनर्जी और एग्रीटेक आधारित उद्योग पर है। इसके साथ ही सरकार प्रदेश के 12 प्रमुख सेक्टर (कृषि, औद्योगिक विकास, आईटी व इमर्जिंग टेक, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, नगर व ग्राम्य विकास, सतत विकास, पशुधन, पर्यटन, अवस्थापना और सुरक्षा-सुशासन) के जरिए भविष्य के उद्योगों की रूपरेखा तैयार करने में जुटी हुई है। इस व्यापक खाके का आर्थिक लक्ष्य 2030 तक प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है।

2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश की गिनती बीमारू और विकास की दौड़ में पिछड़े राज्य की बन चुकी थी। सुरक्षा तंत्र की कमजोरी, निवेश के लिए असुरक्षित माहौल, हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और कौशल विकास की अनुपस्थिति के कारण निवेशकों का विश्वास घटा हुआ था। पुलिस सशक्तिकरण और स्मार्ट मॉनिटरिंग का ढांचा न होने से अपराध पर नियंत्रण ढीला था। यही कारण था कि रोजगार और उद्योग दोनों ही सीमित स्तर पर ठहर गए थे। यहां तक कि अधिकांश उद्यमी अन्य राज्यों की ओर पलायन कर चुके थे। योगी सरकार ने 2017 के बाद से कानून-व्यवस्था में बड़े पैमाने पर सुधार किए। पुलिस भर्ती और आधुनिकीकरण, स्मार्ट निगरानी नेटवर्क, कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई से प्रदेश का सुरक्षा वातावरण पूरी तरह बदल गया। ह्यऑपरेशन



कन्विक्शनह्व जैसी पहलों ने सजा दर बढ़ाई और निवेशकों के लिए विश्वासपूर्ण माहौल तैयार किया। इसका सीधा असर उद्योग और व्यापार पर पड़ा और प्रदेश निवेश का सुरक्षित गढ़ बन सका। यही वजह रही कि 2023 में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश की नामचीन कंपनियों ने यूपी में 45 लाख करोड़ से अधिक के निवेश का प्रस्ताव सरकार के समक्ष रख दिया। इसमें से 15 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतर भी चुके हैं। यूपी ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) नीति लागू करके नोएडा और लखनऊ जैसे शहरों को अंतरराष्ट्रीय कंपनियों का नया केंद्र बनाने की पहल की है। इस नीति का उद्देश्य फॉर्च्यून 500 कंपनियों को आकर्षित करना है ताकि प्रदेश में उच्च वेतन वाली नौकरियां, आरएंडडी, डेटा एनालिटिक्स और साइबर सिक्योरिटी जैसी उच्च मूल्य सेवाएं विकसित हो सकें। राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही जमीन, टैक्स छूट और बुनियादी ढांचे की सुविधा ने घरेलू और विदेशी निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया है। प्रदेश अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), बायोटेक, अक्षय ऊर्जा, एग्रीटेक, क्वांटम, साइबर सिक्योरिटी और मेटावर्स जैसे भविष्य के उद्योगों को अपनी अर्थव्यवस्था का आधार बना रहा है। एआई से उत्पादकता बढ़ेगी, जबकि अक्षय ऊर्जा और ग्रीन टेक्नोलॉजी में नए विनिर्माण क्लस्टर और रोजगार सृजित होंगे। बायोटेक और हेल्थ-टेक पार्क राज्य को फार्मा और मेडिकल रिसर्च का हब बनाएंगे। एग्रीटेक और वर्टिकल फार्मिंग किसानों की आय बढ़ाकर ग्रामीण समृद्धि को मजबूत करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च मूल्य सेवाएं, ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग और एग्रीटेक सुधार प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर ले जाएंगे। जीसीसी और आईटी-एआई हब से सेवाओं का निर्यात बढ़ेगा, रिन्युएबल और ई-मोबिलिटी क्लस्टर से विनिर्माण व एक्सपोर्ट में तेजी आएगी और कृषि आधारित प्रोसेसिंग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बायोटेक और मेडिकल आरएंडडी से विशेषीकृत रोजगार और निर्यात अवसर खुलेंगे।योगी सरकार का यह विजन रोजगार सृजन पर केंद्रित है। प्रत्यक्ष तौर पर लाखों उच्च-वेतन नौकरियां ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और आईटी हब से मिलेंगी। वहीं, रिन्युएबल, स्मार्ट सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर और सप्लाई चेन में लाखों मध्यम और निम्न-कुशल नौकरियां बनेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में एग्रीटेक और कोल्ड चेन से स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा और शहरी पलायन कम होगा। स्किल-विकास योजनाएं और प्राइवेट पार्टनरशिप इस रोजगार रोडमैप को व्यवहार्य बनाएंगी। 2047 तक उत्तर प्रदेश को 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आगंतुक चखेंगे यूपी का स्वाद

**लखनऊ।** योगी सरकार की पहल पर आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 इस बार आगंतुकों को केवल प्रदेश के शिल्प और संस्कृति से ही नहीं, बल्कि खानपान की विविधता से भी रूबरू कराएगा। ६स्वाद उत्तर प्रदेश६ थीम के तहत आगंतुक गेट नंबर 3 से लेकर हॉल नंबर 7 तक प्रदेश के हर कोने के व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। यहां 25 आकर्षक फूड स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जहां देसी और विदेशी खरीदारों को यूपी के खानपान की समृद्ध परंपरा का अनुभव मिलेगा।

25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 को आयोजन का शुभारंभ करेंगे। इस महाआयोजन में आने वाले बायर्स यूपी के स्वाद को भी चख सकेंगे। इसकी वृहद तैयारियां की जा रही हैं। फूड एंड बेवरेज सेक्शन के लिए खास तौर पर 3गुणे 3 मीटर आकार के 25 ऑक्टोनॉम स्टॉल्स बनाए जा रहे हैं। इन्हें 75 मीटर गुणे 6 मीटर के विशाल हैंगर के भीतर प्लेटफॉर्म पर सजाया जाएगा। स्टॉल्स को बिजली की पर्याप्त आपूर्ति (100 किलोवॉट लोड) सुनिश्चित की जाएगी ताकि प्रस्तुति और सेवा में किसी तरह की कमी न रहे। ट्रेड शो का यह सेक्शन केवल खानपान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि यह यूपी के फूड ब्रांड्स और एमएसएमई उद्यमियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का माध्यम भी बनेगा। ह्लस्वाद यूपी काह्व सेक्शन में पेश किए जा रहे व्यंजन यूपी के हर जिले की पहचान को वैश्विक मंच पर स्थापित करेंगे।

- **योगी सरकार की पहल पर क्राफ्ट और कल्चर के साथ ही कुजीन का भी संगम बनेगा यूपीआईटीएस**
- **स्वाद उत्तर प्रदेश थीम के तहत आगंतुक गेट नंबर 3 से लेकर हॉल नंबर 7 तक लेंगे व्यंजनों का स्वाद**

यूपीआईटीएस-2025 में आने वाले विदेशी खरीदारों के लिए यह सेक्शन किसी फूड फेस्टिवल से कम नहीं होगा। यहां वे एक ही जगह पर पूरे प्रदेश के व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। योगी सरकार का यह प्रयास न केवल गैस्ट्रोनॉमी टूरिज्म को बढ़ावा देगा बल्कि राज्य के छोटे कारोबारियों को भी बड़ा बाजार उपलब्ध कराएगा। यूपी के हर क्षेत्र का स्वाद इस शो में खास आकर्षण रहेगा मुरादाबाद का स्वाद : यहां आने वाले लोग मशहूर मुरादाबादी दाल और बिस्कुट रोटी का जायका लेंगे। इसके साथ मुरादाबादी चिकन कॉर्नर भी अलग पहचान बनाएगा। बनारस का स्वाद : बनारसी पान (वर्क वाला, मीठा, चॉकलेट, सादाबाद का और फायर पान) खास आकर्षण होगा। साथ ही दही-जलेबी, दही-इमरती और बनारसी लस्सी आगंतुकों को लुभाएगी। मोदीनगर का स्वाद : मशहूर जैन शिकंजी यहां विशेष पेशकश होगी। आगरा का स्वाद : दुनिया भर में चर्चित पंछी पेठा (अंगूरी, केसर और ड्राई फ्रूट) तो मिलेगा ही, साथ में छोले-भटूरे और मटर कुल्चा भी परोसे जाएंगे। अवध का स्वाद : लखनऊ की मटन-चिकन जुगलबंदी के साथ-साथ अवध के उड़द के फर्रे, निमोना भात, बाजरे की रबड़ी और गुलाब खीर खास पकवान होंगे। मथुरा का स्वाद : यहां मालपुआ और मथुरा का पेठा आगंतुकों को आकर्षित करेंगे। जौनपुर का स्वाद : यहां की देसी रसोई का जायका मिलेगा। अलीगढ़ का स्वाद : पराठों की विभिन्न श्रेणियां लोगों को खूब पसंद आएंगी। खुर्जा का स्वाद : खुरचन और आलू टिक्की लोगों का मन मोह लेंगी। नोएडा का स्वाद : यहां स्पेशल गोजरी थाली परोसी जाएगी।

# बिना सर्वे के नहीं घोषित होंगे प्रत्याशी : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा के प्रत्याशी बिना सर्वे के नहीं घोषित किए जाएंगे। जीतने वाले प्रत्याशियों को ही चुनाव लड़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सपा के नेता और कार्यकर्ता जनता के बीच रहे। मतदाताओं के संपर्क में रहें। भाजपा बेईमानी करने और वोट चोरी की कोशिश कर सकती है। भाजपा से सावधान रहना है। वह वोट काटने की भी साजिश कर सकती है।

**सपा प्रमुख ने बुलंदशहर और हापुड़ से आये नेताओं को किया सम्बोधित**

पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा के षडयंत्रों पर नजर रखे। नेताओं, कार्यकर्ताओं को बहुत काम करना होगा। वोट बनवाना, वोट बचाना, वोट पड़वाना और वोट गिनवाना। सभी कार्यों को लेकर सजग रहना होगा तभी लोकतंत्र और संविधान बचेगा। भाजपा को हराकर उत्तर प्रदेश को बचाना है। सपा के प्रदेश मुख्यालय में बुलंदशहर और हापुड़ से आये नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में लूट की पराकाष्ठा है। हर विभाग, हर कार्य में भ्रष्टाचार हैं। भाजपा भूमाफिया पार्टी है। भाजपा के नेता जिलों-जिलों में सरकारी जमीनों, तालाबों, गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी सभी परेशान है। आम जन मानस भाजपा के खिलाफ है। भाजपा सरकार में पीडीए समाज का लगातार अपमान हो रहा है। यह सरकार पीडीए समाज को अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को हटाकर सपा की सरकार बनाने को तैयार है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की कोई चाल नहीं चल सकेगी।

**भाषाओं का सम्बन्ध धर्म से नहीं : सपा अध्यक्ष :** वहीं सपा के राज्य मुख्यालय में रविवार को हिन्दी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी को हिन्दी दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर अखिलेश ने पूर्व सांसद एवं कवि उदय प्रताप सिंह का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विश्व की समृद्ध भाषाओं में हिन्दी का प्रमुख स्थान है। आजादी के आंदोलन में हिन्दी का बड़ा योगदान रहा है। इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। हिन्दी समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाली भाषा है। सभी भारतीय भाषाएं समान है। सभी भारतीय भाषाओं का विकास होना चाहिए। भाषाओं का सम्बंध धर्म से नहीं है। अखिलेश यादव ने याद दिलाया कि मुलायम सिंह यादव ने भारतीय भाषाओं के विकास के लिए बहुत काम किया था। अंग्रेजी पर निर्भरता कम की। प्रचार, प्रसार और सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा दिया। महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया हिन्दी भाषा के पक्षधर थे। अखिलेश यादव ने कहा कि पहले पीसीएस परीक्षायें अंग्रेजी में होती थी, सपा सरकार में मुलायम सिंह ने हिन्दी भाषा में भी पीसीएस परीक्षा देने का प्रावधान किया था।

## अखिलेश ने दो मेधावियों को दिये लैपटॉप



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से उजमा बानो और शैलेश सिंह चौहान दो मेधावियों ने भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। अखिलेश यादव ने उन्हें लैपटॉप दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इन मेधावियों का कहना था कि अखिलेश जैसा विजन किसी और नेता में नहीं है। उन्होंने जो लैपटॉप दिया उसके लिए सराहना के शब्द काफी नहीं होंगे। इस अवसर पर फखरूल हसन चांद, पूर्व ब्लाक प्रमुख दद्न खां, जुबैर आजमी, मोहम्मद आमिर तथा सुशील चौहान ने भी अखिलेश यादव से भेंट की और उन्हें 2027 में सपा की जीत तथा उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

# योगी सरकार की अनूठी पहल : श्रमदान से विद्यार्थी सजायेंगे विद्यालय और छात्रावास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक और अभिनव कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर प्रदेश के सभी जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों और राजकीय छात्रावासों में प्रत्येक रविवार श्रमदान कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और श्रम के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है।

**परिसर की साफ-सफाई और मरम्मत कार्य:** श्रमदान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक रविवार को विद्यालय और छात्रावास परिसर की साफ-सफाई की जाएगी। टूटी हुई कुर्सियाँ, मेज और अन्य फर्नीचर की मरम्मत, पानी की टंकियों व नालियों की सफाई तथा कचरा निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आवश्यक उपकरण—झाड़ू, फावड़े, बाल्टी, तसला और कूड़ेदान—की व्यवस्था पहले से कर दी गई है।

- **सर्वोदय विद्यालयों व छात्रावासों में शुरू हुआ श्रमदान अभियान**
  **हर रविवार होगा श्रमदान, विद्यार्थी खुद सजायेंगे अपना परिसर**
- **अनुशासन, सहयोग और जिम्मेदारी की सीख देंगे श्रमदान कार्यक्रम**
- **सदनवार जिम्मेदारी से बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा और स्वच्छता की ललक**
- **बागवानी से विद्यालयों में खिलेगी हरियाली और पर्यावरण चेतना**

**बागवानी से हरियाली को बढ़ावा:** बागवानी पर जोर देते हुए पेड़-पौधों की निराई-गुड़ाई, नए पौधों का रोपण और सूखे पत्तों व टहनियों से खाद बनाने का कार्य भी किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना मजबूत होगी।

**सदनवार जिम्मेदारी और डिजिटल मॉनिटरिंग :** विद्यालयों को सदनों में बाँटकर श्रमदान की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागेगी और परिसर को सुंदर बनाने की प्रेरणा मिलेगी। श्रमदान कार्य की पहले और बाद की तस्वीरें निर्धारित प्रारूप में दफ्कोड के माध्यम से अपलोड की जाएंगी।

# सेवा पर्व को 'स्वच्छ उत्सव' के रूप में मनायेगा वन विभाग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पर्व को वन विभाग 'स्वच्छ उत्सव' के रूप में भी मनाएगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक विरोधी अभियान, पक्षी अभयारण्यों में खर-पतवारों की सफाई के लिए भी आयोजन किया जाएगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण आदि विषयों पर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने इस संबंध में मुख्यालय व जनपद स्तर पर सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। वहीं अभियान की देखरेख के लिए शासन व विभाग स्तर पर नोडल अधिकारी को भी नामित किया गया है।

17 सितंबर से दो अक्टूबर तक होने वाले सेवा पर्व के समन्वय व निगरानी के लिए शासन स्तर पर उप्र के पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव सुशांत शर्मा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

वहीं वन विभाग ने विभागीय स्तर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (परियोजना) रामकुमार को आयोजन की सफलता के लिए नोडल अधिकारी नामित किया है। श्री चौधरी ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती (25 सितंबर) को प्रत्येक जनपद में पौधरोपण कार्यक्रम होगा।

- **17 सितंबर से दो अक्टूबर तक विभाग चलायेगा विशेष स्वच्छता अभियान**
  **पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर पर भी हर जनपद में होगा पौधरोपण**
- **शासन स्तर पर नोडल अधिकारी बने सचिव पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन**
- **वन विभाग ने विभाग स्तर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (परियोजना) को नामित किया नोडल अधिकारी**

वन विभाग की ओर से आमजन, संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों को पौधा उपलब्ध कराया जाएगा। पं. उपाध्याय की जन्मदिवस पर एक घंटे का वृहद कार्यक्रम किया जाएगा। इसमें सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों, एनजीओ, रोटरी-लायंस क्लब, ग्राम पंचायत सदस्यों, शिक्षकों, उद्योगपतियों, मेडिकल एसोसिएशन आदि को भी शामिल किया जाएगा। साथ ही वन विभाग की सहयोगी संस्थाएं बाघ मित्र, सारस मित्र, वेटलैंड मित्र आदि भी इस कार्यक्रम की वाहक बनेंगी।

**15 लाख पौधरोपण अभियान को भव्य बनाने को सौंपी गई जिम्मेदारी :** पौधरोपण महाभियान-2025 के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि सेवा पर्व के दौरान प्रदेश में 15 लाख पौधरोपण होंगे। सेवा पर्व का शुभारंभ 17 सितंबर को होगा। इसमें सभी 34 नगर वन में कम से कम 100 पौधे रोपित किए जाएंगे। इसमें जनसहयोग, स्वयंसेवी संगठनों, स्कूलों, ईको क्लब, स्वयं सहायता समूह, सिविल सोसायटी आदि का भी सहयोग रहेगा। जिलाधिकारी, नगर विकास व अन्य विभागों से परामर्श कर स्थल का चयन किया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों, नदी के कैचमेंट, तालाबों के किनारे आदि स्थानों पर पौधरोपण अभियान को प्राथमिकता दी जाएगी। आयोजन में महापौर, सांसद, विधायक समेत सभी जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रहेगी। विभाग ने हर जनपद में नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही नवाचार पर भी जोर दिया है।

# हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति को मिले : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को चित्रकूट धाम में भगवान कामतानाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान मंदिर के व्यवस्थापक संत मदन गोपाल दास ने उप मुख्यमंत्री को भगवान का चित्र, श्री राम चरित मानस और प्रसाद भेट किया।

- **उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चित्रकूट धाम में किया दर्शन पूजन**
- **अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्यों में गति लाने के दिये निर्देश**

वहीं, चित्रकूट जिला मुख्यालय में संविधान सभा के सदस्य, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ रतनप्पा कुम्हार की 116वीं जयंती मनायीं गयी, जिसमें केशव प्रसाद मौर्य ने समाज के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाले युवाओं और होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया और कुंभकार महासभा के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय प्रजापति सम्मेलन को सम्बोधित किया।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चित्रकूट स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह सभागार में जिले में कराये जा रहे विकास कार्यों/निर्माण कार्यों मे गति लाने के लिए अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। निर्देश दिये कि सोशल सेक्टर की हर योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए। निर्माण कार्यो मे और अधिक गति लाने के निर्देश दिये। कहा कि जनप्रतिनिधि को अधिकारी व कर्मचारी उचित सम्मान दे, जनता की समस्यायें पूरी गम्भीरता व संवेदनशीलता के साथ सुने, समस्याओं का यथोचित व समयबद्ध समाधान करे, जो प्रकरण उनके स्तर से हल होने वाला न हो, उसके बारे मे समस्या लाने वाले व्यक्ति को वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए उसे पूरी तरह संतुष्ट करने का हर सम्भव प्रयास करें।



उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना, सांसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन, जीरो पॉवर्टी उत्तर प्रदेश, मनरेगा सोशल ऑडिट, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल करते हुए उन्होंने चित्रकूट के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चित्रकूट आकांक्षी जिला है, विकास कार्य सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए। जनता व जनप्रतिनिधियो की जो भी समस्याएं हो, उसका समाधान सभी अधिकारी अवश्य करें। चित्रकूट आकांक्षी जिला है, यहां पर पर्यटन विकास को लेकर भगवान कामतानाथ जी की तीर्थ नगरी में चित्रकूट के विकास के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। इस दौरान सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीडीओ सत्य राम यादव, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, डीसी मनरेगा डीएन पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखिलेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## आज सड़क परियोजना की सौगात सौंपेंगे उपनेता प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रामपुरखास के उधरनपुर में ग्रामीणों को सड़क परियोजना की सौगात सौंपेंगें। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा स्वीकृत कराई गयी सड़क परियोजना का वै दिन में साढ़े तीन बजे भूमि पूजन करेंगें। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी दिन में साढ़े बारह बजे कटरा व पुरवारा में भी लोगों से मुलाकात करेंगें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## वांछित धराए, गये जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी समेत गम्भीर अपराधों में कोर्ट के वांछित दो आरोपियों को धर दबोचा। दरोगा सुमित कुमार वर्मा रविवार को फोर्स के साथ गस्त पर निकले थे। आरोपी जैनपुर निवासी आशीष गौतम पुत्र संजय कुमार तथा पूरे पंडित खालसा निवासी शिवलाल वर्मा पुत्र रामप्रसाद को पुलिस ने घर के समीप से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया।

## शिक्षक का निधन जताया गया शोक

प्रतापगढ़। लीलापुर क्षेत्र के तेजगढ़ झाऊ का पुरवा निवासी शिक्षक सुदीप पांडेय(52) का गम्भीर बीमारी के चलते शनिवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। वह पिछले कई माह से अस्वस्थ्य थे। उनका लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। वह संडवा चंद्रिका ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बरिस्ता में खेल शिक्षक थे। शिक्षक के निधन पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश सिंह, सवपा नेता संजय पांडेय, पूर्व प्रमुख संजय तिवारी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, अरूण शुक्ला, अनिल शुक्ला, प्राशिसं के जिलाध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, राजीव मिश्र, विनय सिंह, शाह आलम, राकेश सिंह, निर्भय सिंह, सुधीर मिश्रा, रामानन्द मिश्र, रामकुमार सिंह, सुशील सिंह, राजकुमार मिश्र आदि ने दुख जताया है।

## पद्म विभूषण छन्नूलाल मिश्र बीएचयू अस्पताल रेफर

मिर्जापुर। पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित गायक छन्नूलाल मिश्र को हृदय संबंधी समस्या के बाद वाराणसी के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज (मिर्जापुर) के प्राचार्य के निजी सहायक डॉ. राजेश बिंद ने शनिवार देर रात कहा कि कोई बड़ी समस्या नहीं है, फिर भी एहतियात के तौर पर उन्हें बीएचयू अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया है। चिंता की कोई बात नहीं है। इससे पहले शनिवार को मिश्र (89) को इलाज के लिए मिर्जापुर के रामकृष्ण मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के गायक मिश्र इससे पहले हीमोग्लोबिन की कमी और त्वचा संबंधी समस्याओं का इलाज करा रहे थे। मां विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम मिश्र के स्वास्थ्य की देखभाल कर रही थी। मिश्र की बेटी नम्रता मिश्र ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके पिता की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। मिश्र के रक्त और मूत्र की जांच में हीमोग्लोबिन कम पाया गया।

## आभूषण व्यापारी से लूटे लाखों रुपये के जेवर

मुजफ्फरनगर । मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना थाना क्षेत्र में हथियारों से लैस बदमाशों ने रविवार को एक आभूषण विक्रेता से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण, एक मोबाइल फोन और नकदी लूट ली। पुलिस के अनुसार, बुढ़ाना थाना क्षेत्र के बुढ़ाना-हबीबपुर मार्ग पर आभूषण विक्रेता नेम चंद मोटरसाइकिल से अपनी दुकान जा रहे थे, तभी रास्ते में बदमाशों ने उनके साथ लूटपाट की। नेम चंद्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोका और बंदूकों के बल पर लाखों रुपये कीमत के सोने, चांदी के जेवर, मोबाइल फ़ोन और चार हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए।

## छात्र की हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार

# पेचकस से गोदकर की थी छात्र की हत्या



जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। खेसरहा थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय छात्र की हत्या का मामला सुलझा लिया गया है। पुलिस ने मृतक के दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। मृतक आकाश गुप्ता बनुहिया बुजुर्ग का रहने वाला था और स्थानीय इंटर कॉलेज में 12वीं का छात्र था। 12 सितंबर को विशम्भर राय के बगीचे में आकाश का शव मिला था। शरीर पर गहरे चोटों के निशान थे और चेहरा खून से लथपथ था। पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की। 13 सितंबर को पचमोहनी के शैलेश यादव को गिरफ्तार किया गया। अगले दिन सुहई कनपुरवा मोड़ से निखिल राय को भी पकड़ा गया।

पूछताछ में पता चला कि तीनों दोस्त पहले मुंबई में साथ काम करते थे। आकाश ने शैलेश से 12 हजार रुपए उधार लिए थे। वह पैसे नहीं लौटा रहा था। इसके अलावा आकाश का निखिल की प्रेमिका से संपर्क था। इन दोनों कारणों से दोनों आरोपियों ने हत्या की योजना बनाई। वारदात के दिन दोनों आरोपी आकाश को बहाने से बुला कर ले गए। उसे नशीला पदार्थ दिया। फिर शैलेश की लाल मोटरसाइकिल पर बैठाकर बगीचे में ले गए। वहां प्लास और पेचकस से हमला कर उसकी हत्या कर दी। आरोपियों ने मृतक के गले से सोने की चेन और जेब से 12 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार और सोने की चेन बरामद कर ली है। मृतक का टूटा मोबाइल भी कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस मोबाइल का डेटा रिकवर करने की कोशिश कर रही है।

## आपके बहुमूल्य विचार से तैयार होगा यूपी का रोडमैप

- समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान में प्रबुद्धजनों ने रखें विचार

मेरठ। समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान की जनजागरूकता हेतु आज चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में शासन द्वारा नामित समिति नोडल अधिकारी ,प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, नामित प्रबुद्धजन सेवानिवृत्त मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र, सेवानिवृत्त शिक्षाविद् जे0एस0 राजपूत, सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी ओमवीर सिंह, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता अरूण कुमार की उपस्थिति में स्वयं सहायता समूह ,एमएसएमई हथकरघा इकाईयों ,स्टार्टअप ,इनोवेटर्स ,राष्ट्रीय-राज्य पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियो, खेल जगत में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त खिलाडियो एवं अपनी विधा में ख्याति प्राप्त अन्य बुद्धिजीवियो, श्रमिक संगठनो आदि के प्रतिनिधियो-पदाधिकारियो के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल अधिकारी ,प्रमुख सचिव नगर विकास, नामित प्रबुद्धजनो सेवानिवृत्त मुख्य सचिव, सेवानिवृत्त शिक्षाविद्, सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता, जिलाधिकारी, सीडीओ द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिलाधिकारी ने सेवानिवृत्त मुख्य सचिव, नोडल अधिकारी ,प्रमुख सचिव नगर विकास, नामित प्रबुद्धजनो सेवानिवृत्त शिक्षाविद्, सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता का शॉल ओढाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा परिसर में विभिन्न विभागो द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। नोडल अधिकारी ,प्रमुख सचिव नगर विकास ने वर्ष 2017 से वर्ष 2025 तक की समस्त विभागो की योजनाओ की प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है।

## डॉ. श्रीजल की असाधारण सफलता एफएमजीई परीक्षा में लहराया परचम



सिद्धार्थनगर। डा 0 श्रीजल ने एफ0एम0जी0ई0 की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने नाम व घर परिवार सहित जनपद के नाम का परिचम लहराया है, डा0 श्रीजल की इतनी बड़ी सफलता को असाधारण सफलता माना जा रहा है, ऐसे में जिले में खुशी की लहर तब दौड़ गई जब यह समाचार मिला कि सुश्री डॉ. श्रीजल ने प्रतिष्ठित एफएमजीई परीक्षा, जो भारत में चिकित्सा अभ्यास करने के लिए विदेशी चिकित्सा स्नातकों के लिए अनिवार्य है, को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लिया है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। डॉ. श्रीजल की यह सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि उन्होंने इससे पहले एफएमजीई में शीर्ष स्थान प्राप्त करके अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि अटूट लगन, कड़ी मेहनत और मजबूत इच्छाशक्ति के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है, चाहे परिस्थितियां कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों। डॉ. श्रीजल न केवल एक मेधावी छात्रा हैं, बल्कि वे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। उन्होंने मिंस्क में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित कविता पाठ में भी सर्टिफिकेट प्राप्त किया, जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रमाण है। साथ ही, उन्होंने विश्वविद्यालय में भी टॉप किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनेच बाबा राजेंद्र प्रसाद पाठक को अपना प्रेरणा स्रोत और पिता अजय कुमार पाठक को अपना आदर्श बताते हुए दिया श्रेय दिया है। उनकी सफलता में उनके नानी के साथ नाना , डॉ. हरीश चंद्र त्रिपाठी का विशेष मार्गदर्शन और सहयोग रहा है, साथ ही उन्होंने अपनी नानी, स्वर्गीय विजयलक्ष्मी त्रिपाठी के आशीर्वाद और प्रेरणा को भी महत्वपूर्ण बताया है।

## बिजली समस्या को लेकर किया विरोध -प्रदर्शन



प्रतापगढ़। बिजली की लगातार आवाजाही एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं का पोस्टपेड मीटर के जरिए उत्पीड़न आदि को लेकर जनवादी किसान सभा एवं महिला व मजदूर सभा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने रविवार को धरना प्रदर्शन किया। सगरा सुंदरपुर क्षेत्र के गोविन्दापुर गांव में बड़ी संख्या में जुटे प्रदर्शन कारियों ने बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर नारेबाजी भी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान टांसफार्मरों पर हो रहे ओवर लोडिंग की भी समस्या के समाधान की आवाज उठाई गयी। धरने के दौरान जिलाध्यक्ष जलवर्षा, सितारा देवी, कन्या, सुदामा, दीपक, आशीष, रामबरन, मुन्ना, सुनील गौतम, इंदिरा देवी, सरला देवी, माधुरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### टाउन में वार्ड को ग्रामीण रोस्टर की बिजली मिलने पर आक्रोश

प्रतापगढ़। बिजली की समस्या को लेकर लालगंज क्षेत्र में भी लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लालगंज नगर पंचायत के अझारा वार्ड व सांई की कुटी में बिजली की आपूर्ति लालगंज टाउन से नही हो रही है। दोनों वार्ड नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा में है। इसके बावजूद इन वार्डों में ग्रामीण रोस्टर की आपूर्ति के कारण बिजली दिन और रात कटौती का दंश झेल रही है। इससे दोनों वार्ड के शहरियों में आक्रोश है। समस्या को लेकर शनिवार को रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को दोनों वार्ड के सैकड़ों लोगों ने मिलकर ज्ञापन भी सौंपा है। इस पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज के अधिशासी अभियन्ता को इन दोनों वार्डों में मानक के अनुसार टाउन फीडर से आपूर्ति सुनिश्चित कराने को कहा। इस मौके पर धर्मपाल, पं. देवानन्द मिश्र, अनिल पांडेय, श्रीश पांडेय, छोटेलाल सरोज, सत्यम मिश्र, अनुराग मिश्र, राहुल पांडेय, मो. आजाद, प्रियम मिश्रा, बलराम त्रिपाठी, नितिन मिश्र आदि रहे।

## देश की एकता और अखंडता की आवाज है हिंदी : प्रो. ओझा

### हिन्दी दिवस पर हुए विविध आयोजन, महिमा का हुआ बखान



प्रतापगढ़। स्थानीय सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर कवि गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दिखीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो. शिवाकान्त ओझा ने कहा कि देश की एकता व अखंडता के लिए हिन्दी राष्ट्रभाषा के रूप में समाहत होनी चाहिए। प्राचार्य डॉ. अमित कुमार सिंह ने राष्ट्रभाषा हिन्दी की दशा एवं दिशा पर विषय प्रवर्तन रखा। कार्यक्रम में साहित्यकार डॉ. अनुज नागेन्द्र, हरिबहादुर सिंह हर्ष व डॉ. बच्चा बाबू वर्मा ने हिन्दी की महिमा पर काव्य पाठ कर समारोह को गरिमा प्रदान किया। वहीं प्रभात तिवारी एवं सौरभ तिवारी व लकी यादव ने सरस्वती वंदना एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागध्यक्ष डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी ने किया। स्वागत भाषण निदेशक डॉ. संदीप कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर डॉ. रविकान्त कौशल, दुर्गेश विश्वकर्मा, डॉ. प्रकाश सिंह, डॉ. नीता त्रिपाठी, डॉ. आशुतोष शुक्ल, डॉ. धर्मेंद्र बहादुर सिंह आदि रहे। इधर हिन्दी दिवस पर तहसील परिसर में हिन्दी मित्र संघ के बैनर तले हुए कार्यक्रम में हिन्दी को राष्ट्रभाषा के संवैधानिक दर्जे की मांग उठाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन मित्र संघ के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया है। इस मौके पर विपिन शुक्ला, विकास मिश्रा, मित्र एशोसिएशन के अध्यक्ष सत्यम मिश्र, आचार्य राजेश मिश्र आदि रहे।

## पीस कमेटी की बैठकें आयोजित



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में आगामी दुर्गा पूजा, मूर्ति स्थापना/विसर्जन, दशहरा, रामलीला एवं रावण दहन को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद श्रावस्ती के थाना सोनवा, थाना सिरसिया एवं थाना नवीन मॉर्डन में पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गई। थाना सोनवा परिसर में बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी जमुनहा, क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान एवं थानाध्यक्ष सोनवा ने की। थाना सिरसिया में बैठक उपजिलाधिकारी भिनगा एवं थानाध्यक्ष सिरसिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। वहीं थाना नवीन मॉर्डन परिसर में बैठक प्रभारी निरीक्षक नवीन मॉर्डन ने संपन्न कराई। बैठकों में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों एवं आयोजन समिति पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान शासन-प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी से अवगत कराते हुए त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने की अपील की गई। उपस्थित आयोजकों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि वे भाईचारे व गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को कायम रखते हुए त्यौहार मनाएंगे और हर सम्भव सहयोग करेंगे। बैठकों में यह भी तय किया गया कि त्योहारों के दौरान शासन-प्रशासन के दिशा-निदेशों का पूर्ण पालन होगा ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे। गौरतलब है कि बैठकों में कहीं से भी किसी प्रकार की कोई समस्या या आपत्ति सामने नहीं आई। सभी ने शांति, सौहार्द एवं आपसी सहयोग से त्योहार सम्पन्न कराने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में थाना मल्हीपुर पुलिस ने पीएसी बल के साथ क्षेत्र में रूट मार्च कर लोगों को शांति व सुरक्षा का संदेश दिया और अपील की कि त्योहारों को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं।

# बरसात में कीचड़ से पटा ग्राम शिवजोत का मुख्य मार्ग

- बीमारों को चारपाई पर ले जाने को मजबूर ग्रामीण
- ग्रामीणों ने दर्ज करायी शिकायत पर नहीं हुई कोई कारवाई

एसपी सिंह परिहार



**इकौना (श्रावस्ती)।** योगी सरकार के सात वर्षों के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश के गांव-गांव तक सड़क, खड़ंजा, नाली, बिजली और खाद्यान्न,स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं पहुंची है इससे इनकार नहीं किया जा सकता। श्रावस्ती जैसे आकांक्षी जनपद में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से विकास कार्य धरातल पर भी उतरे हैं श्रावस्ती कई मामलों में आज शीर्ष पर है। लेकिन, दिया तले अंधेरा की कहावत इकौना विकासखंड के ग्राम शिवजोत मजरा बैजपुर पर सटीक बैठती है। करीब 400 से अधिक आबादी वाला यह गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस समय पूरे प्रदेश में विकास की गंगा गंगा बह रही है उस समय उनका गांव बदहाली के अंधेरे में जीने को मजबूर है। गांव का मुख्य मार्ग बरसात शुरू होते ही दलदल का रूप ले लेता है। जगह-जगह पानी भर जाता है और कीचड़ इस कदर फैल जाता है कि लोगों को टखनों तक कीचड़ में डूबकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार यह स्थिति कई वर्षों से लगातार बनी हुई है। बारिश के दिनों में न तो कोई वाहन गांव में प्रवेश कर पाता है और न ही ग्रामीण आसानी से बाहर निकल पाते है। स्थिति इतनी गंभीर है कि यदि कोई बीमार पड़ जाए तो मरीज को गांव से बाहर ले जाने के लिए परिजन उसे कंधे या चारपाई पर रखकर कीचड़ से बाहर निकालते हैं।

कई बार यह देरी मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है। वहीं, स्कूली बच्चों को रोजाना इसी कीचड़ से होकर स्कूल जाना पड़ता है। भीगते कपड़े और गंदे जूते बच्चों के लिए पढ़ाई से ज्यादा परेशानी का सबब बन जाते हैं। ग्राम निवासी मनोज कुमार शुक्ला का कहना है कि विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हुआ है। सरकार से आने वाला धन कहीं और चला जाता है और गांव की हालत जस की तस बनी रहती है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायत दी और पोर्टल पर ऑनलाइन भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक किसी स्तर पर ठोस कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामीणों ने विधायक और जिलाधिकारी श्रावस्ती से सीधे हस्तक्षेप करने की अपील की है। उनका कहना है कि हमारी दशा केवल विधायक और जिलाधिकारी के सख्त कदम उठाने से ही बदल सकती है। जब तक प्रशासन गंभीरता नहीं दिखाएगा, तब तक गांव की तस्वीर बदलना नामुमकिन है।

## पीस कमेटी की बैठक संपन्न



श्रावस्ती। थाना नवीन मॉर्डन परिसर में आगामी त्यौहारों–विश्वकर्मा पूजा, दुर्गा पूजा (मूर्ति स्थापना व विसर्जन), दशहरा, रामलीला तथा रावण दहन–को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक शंभु सिंह ने शासन-प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी से सभी आयोजकों को अवगत कराया और त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने की अपील की। उपस्थित सभी आयोजकों व गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को आश्वासन दिया कि वे पूर्ण सहयोग करेंगे और त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होंगे। बैठक में कहीं से भी किसी प्रकार की समस्या नहीं बताई गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधानों सहित,दुगार्पूजा समिति,रामलीला कमेटी, कार्यकताओं के बीच छेत्र वा गांव के समाजसेवी और गणमान्य उपस्थित रहे।

## जैन मंदिर में गरिमामय क्षमावाणी पर्व सम्पन्न



कटरा श्रावस्ती। दिगंबर जैन मंदिर में क्षमावाणी पर्व का आयोजन भव्यता, श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा मुख्य अतिथि तथा जिलाधिकारी श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वातावरण में सद्भावना, आत्ममंथन, नैतिकता, परिष्कार और त्याग की भावनाएं गुंजायमान रहीं। सभा को संबोधित करते हुए दद्दन मिश्रा ने कहा कि जैन समाज हमारे देश का अग्रणी, संस्कारित, मर्यादित और प्रेरणास्त्रोत समाज है। इस समाज ने सदैव अहिंसा, परोपकार, समभाव, संयम, सहिष्णुता, समर्पण और तपस्या जैसी मानवीय भावनाओं को जीवंत रखा है। उन्होंने कहा कि क्षमावाणी पर्व हमें आत्मशुद्धि, परिष्कार, नैतिकता और त्याग की दिशा में प्रेरित करता है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रावस्ती पावन नगरी है, जहां भगवान संभावनाथ का जन्म, तप और कल्याण तीनों कल्याणक हुए हैं। यह तीर्थ स्थल पवित्र, गौरवशाली, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्रेरणादायी, दार्शनिक और विशिष्ट महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप इसके विकास, संरक्षण और उज्ज्वल भविष्य हेतु हम सभी प्रतिबद्ध हैं। समिति अध्यक्ष संजीव कुमार जैन ने बताया कि यह पर्व दशलक्षण महापर्व के समापन पर मनाया जाता है। दस लक्षण झ उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आर्किंचन और ब्रह्मचर्य पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। मंदिर परिसर में प्रतिदिन अभिषेक और विश्वशांति हेतु शांति धारा हुई। शाम को सामूहिक आरती, प्रवचन और धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भक्तों ने भगवान और जिनवाणी माता से क्षमा याचना की तथा आपस में सद्भाव व क्षमाशीलता का भाव प्रकट किया। कार्यक्रम में अतुल जैन, संजय जैन, मोहित जैन, मयंक जैन, कन्हैयालाल, कमल प्रवीण जैन समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जैन समाज के बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर विषयक नुक्कड़ नाटक और गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावविभोर और प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर महेंद्र जैन, प्रकाश जैन, सुनील जैन, नवीन जैन, पिंटू जैन, सुरेंद्र जैन, संजीव जैन समेत अनेक जैन परिवार मौजूद रहे।

## गुमशुदा लड़की को लेने गयी पुलिस टीम पर हमला



सिद्धार्थनगर- बांसी में एक अजीब घटना सामने आई है। संतकबीर नगर की धर्मसिंहवा थाना पुलिस और एक गुमशुदा लड़की के परिजन जब उसे लेने पहुंचे, तो स्थानीय लोगों ने उन्हें चोर समझ लिया। घटना शनिवार की रात 11:30 बजे की है। नगर पालिका कार्यालय के पास अकबर नगर में स्थानीय लोगों ने गाड़ी को रोक लिया। लोगों ने लाठी-डंडों से गाड़ी पर हमला कर दिया। गाड़ी में सवार महिला सिपाही और लड़की के परिजन लगातार स्थिति समझाने की कोशिश करते रहे। लेकिन भीड़ ने एक न सुनी और गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। दरअसल, धर्मसिंहवा थाने में एक लड़की की गुमशुदगी दर्ज थी। लड़की ने अपने परिजनों को फोन कर बताया कि वह बांसी में है। किराए के पैसे न होने के कारण वह घर नहीं लौट पा रही थी। इस पर लड़की का पिता, भाई और धर्मसिंहवा थाने की महिला सिपाही उसे लेने पहुंचे थे। महिला सिपाही ने तुरंत बांसी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। गाड़ी में बैठे लोगों की पहचान कराने के बाद मामला शांत हुआ। क्षेत्राधिकारी बांसी मयंक द्विवेदी ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

## 50 दिन में 20 चोरी और 6 लूट



सिद्धार्थनगर- जिले में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। कोतवाली ढेवरूवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसवा उर्फ शिवभारी में रविवार तड़के तीन बजे चोरों ने मजदूर संदीप गौतम के घर को निशाना बनाया। चोर दरवाजा तोड़कर घर में घुसे। वे नगदी समेत जरूरी सामान लेकर फरार हो गए। संदीप मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उन्होंने वर्षों में पाई-पाई जोड़कर पूंजी बचाई थी। चोरी की इस घटना से पूरे गांव में आक्रोश है। जिले में पिछले 50 दिनों में 20 से अधिक चोरी और 6 से ज्यादा लूट की वारदातें हुई हैं। पुलिस कुछ ही मामलों का खुलासा कर पाई है। हर घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचती है। वह जांच का आश्वासन देती है, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकलता। गांव वालों का कहना है कि लगातार हो रही चोरियों से उनका जीना मुश्किल हो गया है। लोग रात में सो नहीं पा रहे हैं। महिलाएं और बुजुर्ग हर आहट से डर जाते हैं। संदीप के घर हुई चोरी से लोगों की चिंता बढ़ गई है। यह घटना बताती है कि गरीब भी अपराधियों के निशाने पर हैं। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने पहले कभी इतनी तेजी से अपराध नहीं बढ़ते देखे। पहले चोरियां कम होती थीं और चोर पकड़े भी जाते थे।

## अफवाहों पर रोक के लिए प्रशासन सक्रिय



सिद्धार्थनगर- अफवाहों के कारण निर्दोष लोगों की पिटाई की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने कदम उठाया है। रविवार दोपहर लगभग 2 बजे तहसील सभागार में एसडीएम निखिल चक्रवर्ती और सीईओ मयंक द्विवेदी ने मीडियाकर्मियों के साथ विशेष बैठक की। हाल के दिनों में रात के समय मानसिक रूप से विक्षिप्त और अनजान लोगों को भीड़ द्वारा चोर समझकर पीटने की घटनाएं सामने आई हैं। इस समस्या से निपटने के लिए दोनों अधिकारियों ने मीडियाकर्मियों से महत्वपूर्ण अपील की है। अधिकारियों ने मीडिया से कहा कि किसी भी अफवाह को बिना पुष्टि के प्रसारित न करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई संदिग्ध या अनजान व्यक्ति दिखे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और अफवाहों पर अंकुश लगाना है।

संक्षेप

## सपा की मासिक बैठक संपन्न



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के फुटहवाइनार स्थित पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन विधानसभा अध्यक्ष दयानंद विद्रोही की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी गोरखपुर के जिलाध्यक्ष माननीय बृजेश कुमार गौतम रहे। कार्यक्रम का संचालन बबलू अंसारी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी दमदारी के साथ उतरेगी। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे अभी से प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट की तैनाती कर संगठन को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 में चौरीचौरा से पार्टी का विधायक बनाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। उक्त अवसर पर दयाशंकर निषाद, नरसिंह यादव, मारकंडे यादव, श्यामदेव निषाद, डॉ. विशाल सिंह, लालमन काका, अशोक चौहान, गणेश पासवान, शिव प्रसाद चौरसिया, रंजीत पासवान, सद्दाम, सागर यादव, सुनील गुप्ता, गुलाब यादव, अनिल रावत, अलबेला यादव, मनोज गौतम, रामविलास यादव, फखरुद्दीन, रामाश्रय, गुलाब, पन्नेलाल और कपिल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मनबढ़ों ने गिरायी बाउंड्री, केस दर्ज

**सरहरी,गोरखपुर।** चिलुआताल थाना अन्तर्गत फर्टिलाइजर चौकी क्षेत्र के एक गाँव में मनबढ़ो द्वारा पूर्व निर्मित बाउड्री को गिरा दिय। विरोध करने पर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के तहरीर पर पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मिजार्पुर निवासी संगीता देबी पत्नी धर्मदास ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि 13 सितंबर को वह कुछ कार्य बस घर से बाहर गयी थी। दिन के लगभग एक बजे गाँव के ही श्याम सुन्दर , राजू , अभिषेक व सोनू जगमोहन निवासी उमरपुर मेरी आठ फिट उंचा एवं अस्सी फीट लम्बी दीवाल गिरा दिये। जब उनका बेटा इसका बिरोध किया तो उसको भी गाली देते हुये जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस तहरीर के आधार पर मनबढ़ो के खिलाफ सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## स्कूटी से निकली छात्रा लापता, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर चिलुआताल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक अत्य ब्यस्क छात्रा घर से गाँव में ही किराने की दुकान पर सामान लेने के लिए अपनी स्कूटी से निकली छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता। छात्रा घंटो बाद जब घर नही लौटी तो परिजन परेशान होकर इधर उधर ढूढ़ने का प्रयास किए, मगर सफलता न मिलने पर चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत कराया पुलिस केस दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। स्थानीय थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि 13 सितंबर को दिन के लगभग 12 बजे दिन में गाँव के ही किराने के दुकान पर कुछ सामान लेने अपने स्कूटी से कुछ सामान लेने निकली, मगर घर वापस न आने पर परिजन परेशान होकर इधर उधर ढूढने का प्रयास किये। मगर सफलता न मिलने पर चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत करा दिया पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल कर रही है छात्रा स्थानिय एक विद्यालय में कक्षा दश की छात्रा है।

**आवश्यकता है**

दुष्यंत सिंह भालेसुल्तान पीजी कॉलेज सादीपुर मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को परास्नातक विज्ञान संकायः- जन्तु विज्ञान-2 पद, रसायन विज्ञान-2 पद, गणित-2 पद

परास्नातक कला संकायः- अंग्रेजी-2 पद प्राचीन इतिहास स्नातक-1 पद।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने डॉक्यूमेंट के साथ विद्यालय में संपर्क करें।

**धनवंत सिंह**
**प्रबंधक**
**सम्पर्क सूत्र-8318708840**

# हाईटेंशन की चपेट में आई छात्रा की मौत

### निर्माणाधीन मकान की छत से सटे गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई छात्रा





**गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के मोगलहा में रविवार की दोपहर 12वीं की छात्रा अपने निमार्णाधीन मकान की छत पर हाईटेंशन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई। मां के सामने बेटी की करंट की चपेट में आने से तड़प-तड़पकर कर मौत हो गई। बेटी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मां का रोते-रोते बेसुध हो जा रही है। सूचना पर पुलिस पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, गुलरिहा क्षेत्र के राजी सेमरा नंबर दो निवासिनी शशिबाला मौर्या पत्नी स्व विजय मौर्या सरकारी विद्यालय में अध्यापिका हैं। शशिबाला क्षेत्र के मोगलहा स्थित जेमिनी पैराडाइज अपार्टमेंट के सामने एक मकान खरीदकर प्लास्टर का काम करवा रही थीं। रविवार की दोपहर 18 वर्षीय बेटी साक्षी उर्फ प्रज्ञा के साथ मकान का काम देखने गई थीं। बताया जा रहा है कि मकान की दूसरी मंजिल के चार फीट ऊपर से हाईटेंशन का तार गया है। साक्षी छत के ऊपर काम देखने गई थी और हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गई। इससे वह बुरी तरह झुलस गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साक्षी मोगलहा स्थित सेंट पॉल स्कूल में कक्षा 12वीं की छात्रा थी। पति के बाद अब बेटी की भी मौत हो जाने से शशिबाला रो-रोकर बेहाल हैं। वह बार-बार बेहोश हो जा रही हैं।

### छुट्टी के दिन काम देखने गये थे

शशिबाला मौर्य ने बताया कि मोगलहा में एक नया घर बन रहा है। रविवार को सबकी छुट्टी थी। इसलिए बच्चों के साथ निर्माण का काम देखने गई थी। दोनों बच्चे बहुत खुश थे। घर जाकर मैं ग्राउंड फ्लोर पर काम देख रही थी। तभी साक्षी छत देखने चली गई। दूसरी मंजिल की छत से वह नीचे झांक रही थी। घर के सामने से गए बिजली के खुले तार के टच में आकर वह तड़पने लगी। साक्षी को तड़पते देख सड़क से जा रहे लोग चिल्लाने लगे। शोर सुनकर मैं भी छत की तरफ दौड़कर गई। आसपास के लोगों ने प्लास्टिक के पाइप से मारकर साक्षी को बिजली के तार से अलग किया। लेकिन, तब तक वह दम तोड़ चुकी थी। बेटी को शशिबाला ने काफी हिलाया, झकझोरा। जब उन्हें एहसास हुआ कि बेटी की मौत हो गई है, तो वह चीखने-चिल्लाने लगी। बोली कि अब मैं बिल्कुल अकेली हो गई हूं।

*प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा विजय प्रताप सिंह ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है।*

*हाई टेंशन तार की चपेट में आने से युवती की मौत का मामला सामने आया है। मकान में निर्माण कराते समय उन लोगों को सूचना देनी चाहिए थी। परिवार को बिजली निगम की ओर से सहायता राशि दी जाएगी।*

*-लोकेंद्र बहादुर सिंह, अधीक्षण अभियंता, शहरी (गोरखपुर)*

## जिउतिया व्रतः पुत्र की लंबी उम्र के लिए माताओं ने रखा निर्जला व्रत



मझगांवा,गोरखपुर। आश्विन मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि यानि आज रविवार को माताओं ने जिवित्पुत्रिका का निर्जला व्रत रखा। माताओं ने मंदिरों पर विधि विधान से पूजा कर पुत्रों के सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु जीवन की कामना किया।

गगहा क्षेत्र में जिउतिया व्रत के अवसर पर माताएं अपने पुत्रों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना कर रही हैं। यह व्रत न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सांस्कृतिक और भावनात्मक रूप से भी माताओं की दृढ़ता और प्रेम का प्रतीक है। जिउतिया व्रत माताओं की असीम श्रद्धा और संकल्प का प्रतीक है, जो अपने पुत्रों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए कठिनाइयों का सामना करती हैं। यह व्रत हमें मातृत्व के उस महान स्वरूप को प्रदर्शित करता है, जहां एक मां अपने बच्चों की भलाई के लिए कठिनाइयों का सामना करती है।

## पुत्र के दीर्घायु की कामना लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चौरा भोपा, बाल बुजुर्ग नगर पंचायत मुण्डेरा बाजार आदि जगहों पर रविवार को पुत्र के दीघार्यु की कामना लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर जीवित्पुत्रिका व्रत रखा। तथा विधि विधान से जीमूतवाहन भगवान व बरियार के पौधे की पूजा अर्चना किया। इसके साथ ही साथ महिलाओं ने जीमूतवाहन भगवान तथा चील सियारन की कथा भी सुनी व सुनाई। जीवित्पुत्रिका व्रत के संबंध में पौराणिक कथाओं के आधार पर बताया जाता है कि भगवान श्री कृष्ण ने उत्तरा की गर्भस्थ शिशु का ब्रम्हास्त्र से मृत्यु होने के पश्चात शिशु का जन्म जन्म लेना आवश्यक समझ कर अपने सभी पुण्यों का फल उत्तरा की अजन्मी संतान को देकर उसको गर्भ में ही पुनः जीवित किया ।गर्भ में मरकर जीवित होने के कारण उसका नाम जीवित्पुत्रिका पड़ा। तथा आगे चलकर यही राजा परीक्षित बना। तभी से महिलाएं अपने पुत्र की दीघार्यु के लिए यह व्रत निर्जला रखकर विधि-विधान से पूजन अर्चन कर करती है।

## जर्जर मकान की छत गिरी, मलबे में दबकर चार मजदूर घायल

गोंडा। जिले में रविवार को एक जर्जर मकान की छत गिरने के कारण मलबे में दबकर चार मजदूर घायल हो गए। प्रशासन ने तत्काल सभी को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। एक मजदूर की हालत गंभीर बताई गई है। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि जिला मुख्यालय पर मेवातियान मोहल्ले के नूरी मस्जिद की गली में स्थित एक जर्जर मकान को कुछ मजदूर तोड़ रहे थे। उन्होंने कहा कि इस दौरान अचानक मकान की छत गिर गई, जिसके परिणाम स्वरूप भूतल पर काम कर रहे चार श्रमिक मलबे में दबकर घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने चारों मजदूरों इंजमाम, गुमरान, साहिल और शफीक को तत्काल मेडिकल कालेज भिजवाया। आयुक्त ने बताया कि एक मजदूर की हालत गंभीर है और तीन अन्य को हल्की चोट लगी हैं। उन्होंने बताया कि मलबे में किसी अन्य श्रमिक के दबे होने की संभावना नहीं है, लेकिन ऐहतियातन घटना स्थल की विधिवत जांच के लिए राज्य आपदा मोचन दल (एसडीआरएफ) की टीम बुलाई गई है। सदर क्षेत्र के उप जिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि शकील नामक व्यक्ति ने दोमंजिला मकान मोहल्ले के ही वसीम को बेचा था। मकान जर्जर होने के कारण उसे ध्वस्त करवाकर दोबारा बनवाने के लिए मजदूर लगाए गए थे, इस बीच हादसा हो गया। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## कृष्णा पटेल पांचवीं बार चुनी गयीं अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष

कौशाम्बी। कृष्णा पटेल रविवार को लगातार पांचवीं बार अपना दल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनी गयीं। सिराथू क्षेत्र में आयोजित पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में पटेल को सर्वसम्मति से लगातार पांचवीं बार पार्टी की अध्यक्ष चुना गया। यह अधिवेशन सिराथू के सैनी क्षेत्र स्थित कृषि मैदान में आयोजित किया गया। सिराथू सीट से विधायक और अपना दल (कमेरावादी) की वरिष्ठ नेता पल्लवी पटेल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह अधिवेशन उत्तर प्रदेश और देश की राजनीति में एक नया इतिहास रचेगा। पल्लवी ने 2022 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर सिराथू विधानसभा सीट जीती थी।

## बीहड़ वाले सैय्यद बाबा पर लंगर का आयोजन



इटावा। लाइन सफारी के पास स्थित बीहड़ वाले सैय्यद बाबा पर पीर जादे चमन ए मुईनुद्दीन कादरी ने कराया लंगर, वहां मौजूद सैंकड़ो अकीदतमदों ने मांगी अमन चैन की दुआएं करीब 850 सालों से बीहड़ वाले बाबा की मजार पर हर धर्म के लोग अपनी दिली मुराद (दुआ) मांगने पहुंचते है और लोगों की मुरादें पूरी भी होती हैं. यह दरगाह एक चमत्कारिक दरगाह मानी जा रही इस मजार के बारे में ऐसा कहा जाता है कि दो शेर अपनी पूछ से सालों से मजार की सफाई करते हैं और बीहड़ में गुम हो जाते हैं. यह दरगाह लाइन सफारी के पास बीचों- बीच बीहड़ में स्थित हैं। स्थानीय अतीकुर रहमान ने बताया कि हम अपने पूर्वजों से दरगाह के वारे में ऐसा सुनते आये है कि बीहड़ वाले सैय्यद बाबा की यह एक चमत्कारिक मजार है. इसके बारे में आम तौर पर यह बात प्रचलित है कि यहां पर बीहड़ से दो शेर रात के अंधेरे में आते हैं और मजार को अपनी पूछ से साफ करके वापस लौट जाते हैं. यह मजार वाकई में चमत्कारिक है. उनके यहां पर एक लंबे समय से अकीदतमदों का आने का सिलसिला चल रहा है और वह सब बाबा के चमत्कार के चलते ही संभव हो पा रहा है. पत्रकार अफसर पहलवान, मोहम्मद आमीन, इमरान खान आदि स्थानीय लोगों की मांग है कि बीहड़ वाले सैय्यद बाबा की मजार तक आने के लिए प्रशासन को साफ सुथरे रास्ते का निर्माण कराना चाहिए. ताकि अकीदतमंद सैय्यद बाबा के दर्शन करने मजार पर आसानी से पहुँच सके। पीर जादे चमन ए कादरी ने असर नमाज के बाद लंगर की फातिहा की और अल्लाह ताला से फिलीस्तीन, एवं पूरी दुनियां में रह रहे मुसलमानो के लिए अमन चैन के लिए दुआ मांगी एवं दरगाह पर मौजूद अकीदतमदों को बैठाकर लंगर खिलाया गया। इस दौरान उपस्थित रहे मुबीन खलीफा कादरी, अतीकुर रहमान, अफसर पलवान, इमरान फरीदी, हाजी अजीम वारिसी, शाहवाज खान, तस्लीम मंसूरी,रहीश, अभिषेक, पत्रकार शाहिद, इकवाल कुरैशी, जाहिद अंसारी आदि महिला पुरषों की उपस्थित रहे।

## कवयित्री ऋचा राय को हिंदी गौरव सम्मान -लखनऊ में हुआ समारोह



सैफई, इटावा। हिंदी साहित्य के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए इटावा की वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवयित्री ऋचा राय को लखनऊ में हिंदी गौरव सम्मान? से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्व साहित्य सेवा ट्रस्ट (रजि.) एवं निखिल प्रकाशन समूह, आगरा द्वारा आयोजित एक दिवसीय साहित्य उत्सव एवं राष्ट्रीय पुस्तक मेले के दौरान प्रदान किया गया। 13 सितंबर को राष्ट्रीय पुस्तक मेला, बलरामपुर गार्डन, अशोक मार्ग, लखनऊ में आयोजित इस साहित्यिक आयोजन में देशभर से साहित्यकार, लेखक, कवि और साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। हिंदी भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं साहित्यिक उत्थान पर विशेष ध्यान दिया गया। समारोह में कवयित्री ऋचा राय की साहित्यिक रचनात्मकता और हिंदी साहित्य के प्रति उनके योगदान की खुले दिल से सराहना की गई। उन्होंने बताया कि अब तक उनकी चार पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें 'अदृश्य शत्रु' पाठकों के बीच विशेष लोकप्रिय रही है। ऋचा राय ने यह भी कहा कि शुद्ध एवं परिष्कृत हिंदी के संरक्षण से हम अपने मृतप्राय होते शब्दों को बचाकर भारतीय सभ्यता के महत्वपूर्ण पहलुओं को आने वाली पीढ़ी तक सुरक्षित रूप से पहुंचा सकते हैं। विश्व साहित्य सेवा ट्रस्ट एवं निखिल प्रकाशन समूह के पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मानित कर उनकी साहित्य सेवा को सराहा। साथ ही, समारोह में मौजूद अन्य वरिष्ठ साहित्यकारों ने भी ऋचा राय को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। आयोजन के आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के साहित्यिक कार्यक्रम हिंदी भाषा के प्रति जनमानस में जागरूकता बढ़ाने और साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास हैं।

## उद्योग व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी बने बृजेश, सुशील सम्राट



इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के दो जिला मीडिया प्रभारी का ऐलान किया गया और टीम का विस्तार किया गया संतोष सिंह चौहान के द्धारा अपनी टीम का विस्तार करते हुए जिले में दो मीडिया प्रभारी नियुक्त किये गए जिसमें बृजेश पोरवाल एवं सुशील सम्राट को महत्वपूर्ण कार्य सोंपा गया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि जनपद में 121 सदस्य टीम काम कर रही है जिसमें दो मीडिया प्रभारी आज, बनाए गए हैं जिससे कि जनपद में मीडिया का कार्य प्रत्येक तहसील पर सुचारू रूप से हो सके, जिससे कि जिले में और नगर में कहीं भी कोई समस्या हो वह उजागर हो सके , और उसका निवारण जल्द से जल्द किया जा सके जिससे कि व्यापारियों को पूरा लाभ पहुंचे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर, जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला, जिला महामंत्री रमेश यादव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे, जिला उपाध्यक्ष शरद वाजपेई, शैलेंद्र सिंह राजावत , शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी कुशवाहा,सोमेश अवस्थी, जिला मंत्री इश्तियाक कुरैशी, एसपी सिंह तोमर, रौनक सिंह चौहान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे !

## आशा निकेतन में किशोरी दिवस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं



इटावा ।समाज कल्याण समिति इटावा के प्रांगण में किशोरी दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। किशोरी दिवस के कार्यक्रम में अनेक गांव से आई हुई किशोरियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पासिंग द रिंग,पासिंग द बॉल,सेव द बैलून, बोम्ब इन द सिटी आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत व कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता जैन व इटावा समाज कल्याण समिति के डायरेक्टर फादर रोशन,इटावा समाज कल्याण समिति समन्वयक सिस्टर रीता व आशा निकेतन प्राचार्या सिस्टर लाइसा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में किशोरियों द्वारा सामूहिक नृत्य,सामूहिक गीत व भाषण आदि कार्यक्रम संपादित किए गए। इसके साथ ही कार्यक्रम में पधारे हुए मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को आगामी जीवन के बारे में अवगत कराया गया व अपने प्रेरणादायक भाषण द्वारा किशोरियों को जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। इटावा समाज कल्याण समिति के डायरेक्टर फादर रोशन ने अपने शब्दों द्वारा किशोरियों को जीवन आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित व मार्गदर्शित किया। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथि व मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में इटावा समाज कल्याण समिति के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी हर व्यक्ति के लिए जरूरी : डॉ. रोहित श्रीवास्तव



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस पर 102 यूपी बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा ह्यफर्स्ट एड और जलवायु परिवर्तन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के प्राचार्य डॉ. रोहित श्रीवास्तव ने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्राथमिक चिकित्सा ही मरीज की संजीवनी है। किसी भी दुर्घटना में घबराएं नहीं बल्कि धैर्य के त्वरित सहायता करें। डॉ. रोहित ने प्राथमिक उपचार के लक्ष्य पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि प्राथमिक चिकित्सा में आपातकालीन स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने और सही प्राथमिक उपचार प्रदान करने की क्षमता को विकसित करने के लिए कैडेटों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आज की बदलती जलवायु परिवर्तन और बढ़ती आपदाओं के बीच फर्स्ट एड का ज्ञान हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य हो गया है। यह न केवल आपातकालीन स्थिति में दूसरों की मदद करने का माध्यम है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में फर्स्ट एड की ट्रेनिंग अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि हम जलवायु आपदाओं का सामना संगठित रूप से कर सकें।

कार्यशाला में प्रवक्ता आकाश वर्मा ने प्राथमिक उपचार के समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं प्राथमिक उपचार के तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने सीपीआर का डिमांस्ट्रेशन देकर व्यक्ति की जान बचाने का कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम संयोजक लेफ्टिनेंट (डॉ.) संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी कैडेटों के लिए प्राथमिक चिकित्सा न केवल एक कौशल है, बल्कि यह उनकी प्रशिक्षण प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यशाला का संचालन श्रद्धा उपाध्याय ने किया।

## हर पीड़ित व गरीबों की मदद करना ही जीवन का लक्ष्य : सरवन निषाद



जिला संवाददाता

चौरीचौरा, गोरखपुर। विधानसभा चौरीचौरा के नई बाजार निवासी राम निवास राजभर गुजरात के वड़ोदरा में मजदूरी करने गए थे ।जहां पर बीमारी की कारण शनिवार की रात में उनकी मृत्यु हो गई ।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ।पारिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी। जिसके कारण शव लाने में समस्या हो रही थी। परिजनों के समस्या की जानकारी लोगों ने क्षेत्रीय विधायक ई .सरवन निषाद को दिया ।विधायक ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अपने पास से आर्थिक सहयोग करते हुए गुजरात से शव को गांव के लिए रवाना कराया। विधायक ई0 सरवन निषाद ने कहा कि विधानसभा में हर गरीब और कमजोर की मदद करना ही जीवन का लक्ष्य है। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करूंगा। और जो भी सरकारी सहयोग होगा वह भी परिवार को करवाऊंगा ।और विधानसभा क्षेत्र में हर पीड़ित परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ा रहूंगा।

## धूमधाम से निकली सद्भावना शांति यात्रा



इटावा। हंस ज्ञान मंदिर विकास कॉलोनी से सदगुरु देव सत्यपाल महाराज के जन्मोत्सव के उपलच्य में मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से महाराज के शिष्य महात्मा रुद्राक्षानंद मार्गदर्शन में सद्भावना शांति यात्रा निकल गई जिसका शुभारंभ महात्मा रुद्राक्षानंद एवं अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग कनेरा रजनीश शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया ! यात्रा ज्ञान मंदिर विकास कॉलोनी से शुरू होकर पक्का बाग चौराहा, रामलीला रोड, बजरिया होमगंज चौराहा, तकिया तिराहा, तिकोनिया रोड होते हुए हंस ज्ञान मंदिर पर पहुंची ! यात्रा के दौरान काफी लोग शामिल हुए ! यात्रा समापन पर सद्भावना शांति समारोह का आयोजन किया गया ! समारोह में महात्मा रुद्राक्षानंद ने कहा कि भगवान ने जीव को मानव चोला देकर संसार में भेजा हमें उस एक ईश्वर को भेजना था जो समस्त मानव के लिए है हम उसे भूलकर मजहबो में फंस गए हैं जिसमें अशांति उत्पन्न होती है हम आत्मज्ञान के माध्यम से उस एक ईश्वर को जानकर हम खुद अशांति पाकर समाज में भी शांति फैला सकते हैं कार्यक्रम के दौरान मातादीन शाक्य, कमलेश, रणवीर सिंह, मोहर सिंह, विमला देवी, पुष्पा देवी, रेनू यादव, बादशाह, पूनम आदि लोग मौजूद रहे।

## शिवपाल ने अनुशासनहीन कार्यकर्ताओं को दिया अल्टीमेटम

### सपा जिला स्तरीय मासिक बैठक संपन्न

इटावा। समाजवादी पार्टी की जिला स्तरीय मासिक बैठक रविवार को इटावा में आयोजित की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने शिरकत की और कार्यकताओं को संबोधित किया। बैठक में जहां शिवपाल सिंह ने संगठन के अनुशासन पर जोर दिया, वहीं उन्होंने मौजूदा भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों का भी बिगुल फूंक दिया। शिवपाल सिंह यादव ने मंच से कार्यकताओं से कहा कि पार्टी में अनुशासनहीनता बिल्कुल भी सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि जो कार्यकर्ता या पदाधिकारी सोशल मीडिया पर पार्टी नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करेंगे, उन्हें तुरंत पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। उन्होंने यहां तक कहा कि ऐसे लोग खुद ही पार्टी छोड दें, क्योंकि पार्टी को बदनाम करने वालों की कोई जगह संगठन में नहीं होगी। शिवपाल के इस बयान से बैठक का माहौल कड़ा हो गया और




अनुशासनहीन कार्यकताओं में हलचल मच गई। मीडिया से बातचीत में शिवपाल सिंह ने मौजूदा भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार दिया। शिवपाल सिंह यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी अब पूरी ताकत से 2027 के चुनाव की तैयारियों में जुट चुकी है। उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी कार्यकर्ता वोट बढ़ाने से लेकर वोट चोरी रोकने तक हर स्तर पर सक्रिय रहेंगे। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि सत्ता हासिल करने के लिए उसने वोट चोरी का सहारा लिया था। कुल मिलाकर, इटावा की इस बैठक में शिवपाल सिंह यादव ने दो बड़े संदेश दिए। पहला, संगठन में अनुशासन तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और पार्टी से बाहर कर दिया जाएगा। दूसरा, भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए उन्होंने किसानों, बिजली, महंगाई और सुरक्षा के मुद्दे उठाकर जनता को चेताने की कोशिश की।

संक्षेप

## सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

शाहजहांपुर। खुटार के जंगल में आज पूरनपुर से खुटार जा रहे तीन युवकों की कार अज्ञात वाहन से ओवरटेक के दौरान टकरा गई। हादसे में कलीम पुत्र रईसुद्दीन और नबी अहमद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रहीसुद्दीन पुत्र बाबू गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सभी मृतक व घायल पीलीभीत जनपद के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## माता-पिता ने नवजात बच्ची को मिट्टी में दफन किया ग्रामीण ने बचायी जान

शाहजहांपुर, जैतीपुर। एक दिल दहला देने वाली घटना में एक नवजात बच्ची को उसके ही माता-पिता ने मिट्टी में दफना दिया। घटना स्थल पर ग्रामीण ने बच्ची की हल्की रोने की आवाज सुनकर तत्काल लोगों को बुलाया और मिट्टी हटवाकर बच्ची को बचा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बच्ची की हालत फिलहाल स्थिर बताई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और बच्ची को दफनाने वाले माता-पिता की तलाश कर रही है। क्षेत्र में घटना को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है।

## सिंगापुर में नौकरी दिलाने पर 9 लाख 50 हजार रुपये ठगे

मोहम्मदी खीरी। गांव शाहपुर राजा में एक विधवा से उसके पुत्र को सिंगापुर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपियों ने 950000 हजार की ठगी कर ली पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने नामित दो आरोपियों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज कर लिया है। शाहपुर राजा निवासी किरन देवी के पुत्र सूरज को सिंगापुर में नौकरी दिलाने को लेकर दूर के रिश्तेदार भावलखेड़ा बंडा निवासी विजय गंगवार ने नौकरी के लिए 9 लाख 50 हजार रुपया खर्च होना बताया जिस पर राजी हो जाने पर उसने अपने सहयोगी पड़ोसी गांव गौहनिया बंडा निवासी गुरदीप सिंह उर्फ गप्पू सरदार के साथ घर पर पहुंचकर तय रकम देने पर राजी हो गई थी। किसके चलते 5 लाख से अधिक रकम खाते में ट्रांसफर कर ली और चार लाख की नकदी लेकर चले गए 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी सिंगापुर का वीजा न मिलने पर पीड़िता ठगी का शिकार होने पर उसने अपनी रकम वापस मांगने पर आजकल की बात कह कर टरकाते रहे कड़ाई से मांगने पर जान से मार डालने की धमकी देकर भगा दिया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने नामित आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

# मीटर गेज को ब्रॉडगेज में बदलने की मांग को लेकर महापंचायत

जिला संवाददाता(vol)



सिंगाही खीरी। बेलरायां के श्री गांधी इंटर कालेज प्रांगण में रविवार को मीटर गेज को ब्रॉडगेज में बदलने की मांग को लेकर एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया।

हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने इस मुद्दे को लेकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित की और सरकार से क्षेत्र की रेल सुविधा को बहाल करने की जोरदार मांग उठाई। महापंचायत में शामिल लोगों की भीड़ से विद्यालय का मैदान खचाखच भर गया। दूर-दराज से आए ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने इसमें भागीदारी की। भारी संख्या में जुटी जनता ने साफ कर दिया कि क्षेत्र की प्राथमिकता अब सिर्फ और सिर्फ ब्रॉडगेज लाइन है। इस महापंचायत का आयोजन पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक शर्मा, विनय जायसवाल, रमाशंकर पांडे, तुषार लहरी, पिंटू यादव, गुरमीत सिंह रंधावा और सत्यप्रकाश की ओर से किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विनय जायसवाल ने किया। मंच पर वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि रेल केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र की जीवनरेखा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने कहा कि रेल हमारे क्षेत्र की धड़कन है। यह सिर्फ यात्रा का साधन नहीं, बल्कि हमारी विरासत है। उन्होंने कहा कि मीटर गेज लाइन के बंद हो जाने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार, शिक्षा और रोजगार पर इसका सीधा असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता की भावना का सम्मान करते हुए तत्काल मीटर गेज को ब्रॉडगेज में बदलना चाहिए। चीनी मिल बेलरायां के पूर्व उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह बब्बू ने कहा कि मैलानी से नानपारा तक की मीटर गेज लाइन को ब्रॉडगेज बनाने का वादा किया गया था। लोगों को यह सपना दिखाकर आश्वासन दिया गया कि क्षेत्र को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। लेकिन आज स्थिति यह है कि मीटर गेज लाइन बंद कर दी गई और ब्रॉडगेज कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ। इससे क्षेत्रवासी अपने हक से वंचित हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत ठोस कदम उठाने चाहिए, अन्यथा आंदोलन और तेज होगा।

- **जब तक ब्रॉडगेज का काम शुरू नहीं होता, तब तक क्षेत्रवासी चुप नहीं बैठेंगे। आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जायेगा**

वरिष्ठ समाजसेवी रमाशंकर पांडे ने कहा कि आज महापंचायत में उमड़ी भीड़ इस बात का सबूत है कि जनता अब जाग चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो यह आंदोलन पूरे जनपद में फैल जाएगा और इसे जनांदोलन का रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल बेलरायां ही नहीं, बल्कि पूरे तराई क्षेत्र की मांग है। महापंचायत के अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जब तक ब्रॉडगेज का काम शुरू नहीं होता, तब तक क्षेत्रवासी चुप नहीं बैठेंगे। आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर राजधानी लखनऊ और दिल्ली तक आवाज पहुंचाई जाएगी। महापंचायत में आए लोगों ने साफ कहा कि अब वे किसी बहाने को स्वीकार नहीं करेंगे। क्षेत्रवासी वर्षों से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब धैर्य की सीमा समाप्त हो चुकी है। अगर सरकार ने जल्द कदम नहीं उठाया तो यह आंदोलन ऐतिहासिक रूप धारण कर सकता है।

# 15 वर्षीय किशोर की हत्या



लखीमपुर खीरी। थाना भीरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लाल जी पूरवा में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। दो समुदाय के बीच मामला जुड़ा होने से पूरे गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। हत्या के पीछे फिरौती की बात सामने आ रही है। रविवार को भीरा पुलिस द्वारा गुमशुदा किशोर सौरभ की हत्या में संलिप्त अभियुक्त इरशाद पुत्र वहीद खान को पुलिस मुठभेड़ में पकड़ने का दावा कर रही है। बताते चलें कि सौरव 15 वर्ष पिछले 6 सितंबर से गायब चल रहा था जिसकी सूचना परिजनों ने भीरा थाने पर दी वीर थाने पर गुमशुदगी का मुकदमा पंजीकृत किया गया। रविवार को सौरभ का शव भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम लालजीपुरवा एक खेत में बरामद किया गया बताया जाता है कि मृतक किशोर के हाथ पैर भी बांधे पाए गए। शव मिलने की जानकारी होने पर हर काम मच गया। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में हिंदू संगठनों का थाने पर प्रदर्शन



शाहजहांपुर। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला तहवरगंज में छात्राओं से छेड़छाड़ का मामला सामने आया। चार युवक फूल मियां, सरताज, हुसैन और सादनाम ने कोचिंग जा रही छात्राओं को बाबा मैरिज लॉन के पास रोका और अभद्रता की। आरोपियों ने धमकी दी कि इन लड़कियों को उठा लो, 20/25 लाख खर्च होंगे। मामले पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने थाने में प्रदर्शन कर आरोपियों की सख्त गिरफ्तारी की मांग की। कार्यकताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग पहुंचा दलित छात्रा का मामला

कलान (शाहजहांपुर)। कलान के रोजी पब्लिक स्कूल में गैर अनुसूचित जाति के छात्रों द्वारा जातिगत द्वेष भावना रखने के साथ ही कक्षा 10 के दलित छात्र को पीछे बैठने को कहने का मामला अब तूल पकड़ चुका है।

छात्र आयुष प्रताप के पिता वीर प्रताप ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में मामले की शिकायत की है। जिसमें राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने क्षेत्रीय निदेशक सीबीएसई बोर्ड नोएडा (गौतम बुद्ध नगर), जिलाधिकारी शाहजहांपुर तथा पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को नोटिस जारी कर 15 दिन में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। आयोग द्वारा जारी नोटिस में घटना की तारीख, पीड़ित का नाम पता, अभियुक्तों के नाम, एफ आईआर नंबर, तारीख व धाराओं समेत अन्य विवरणों की रिपोर्ट मांगी गई है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपनिदेशक डॉ आर स्टालिन ने जारी नोटिस में बताया कि यदि


F No 1

निर्धारित समयावधि के अंदर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के अंतर्गत प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है। ज्ञात हो कि रोजी पब्लिक स्कूल में अध्यनरत कक्षा 10 के दलित छात्र आयुष प्रताप के पिता वीर प्रताप ने 11 सितंबर को थाने पर दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि उसके बेटे के क्लासमेट छात्रों ने जाति पूछी और

- **छात्र के पिता ने आयोग में की शिकायत**
- **राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने सीबीएसई बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशक, डीएम व एसपी को नोटिस भेज कर कृत कार्रवाई की मांगी रिपोर्ट**

जाति बताने पर पीछे बैठने को कहा। जब उसने इसकी शिकायत प्रधानाचार्य लोकनाथ तिवारी से की तो उन्होंने भी कहा पीछे बैठो। आरोप है कि प्रधानाचार्य ने कहा मेरे तरीके से पढ़ाना चाहे तो पढ़ाओ अन्यथा टी०सी० ले जाओ। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। बताते हैं कि वायरल वीडियो में प्रधानाचार्य यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि सीबीएसई में मेरी शिकायत करो या डीएम साहब के यहां एफआईआर कर दो। हम आपके बच्चे को नहीं पढ़ा पाएंगे।

# वित्तमंत्री खन्ना ने रोपे पौधे




शाहजहांपुर। नगर निगम के तत्वावधान में अशफाक नगर चौकी से अवंतीबाई पार्क तक सड़क किनारे वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा किया गया। उन्होंने आम, इमली, जामुन सहित विभिन्न फलदार पौधे रोपे।

कार्यक्रम में नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, पार्षद व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, उनकी देखभाल भी जरूरी है ताकि शहर स्वच्छ, सुंदर व स्वास्थ्यवर्धक बने। उन्होंने रोडवेज वर्कशॉप के पास ब्लैक स्पॉट एरिया को ब्यूटीफिकेशन जोन में विकसित करने हेतु आम के पौधे भी रोपित किए। क्षेत्रवासी मंत्री व नगर निगम टीम का आभार व्यक्त कर रहे हैं।

## रामचंद्र मिशन क्षेत्र में अवैध धर्म परिवर्तन, महिला गिरफ्तार



शाहजहांपुर। थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती में पिछले कई वर्षों से अवैध रूप से धर्म परिवर्तन के लिए चंगाई सभा आयोजित की जा रही थी। आज विश्व हिंदू रक्षा सेना, हिंदू युवा वाहिनी और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर चंगाई सभा को बंद करवाया। कार्यकर्ताओं की सख्त कार्रवाई में सभा को आयोजित करने वाली महिला को गिरफ्तार कर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। यह कार्रवाई धर्म परिवर्तन की अवैध गतिविधियों पर कड़ा संदेश है।

# कबाड़ के गोदाम में लगी आग, सामान जला



मोहम्मदी खीरी। स्टेट हाईवे पर मंडी गेट के पास एक कबाड़ के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने 1 घंटे की कड़ी मेहनत कर आज पर काबू पाया जा सका तब तक लाखों का कीमती सामान चलकर राख हो गया था। गोदाम मालिक अशफाक मंसूरी ने पुलिस को सूचना देकर बताया रविवार सुबह 6 बजे करीब हाईवे के किनारे उसकी कबाड़ की गोदाम थी जिसमें पुराना और नया स्पेयर पार्ट रखा हुआ था अचानक आग लग जाने से अफरातफरी मच गई मौके पर आग इतनी तेज थी पाल झपकते ही सब कुछ नष्ट हो गया सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग पर काबू पाती तब तक लाखों का कीमती सामान जलकर राख हो गया था। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच करने में जुटी है।

# अजीजगंज बन रहा शराबियों का अड्डा

जिला संवाददाता(vol)



शाहजहांपुर, अजीजगंज क्षेत्र में हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। यहाँ सार्वजनिक स्थलों के साथ-साथ लोगों के घरों के सामने भी शराबियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन शराबियों के बीच झगड़े होते रहते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों का सुरक्षित निकलना तक मुश्किल हो गया है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि रोड के किनारे बने गैरिज की छत पर रोज शाम दारू पीने वाले आ जाते है। दारू पीने के बाद गाली गलौज करते है जिसके कारण लोगों में भय व्याप्त है और रात में घर से निकलना मुश्किल हो रहा है।

विशेष बात यह है कि अजीजगंज पुलिस चौकी महज 1 किमी दूरी पर है, फिर भी पुलिस की कार्रवाई नगण्य दिख रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को गश्त कर ऐसे शराबियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। बताया जा रहा है कि दुकानों पर पानी के नाम पर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी है। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सार्वजनिक जगह पर शराब पीने वालों और अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर दिखाई नहीं दे रहा।

## चोर गिरफ्तार, जेवरात व नकदी बरामद

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली पुलिस ने शनिवार तड़के बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर चोरों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से करीब 1 लाख रुपये से अधिक कीमत के कीमती जेवरात, 10 हजार रुपये नकद और एक अवैध तमंचा बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान योगेन्द्र कुमार सिंह निवासी ग्राम निजामपुर निकटी थाना व जिला खीरी और हरिश्चन्द्र निवासी बीबीपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर जिला सीतापुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को सोनारीपुर मोड़ के पास सुबह लगभग 4रू40 बजे मुखबिर की सूचना पर दबोचा। योगेन्द्र के पास से अवैध तमंचा भी मिला, जिस पर उसके खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 15 से अधिक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की। बरामद सामान में मांग टीका, झाले, अंगूठी, करधनी, जेवरी, हथतोड़, बिछिया, मंगलसूत्र, चेन, पायल, सिक्के, मटरमाला, नथुनी आदि शामिल हैं। जांच में सामने आया कि योगेन्द्र कुमार सिंह पर पहले से ही संतकबीर नगर और खीरी जिले में चोरी, आपराधिक षड्यंत्र, नकबजनी व अवैध शस्त्र अधिनियम से जुड़े कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं। वहीं हरिश्चन्द्र के खिलाफ थाना गोला में चार गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।



## विश्वकर्मा मंदिर पर हवन-पूजन 17 को

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) अम्बेडकर रोड पर भगवान विश्वकर्मा मंदिर में 17 सितम्बर को भगवान विश्वकर्मा का पूजन उत्सव अत्यन्त श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जाएगा। मंदिर प्रबन्धकारिणी समिति के प्रबंधक विद्याधर शर्मा ने बताया कि पूजनोत्सव का शुभारंभ पूर्वान्ह 11 बजे से हवन-पूजन के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात मध्यान्ह 12 बजे से भण्डारे की व्यवस्था की गई है, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाया जाएगा। यह आयोजन प्रभु इच्छा तक अनवरत चलता रहेगा।

# बंद रेलवे गेट के नीचे से लोग निकाल रहे बाइकें, दुर्घटना होने की आशंका

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) रेलवे क्रासिंग पर बंद गेट के नीचे से दुपहिया और साइकिल निकालना अपराध होने के बावजूद कई चालक इससे बाज नहीं आते और जान जोखिम में डाल रेल आने के चंद मिनटों पहले पटरी पार करने की रिस्क उठा रहे हैं।

रेल के आवागमन के समय किसी प्रकार की कोई दुर्घटना न हो, इससे बचने के लिए रेलवे द्वारा रेलवे क्रांसिग बंद कर दी जाती है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। लेकिन लोग रेल आने के दौरान बंद गेट के नीचे से ही बाइकें निकलकर अपना रास्ता तय करते है। जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस समय मैलानी लखनऊ रेलखण्ड पर गोला स्थित अलीगंज रोड, भूतनाथ रोड व लखीमपुर रोड सहित तीन रेलवे क्रांसिग हैं। जिस पर सप्ताहिक, मेल, पैसेंजर सहित 6 जोडी टेज्नों का वर्तमान में संचालन हो रहा है। इसके साथ मालगाडियों का भी इस रूट पर दबाव बना रहता है। जिससे टेज्नों व मालगाडियों के आवागमन के समय पर रेलवे के कर्मचारी रेल आने पर फाटक को बंद तो कर देते है, लेकिन दोपहिया वाहन चालक जल्दबाजी में अपनी जान को जोखिम में डालकर बंद फाटक के नीचे से रेलवे लाइन पार करने से बाज नहीं आते। इनमें साइकिल, स्कूटर, बाइक सवार ही नहीं बल्कि पैदल चलने वाले बुजुर्ग, महिलाएं व स्कूली बच्चे भी शामिल होते हैं। जल्दबाजी में ये लोग यह भूल जाते हैं कि उनकी नासमझी उन्हें कितनी मंहगी पड़ सकती है। फाटक पर आए दिन इस तरह का नजारा देखने को मिलता है। जबकि कई बार दुर्घटनाये भी हो चुकी हैं लेकिन लोगों पर इसका कोई असर नहीं है। जबकि गेटमेन भी यह देखते हुये अनदेखी कर देता है।



### साप्ताहिक सहित 6 जोड़ी ट्रेनों का है आवागमन

मैलानी लखनऊ रेलखण्ड पर यात्री पैसेंजर ट्रेन की अपेक्षा इस रूट में मालगाड़ियों की आवाजाही ज्यादा होती है। इस रेल लाइन पर कोलकता लालकुआं सप्ताहिक, गोमतीनगर एक्सप्रेस के अलावा सीतापुर व लखनऊ पैसेंजर सहित 6 जोडी टेज्नों का आवागमन हो रहा है। इसके बावजूद क्रासिंग पर राहगीर 30 मिनट से भी ज्यादा देर तक फंसे रहते हैं। इंतजार से बचने व आपाधापी के चक्कर में राहगीर नियम तोड़ते हैं। इस दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दुर्घटनाओं को कम करने रेलवे ने भी अपने इंतजाम किए है, लेकिन नियम में सख्ती नहीं अपनाने से राहगीर भी लापरवाही दिखाते हैं। बंद क्रासिंग को जबर्दस्ती पार करते रोज देखा जा सकता है।

# शरदकालीन गन्ना बुआई शुरू, किसानों को दी जानकारी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) बजाज चीनी मिल की स्थानीय यूनिट के ग्राम तिलकपुर स्थित प्रगतिशील किसान अवधेश कुमार पुत्र रमेश चंद्र के खेत पर शरदकालीन गन्ना बुआई की शुरूआत की गई। वैदिक मंत्रोच्चार व पूजन के साथ कोलख-16202 प्रजाति के एक आंख के टुकड़ों को थायोफिनेट मिथाइल से बीज उपचार व ट्राइकोडर्मा से भूमि उपचार के बाद ट्रेंच (4 फीट) विधि से बुबाई की गई।



गोला यूनिट के इकाई प्रमुख नीरज बंसल एवं वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पीएस चतुर्वेदी ने स्वयं खेत में बुआई कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बुआई के उपरांत आयोजित कृषक गोष्ठी में उन्होंने किसानों से अपील की कि आगामी पेराई सत्र में अधिक से अधिक गन्ना गोला मिल में ही आपूर्ति करें और शरदकालीन गन्ना बुआई को प्राथमिकता दें।

वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी ने बताया कि 16 से 26 सितम्बर तक गन्ना समिति में सट्टा सुधार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें किसान अपने सर्वे सट्टे की त्रुटियाँ सुधार सकते हैं। साथ ही नए सदस्य बनने व उपज बढ़ोत्तरी की रसीदें भी यहीं काटी जाएंगी।

किसानों को को-118, कोलख-14201, कोलख-16202, को-15023 जैसी उन्नतशील प्रजातियों की जानकारी दी गई। साथ ही शरदकालीन गन्ना बुआई में आलू, मटर, मूली, लहसुन, सरसों जैसी सहफसलों के दोहरे लाभ के बारे में बताया गया। मिल द्वारा बीज व जैव उत्पाद रियायती दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने अस्वीकृत व अनामित प्रजातियों की बुआई न करने की अपील की।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रगतिशील किसान वीरेन्द्र मिश्र, श्रीकृष्ण, छत्रपाल, बाबूराम, ओमप्रकाश, अनिल कुमार, अजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। वहीं मिल प्रशासन से ओडी शर्मा (सहायक महाप्रबंधक गन्ना), सतेन्द्र मिश्रा (गन्ना प्रबंधक), शिवांशु शुक्ला (उप प्रबंधक गन्ना), अमरनाथ, संजय प्रजापति, आशीष वर्मा व समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## शिशु मंदिर में हिन्दी दिवस पर हुआ शिशु सभा का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को हिन्दी दिवस मनाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने हिन्दी विषय की कविताएं, गीत कहानी आदि प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ हुआ। इसके हिन्दी विषय पर आधारित शिशु सभा का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने हिन्दी विषय की कविताएं, गीत कहानी आदि प्रस्तुत किये। शिक्षक नागेन्द्र सिंह ने हिन्दी व हिन्दी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। शिक्षिका सुमन गुप्ता ने हिन्दी की महत्ता प्रकट करने वाली कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाकुंभ का आंखों देखा अथवा सुना वर्णन विषय पर विद्यार्थियों की हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 61 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सभी कक्षाओं में सभी विषयों का बस्ता विहीन शिक्षण शिक्षक/शिक्षिकाओ के द्वारा किया गया। विद्यालय के कार्यालय प्रमुख उमाकान्त कटियार ने सभी को हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए हिन्दी के उत्थान हेतु अपनी हिन्दी को सुदृढ एवं परिमार्जित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।



संक्षेप

## सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

आजमगढ़। जनपद फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के पलिया कुँवर नदी पुल के पास रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर शाहगंज की ओर से आ रहे थे और सामने से आ रही एक डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतक की पहचान बीरेंद्र (25 वर्ष), पुत्र राजमनि, निवासी बैरमपुर, थाना तहबरपुर, के रूप में हुई है। घायलों में शनि (20 वर्ष), पुत्र रमेश, निवासी बैरमपुर, थाना तहबरपुर, और कौशल राजभर (22 वर्ष), पुत्र बनवारी, निवासी माहुल, थाना अहरौला, शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद डीसीएम चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही अम्बारी पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल फूलपुर सीएचसी अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक बीरेंद्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस फरार डीसीएम चालक की तलाश में जुट गई है।

## शिक्षा की गुणवत्ता के विषयों पर हुई चर्चा

आजमगढ़। कृषि महाविद्यालय कोटवा के अधिष्ठाता प्रोफेसर धीरेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में महाविद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षकों के साथ बैठक हुई। शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार के साथ अन्य विषय पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। अधिष्ठाता ने समस्त शिक्षकों को निर्देश दिया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत कृषि स्नातक के छात्रों को प्रयोगशाला के साथ-साथ प्रक्षेत्र पर प्रायोगिक पर बराबर की महत्ता दे। जिससे छात्रों को किताब ज्ञान के साथ प्रक्षेत्र पर प्रायोगिक का अनुभव होगा। महाविद्यालय में अध्यापन कर रहे छात्रों को विभिन्न आयामों के अंतर्गत प्रायोगिक कार्य कराये जाते हैं। जिससे छात्र खुद कर के सीखते हैं जैसे मशरूम उत्पादन, श्रीअन्न के बिस्किट बनाना, जैम, प्रक्षेत्र पर फसल उत्पादन करना, मृदा परीक्षण आदि छात्र सिखते हैं। छात्रों द्वारा फसल वाटिका में लगाए गए फसलो को कीटों से बचाव के संबंध जैविक कीटनाशक का छिड़काव किए जाने की विधि एवं उसके लाभ के बारे में प्राध्यापक डॉ. टी पांडियाराज, डॉ. विनोद ने विस्तार से जानकारी दी।

## 16 को सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपेगा ग्रापए

सोनभद्र। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन 16 सितम्बर को जिलाधिकारी को पत्रकारों के हितार्थ ज्ञापन सौंपेगा। मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी सोनभद्र को 11 बजे सौंपा जाएगा जिसमें ग्रापए के जिला पदाधिकारी, तहसील अध्यक्ष व पदाधिकारी तथा जनपद में रहने वाले मण्डल पदाधिकारियों के साथ ही जिले से सम्बद्ध प्रांतीय पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिलाध्यक्ष डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव ह्यपुष्करह्ण ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में जनपदों के जिलाधिकारी को एक ही तिथि यानी 16 सितम्बर को मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांगों से संपूरित ज्ञापन सौंपा जाएगा। सोनभद्र जिलाध्यक्ष ने बताया कि एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा तय व घोषित तिथि 16 सितम्बर को कलेक्ट्रेट में डीएम को ग्रापए मांगपत्र सौंपेगा, जिसमें राज्य मुख्यालय लखनऊ में शासन द्वारा कार्यालय हेतु भवन आवंटित करने, ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित करने, बीमा योजना में शामिल करने व दीर्घावधि से आंचलिक पत्रकारिता कर रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ देने तथा ग्रामीण पत्रकारों के विरुद्ध कोई भी प्राथमिकी दर्ज करने से से पूर्व जिला पुलिस के राजपत्रित अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से जाँच करने की मांग शामिल है। इसके अलावा तहसील स्तर पर प्रशासनिक अफसरों सँग ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठक कराए जाने, प्राकृतिक आपदा अथवा दुर्घटना में मृत पत्रकार के परिजनों को पाँच लाख की सहायता राशि एवं मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख की मदद करने की भी प्रमुख एवं आवश्यक माँगे सम्मिलित हैं। जनपद के पत्रकारों से जिलाध्यक्ष ग्रापए ने अपील की है कि सभी पत्रकार 16 सितम्बर को ससमय अर्थात 11बजे कलेक्ट्रेट में समुपस्थित होकर प्रतिभाग करें।

# दो भाइयों की गोली मारकर हत्या

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के रामनगर में बीती रात कई बार फायरिंग करके बदमाशों ने बाइक सवार दो भाइयों को मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गये। रात में पुलिस चौकसी की पोल खुल गयी। इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताते हैं कि रामनगर में शनिवार की देर रात बाइक सवार दो सगे भाई मुंगराबादशाहपुर से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान वह रामनगर पहुंचे ही थे कि पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें लक्ष्य कर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। कई राउंड गोलियां चलीं। इस घटना में एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे भाई की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मझगांवा गांव निवासी 55 वर्षीय शाहजहां और उनके छोटे भाई 45 वर्षीय जहांगीर कोयला व्यापारी हैं। रात रास्ते में रामनगर गांव के पास मझिगवा मोड़ के निकट बेलवार मार्ग पर हुई। बताया जा रहा है कि पहले से ही घात लगाए बाइक बदमाश उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाने लगे। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक पर बड़े भाई शाहजहां को बैठाकर घर जाते समय नकाबपोश एक बदमाश ने बाइक के आगे खड़ा हो गया। जब तक वे कुछ समझ पाते, पीछे से दूसरा बदमाश ताबड़तोड़ गोली चलाने लगा। मौके पर तुरंत बड़े भाई शाहजहां की मौत हो गई।

वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक से बदमाश भाग निकले। जैसे ही दोनों भाइयों का शव मझगवा चंदौकी पहुंचा, तो पूरा गांव बिलख-बिलख कर रोने लगा। परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। दोनों भाइयों का एक साथ जनाजा निकला तो हर किसी की आंखें नम हो जाएंगी। घरों में चूल्हे नहीं जले और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। हर तरफ बस एक ही चर्चा है कि दो सगे भाइयों की हत्या कैसे हो गई। बड़े भाई शाहजहां गांव में रहकर खेती बारी का काम करते थे, उनके दो पुत्र आफताब और सादाब हैं, दोनों ही ठीकेदारी करते हैं। लड़की सोनी और खुशबू की शादी हो चुकी है। जहांगीर परिवार सहित मुंबई में रहते थे। 25 अक्टूबर को उनके पुत्र सुबहानी की शादी थी, कार्ड लेकर वह शुक्रवार को ही आए हुए थे। ग्रामीणों की मानें तो दोनों ही भाई बहुत ही सरल और सौम्य स्वभाव के थे। दोनों सगे भाइयों की हत्या क्यों और किस लिए की गई, यह एक अबूझ पहेली बनी हुई है। हत्यारों ने घटनास्थल वहां चुना था जहां सुनसान इलाका था। परिजनों का कहना है कि आखिर किसी से क्या दुश्मनी थी जो हंसता-खेलता परिवार तबाह कर दिया। घर के दोनों मुखिया की हत्या कर दी गई। बच्चे अनाथ हो गए और बिलख-बिलख कर पूरा परिवार रो रहा है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपियों की तलाश कर रही है। लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों को अभी भी न्याय की उम्मीद है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक पर बड़े भाई शाहजहां को बैठाकर घर जाते समय नकाबपोश एक बदमाश ने बाइक के आगे खड़ा हो गया। जब तक वे कुछ समझ पाते, पीछे से दूसरा बदमाश ताबड़तोड़ गोली चलाने लगा। मौके पर तुरंत बड़े भाई शाहजहां की मौत हो गई।

वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक से बदमाश भाग निकले। जैसे ही दोनों भाइयों का शव मझगवा चंदौकी पहुंचा, तो पूरा गांव बिलख-बिलख कर रोने लगा। परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। दोनों भाइयों का एक साथ जनाजा निकला तो हर किसी की आंखें नम हो जाएंगी। घरों में चूल्हे नहीं जले और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। हर तरफ बस एक ही चर्चा है कि दो सगे भाइयों की हत्या कैसे हो गई। बड़े भाई शाहजहां गांव में रहकर खेती बारी का काम करते थे, उनके दो पुत्र आफताब और सादाब हैं, दोनों ही ठीकेदारी करते हैं। लड़की सोनी और खुशबू की शादी हो चुकी है। जहांगीर परिवार सहित मुंबई में रहते थे। 25 अक्टूबर को उनके पुत्र सुबहानी की शादी थी, कार्ड लेकर वह शुक्रवार को ही आए हुए थे। ग्रामीणों की मानें तो दोनों ही भाई बहुत ही सरल और सौम्य स्वभाव के थे। दोनों सगे भाइयों की हत्या क्यों और किस लिए की गई, यह एक अबूझ पहेली बनी हुई है। हत्यारों ने घटनास्थल वहां चुना था जहां सुनसान इलाका था। परिजनों का कहना है कि आखिर किसी से क्या दुश्मनी थी जो हंसता-खेलता परिवार तबाह कर दिया। घर के दोनों मुखिया की हत्या कर दी गई। बच्चे अनाथ हो गए और बिलख-बिलख कर पूरा परिवार रो रहा है। इस दोहरे हत्या काण्ड होने से क्षेत्र में दहशत है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए 7 टीम में गठित की गई है जल्द ही अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

## राज्यमंत्री के पीआरओ बने कृष्ण कुमार

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ई0 कृष्ण कुमार जायसवाल को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र ने अपना जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) नियुक्त किया है। राज्य मंत्री ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि कृष्ण कुमार जायसवाल पार्टी के प्रति समर्पण और निष्ठा की सजीव मिसाल हैं। उनके अनुभव और जनसंपर्क क्षमता से संगठन और भी मजबूत होगा। खेतासराय कस्बे के मूल निवासी कृष्ण कुमार जायसवाल वर्तमान में नगर के हुसेनाबाद मोहल्ले, कलेक्ट्रेट के पास रहते हैं। बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे श्री जायसवाल ने भाजपा संगठन को मजबूत करने में लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी और मेहनत हमेशा चर्चा का विषय रही है। कहा जा रहा है कृष्ण कुमार जायसवाल भाजपा जिला अध्यक्ष पद की दौड में हैं। संगठन में उनकी पकड़ और जनाधार को देखते हुए कार्यकताओं में भी उनके भविष्य को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है।

## राष्ट्र व समाज के विकास में हिंदी का महत्वपूर्ण योगदान :मणि प्रसाद मिश्र



लालगंज, मीरजापुर। हिंदी दिवस पर रविवार को स्थानीय क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह स्थित यूओ कान्वेंट गुरुकुलम स्कूल में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने अपने अपने विचारों से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व गृह सचिव व सेवानिवृत्त आईएएस मणि प्रसाद मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की छात्राओं ने मां सरस्वती के कई नामों का उच्चारण करते हुए वंदना की छात्र छात्राओं ने नाटक प्रस्तुत कर हिंदी उत्थान पर बल दिया। कवि निर्भय मिश्र ने महाप्राण सूर्य कांत त्रिपाठी निराला, रामधारी सिंह दिनकर, गोपाल दास नीरज, महादेवी वर्मा को याद कर हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि मणि प्रसाद मिश्र ने राष्ट्र व समाज के विकास में हिंदी के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आए अतिथियों के प्रति विद्यालय प्रबंधक ओंकार नाथ पांडेय ने आभार जताया। इस दौरान मौजूद रहे। सियाराम पांडेय, लक्ष्मी कांत, विद्यासागर, रामाश्रे सहित भारी संख्या में छात्र छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पहले घर में ली शरण फिर मांगी जमीन और अब कब्जा को तैयार

मीरजापुर। समाधान दिवस में जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली देहात में आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। कुछ का मौके पर निस्तारण कराया गया वहीं शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को निर्देशित कर रवाना किया गया। शहर कोतवाली के 6 प्रार्थना पत्रों में सूरज पुत्र स्वर्गीय हरिनाथ निवासी जलालपुर को शहर का मामला अलग था, सूरज ने बताया कि उसका नातेदार जवाहीर पुत्र फूल चंद्र उसके जमीन पर कब्जा करने की गलत नियत रखता है इसलिए उसका कच्चा मकान खाली नही कर रहा है। अधिकारी के पूछने पर सूरज ने बताया कि उसने अपने नातेदार जवाहिर के द्वारा 22 जून 2021 को दी गई थी। रजिस्टर्ड शपथ पत्र पर भरोसा कर मानवता के आधार पर अपने कच्चे मकान 668 की खाली जमीन के उत्तर डूडा आवास बनवाने हेतु 300 वर्ग फिट जमीन दे दी। आवास बनने तक जवाहिर घर में रहेगा ऐसा नोटरी शपथ पत्र जवाहिर ने हमे दिया था। जवाहिर भूमि हीन है, इसलिए आवास का पैसा पास नही हो रहा था। मानवता के नाते सूरज ने जमीन दी अब आवास बनने के बाद जवाहिर पुत्र फूलचंद्र मिश्र की नियत में घर जमीन हड़पने की खोट आ गयी। विपक्षी कच्चे मिट्टी के उक्त मकान को खाली नही कर रहा। सूरज ने जवाहिर द्वारा दी गई रजिस्टर्ड नोटरियल शपथ पत्र भी दिखाई और न्याय की मांग की है। जानकारी के अनुसार जवाहिर भूमिहीन हैं, पैतृक घर व मकान जौनपुर जिले के सरायडीह गांव में थी जिसे उनके पिता ने बेच दिया हैं। तीन भाइयों में जवाहिर सबसे बड़ा है दो छोटे भाई और पिता शराब के आदि थे जिनकी मौत हो चुकी है। जवाहिर भी शराब पीकर आए दिन गृहस्वामी परिवार की बेटी बहन को परेशान करता है।

## एमएलसी रामसूरत को शासन से मिली जिम्मेदारी, समर्थकों में हर्ष



आजमगढ़। विधान परिषद् सदस्य रामसूरत राजभर को तीन नई जिम्मेदारियां मिलने से समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। इसी के मद्देनजर विधान परिषद् द्वारा एमएलसी श्री राजभर को विधान परिषद् खाद्य पदार्थो में मिलावट और नकली दवाओ के प्रचलन से जनजीवन की स्वास्थ्य समस्याओं पर रोकथाम हेतु समिति का सदस्य, प्रश्न एवं संदर्भ समिति कासदस्य मनोनीत किया गया है।

उक्त के बावत जानकारी देते हुए उनके मण्डलीय प्रतिनिधि सौरभ उपाध्याय ने बताया कि आजमगढ़ के फूलपुर तहसील अंतर्गत मक्खापुर गांव निवासी रामसूरत राजभर जी शुरू से ही जुझारू, संघर्षशील के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता रहे है। विधान परिषद् द्वारा दी गई दोनों जिम्मेदारियां अहम है। इसके माध्यम से श्री राजभर अब विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी संगठनों में आम जनमानस की हित की बात को रखा जाएगा। आजमगढ़ जनपद में खाद्य व औषधि प्रशाघन विभाग द्वारा नियमावली के विपरीत अगर काम किया जाएगा तो शासन में मजबूती से बात रखा जाएगा। सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए विधान परिषद् सदस्य रामसूरत राजभर ने कहा कि मुझे जो भी जिम्मेदारियां मिलेंगी, उस पर खरा उतरने का कार्य करेंगे और पारदर्शिता के साथ सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की कड़ी को आगे बढाएंगे। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि जो सम्मान मुझे मिला है उससे पूरे पूर्वांचल का मान बढ़ा है। मैं सभी के प्रति आभारी रहूंगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से मंडलीय प्रतिनिधि सौरभ उपाध्याय ने। बुके देकर बधाई दिया।

## संतान की लंबी उम्र के लिए रखा निर्जला व्रत



जौनपुर। सन्तानों की लम्बी आयु के लिए माताओं ने रविवार को निर्जला जितिया व्रत रखा औरा विधि विधान से पूजन किया। व्रत का सोमवार को को पारण होगा। माताएं निर्जला उपवास रखकर संतान की लंबी उम्र की कामना करती हैं। इसे जीवित्पुत्रिका व्रत या जीउतपुत्रीका व्रत भी कहा जाता है।

हर साल आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को यह व्रत करने का विधान है। जितिया व्रत शुरू करने से पहले शनिवार को नहाए-खाए की परंपरा निभाई गयी। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में जल, फल और अन्न ग्रहण किया जाता है। इसके बाद आज महिलाएं निर्जला व्रत का संकल्प लेकर संतान की सलामती के लिए उपवास किया। ज्ञात हो कि यह व्रत सिर्फ महिलाएं रखती हैं। मान्यता है कि जो मां इस व्रत को सच्चे मन से करती है, उसके बच्चे की उम्र लंबी होती है और उस पर कोई संकट नहीं आता। इसी वजह से इसे मातृत्व और आस्था से जुड़ा सबसे बड़ा पर्व माना जाता है। शाम को राजा जीमूतवाहन की कुशा से बनी प्रतिमा की पूजा होती है। चाकू-कैंची जैसी नुकीली चीजों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। चील और सियारिन की मिट्टी व गोबर से प्रतिमा बनाई जाती है। ब्राह्मण को दान-दक्षिणा देना जरूरी है। पारण के समय महिलाएं लाल रंग का धागा या लॉकेट गले में पहनती हैं। अगले दिन यानी 15 सितंबर को व्रत का पारण होगा। इस मौके पर महिलाएं लाल धागा पहनकर संतान की लंबी उम्र की कामना करती हैं। यह व्रत केवल धार्मिक आस्था ही नहीं बल्कि मातृत्व के समर्पण और बलिदान की भी पहचान है।

## आचार्य अगस्त्य को आचार्य देवोभव अवार्ड व सनातन सेवा सम्मान से किया गया सम्मानित



मीरजापुर। विख्यात देवी धाम विंध्याचल के प्रधान अर्चक आचार्य अगस्त्य कुमार द्विवेदी को सनातन सेवा सम्मान से नवाजा गया है ? उस सम्मान उन्हें हरियाणा के कुरुक्षेत्र गीता ज्ञान संस्थान में आयोजित आचार्य देवो भव अवार्ड एवं सनातन सेवा सम्मान कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया है। कार्यक्रम पश्चात विंध्याचल आगमन पर उन्होंने जानकारी देते हुए अपनी इस उपलब्धि को जगत जननी मां विंध्यवासिनी की चरण कृपा एवं विंध्य क्षेत्र के सर्व समाज के आशीर्वाद से यह अवार्ड एवं सम्मान प्राप्त होना बताया है। कहा यह सम्मान मेरा नहीं समस्त मिजार्पुर जनपद का यह सम्मान है। कार्यक्रम के अध्यक्ष गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष श्वेता, मुख्य अतिथि हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल भदौली एवं महाभारत में अर्जुन की भूमिका निभाने वाले फिरोज खान व द्रोणाचार्य की भूमिका निभाने वाले सुरेंद्र पाल, तुलसी पीठाधीश्वर उत्तराधिकारी रामचंद्र दास महाराज, मलूक पीठाधीश्वर उत्तराधिकारी पूज्य महाराज एवं किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर पूज्यनियां, 51 शक्तिपीठ, द्वादश ज्योतिर्लिंग व चारों धाम के प्रमुख अर्चक महंत महामंडलेश्वर आदि की उपस्थिति में यह सम्मान कुरुक्षेत्र के पावन धर्म भूमि पर प्रसाद स्वरूप प्राप्त हुआ है। इस मौके पर विंध्याचल से मनोज कुमार द्विवेदी, कौशिक द्विवेदी, अनुराग पांडे उपस्थित रहे।

## प्रोफाइल व सीट लॉक की प्रक्रिया करें पूरी

आजमगढ़। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी चेतन सिंह ने छात्रवृत्ति के लिए शिक्षण संस्थाओं से कहा है कि प्रोफाइल एवं सीट लॉक की प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद ही छात्रों के आवेदन पत्र संबंधित शिक्षण संस्थान से अग्रसारित किए जा सकेंगे। जिले के छात्रों से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। शिक्षण संस्थान अपने स्तर से संस्था की प्रोफाइल लॉक कराते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से अपनी संस्था की प्रोफाईल वेरिफाई करते हुए अपने स्तर पर छात्रों के आवेदन पत्रों को सत्यापित एवं अग्रसारित किये जाने कार्यवाही पूर्ण करने की कार्यवाही करें, ताकि छात्रवृत्ति का वितरण दो अक्तूबर को छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ दिया जा सकें।

## फाउण्डेशन के सदस्यों ने कैंसर मरीजों के इलाज में किया प्लेटलेट्स दान



मीरजापुर। जिले से वाराणसी जाकर 15 दिन के अंतराल में विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के रक्तवीर सदस्य टाटा मेमोरियल होमी भाभा कैन्सर हॉस्पिटल वाराणसी में जाकर सिंगल डोनर प्लेटलेट्स एसडीपी दान किया। बताते चलें कि एसडीपी की जरूरत कैन्सर से पीड़ित मरीजों को लगातार पड़ती रहती है, जिसके लिए रक्तकेन्द्र में एसडीपी स्टोर करने की एक जिम्मेदारी मीरजापुर के रक्तदाताओं ने भी ले रखा है। संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने बताया कि आज का यह कैम्प जन्मदिन स्पेशल के उपलक्ष्य में रखा गया, जिसमें सौरभ सिंह, अक्षत गुप्ता, आकाश तिवारी एवं रुद्रेश ऊमर के जन्मदिन पर कृष्णानन्द हैहयवंशी, हिमांशु कसेरा एवं अभिषेक साहू ने भी एसडीपी दान किया।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक




सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जिला कार्ययोजना बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुयी, बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि भाजपा जिला प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य व संचालन जिला उपाध्यक्ष/कार्यक्रम संयोजक अनिल सिंह गौतम ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंधित कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया और चुनाव कैसे संपन्न हो उसका मंत्र दिया कहा कि सभी लोग पंचायत चुनाव की तैयारी में लग जाए, राज्य निर्वाचन आयोग पंचायतों की मतदाता सूचियां का पुनरीक्षण कार्यक्रम करने जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और कहा जिस तरह से कार्य योजना संगठन के द्वारा बनाई गई है जनपद सोनभद्र का संगठन मजबूती से कार्य करेगा और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हिस्सा लेकर के चुनाव जीतने का काम किया जाएगा मैं पूर्ण रूप से संगठन को आपको आश्वासन देता हूं किसी भी तरह से हमारा संगठन हमारे कार्यकर्ता कहीं से भी असफल नहीं होंगे हम एक बार फिर इस चुनाव में कमल खिलाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यरूप से जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश दुबे, संतोष शुक्ल, शंभूनारायण सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, बीएन गुप्ता, कैलाश बैसवार, दिलीप पांडे, यादवेंद्र द्विवेदी, रामसुंदर निषाद, कृष्णमूरारी गुप्ता, अमरनाथ पटेल, नर सिंह पटेल, सीमा गुप्ता, विमलेश चौबे, शारदा खरवार, दिलीप चौबे, सहित आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राजनीति में शुचिता के पर्याय थे उमानाथ सिंह



जौनपुर। उमानाथ सिंह राजनीति में शुचिता के पर्याय थे। उनके व्यक्तित्व में सहजता सरलता एवं मृदुभाशिता का समावेश था। उक्त उद्गार पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेन्द्रनाथ पांडेय ने उमानाथ सिंह स्मृति सेवा संस्थान द्वारा पूर्व मंत्री उमानाथ सिंह की 31वीं पुण्यतिथि पर तिलकधारी महाविद्यालय के बलरामपुर सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किया। उन्होंने कहाकि जिन दिनों पूरे देश में कांग्रेस की तूती बोलती थी उन दिनों उमानाथ सिंह ने राजनीति में पदार्पण किया। वे सत्ता की राजनीति करते तो कांग्रेस का दामन थामते, परंतु उन्होंने सत्ता की बजाय पं. दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा को चुना जो समाज के अंतिम व्यक्ति को रहने खाने की सुविधा उपलब्ध कराने पर केन्द्रित है। श्री पांडेय ने कहाकि उमानाथ सिंह ने पूर्वांचल की राजनीति को नयी दिशा दी। सत्ता द्वारा प्रायोजित अत्याचारों का विरोध करते हुए उन्होंने प्राणोत्सर्ग किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पूर्व सांसद विद्या सागर सोनकर ने अनेक संस्मरणों के माध्यम से स्व. उमानाथ सिंह के शील, संयम और अनुशासनप्रियता पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश यादव ने कहाकि वे प्रदेश के जिस भी कोने में जाते हैं वहां जौनपुर का होने के कारण लोग मुझसे स्व. उमानाथ सिंह के बारे में पूछते हैं। इसी से उस विराट व्यक्तित्व की लोकप्रियता का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। आरंभ में अतिथियों को पुशप गुच्छ स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम्-प्रदान करके सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर विधायक रमेश सिंह, प्रबंधक देवेन्दर सिंह, प्राचार्य डा. रामआसरे सिंह, पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व प्राचार्य डा. विनोद सिंह, दुश्यंत सिंह, वीरेन्द्र सिंह एडवोकेट, राजबहादुर सिंह, डा. अजय दूबे, डा. राजदेव दूबे, डा. हरिओम त्रिपाठी, डा. आरएन त्रिपाठी, नितिन सिंह, राकेश सिंह, हरिश्चन्द्र सिंह, डा. ओपी रघुवंश, राकेश तिवारी आदि उपस्थित रहे। आगन्तुकों का अभिवादन तिलकधारी महाविद्यालय के प्रबंधक राघवेन्द्र सिंह, संचालन पूर्व प्राचार्य डा. समरबहादुर सिंह तथा आभार पूर्व सांसद केपी सिंह ने किया।

## राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन




दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी कस्बे के पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में रविवार को दुद्धी प्रेस क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुद्धी तहसीलदार अंजनी गुप्ता व विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय व भाजपा नेता रामेश्वर राय रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। दुद्धी प्रेस क्लब द्वारा आये हुए अतिथियों तहसीलदार दुद्धी अंजनी गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय व रामेश्वर राय का स्वागत माल्यार्पण, अंगवस्त्रम, मोमेंटो भेंट कर किया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के मुख्य अतिथि तहसीलदार दुद्धी अंजनी गुप्ता ने कहा कि हिंदी दिवस का आयोजन दुद्धी जैसे तहसील मुख्यालय पर किया जाना आपकी जागरूकता व एकता को दशार्ता हैं उन्होंने कहा कि हिंदी से ही हमारी पहचान हैं इसलिए इसे हर किसी को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश राय ने राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर सभी पत्रकार साथियों को शुभकामनाएं ज्ञापित करते हुए कहा कि पत्रकार को एक स्तम्भ के रूप में देखा जाता है। आपकी लेखनीय समाज के लिए राष्ट्र के लिए एक सकारात्मक ऊर्जा नई दिशा देने के रूप में होना चाहिए। कहा कि आज पत्रकार साथी मिलकर बड़े ही उमंग के साथ हिंदी दिवस मना रहे है। हिंदी मातृ भाषा है विदेशों में भी लोग हिंदी भाषा बोलने की कोशिश कर रहे है या सीख रहे है और हिंदी बोलते भी है। भाजपा नेता रामेश्वर राय ने कहा कि हिंदुस्तान की पहचान हिन्दी से बनता है और ये हमारी पहचान है और इस कार्यक्रम को दुद्धी के पत्रकार साथियों द्वारा आयोजित किया है जो बहुत ही गौरव की बात है। इसे आगे बढ़ाने का कार्यक्रम करने के लिए सभी पत्रकार बधाई के पात्र है। आगे सभी उपस्थित लोगों का स्वागत अभिनंदन करते हुए हिंदी दिवस के अवसर शुभकामना दिया। कार्यक्रम का संचालन राकेश गुप्ता व रमेश यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद चंद्रवंशी, उपेन्द्र तिवारी, देवेश मोहन, जितेंद्र अग्रहरि, राकेश गुप्ता, रमेश यादव, रवि सिंह, दीपक जायसवाल, अशोक कन्नौजिया, भीम जायसवाल, राफे खान, मदन मोहन तिवारी, इब्राहिम खान, विमल यादव, श्याम अग्रहरि, सुशील गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, दैवी शक्ति उर्फ राजा, नीतीश कुमार, ओमप्रकाश रावत, मनीष कुमार, सिराजुल, विवेक सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## संतान की सलामती व दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा जीवित्पुत्रिका व्रत



जिला संवाददाता(vol)

बीजपुर/सोनभद्र। क्षेत्र में रविवार को जीवित्पुत्रिका व्रत पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। अपने संतान की सलामती एवं दीर्घायु के लिए माताओं ने 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रख पूजा अर्चना किया। व्रती महिलाओं ने बीजपुर बाजार सब्जी मंडी, दुधहिया देवी मंदिर पुनर्वास, श्री बेड़िया हनुमान मंदिर, अजीरेश्वर धाम जरहाँ समेत अन्य नदी व सरोवर के किनारे जाकर पूजा पाठ किया।

दोपहर में ही व्रती माताओं ने प्रसाद बनाकर पूजा पाठ की तैयारी कर लिया। शाम होते ही व्रती महिलाएं गाजे-बाजे के साथ पूजा स्थल पर पहुंची। व्रती महिलाओं के साथ उनके परिजन पूजा की थाल लेकर घाटों पर पहुंच पूजा अर्चन में भाग लिया। इस दौरान महिलाओं ने गीत गाकर व जीमूतवाहन की कथा सुनकर पूजा पाठ किया। इस व्रत में मातायें अपने संतान की सलामती और अच्छे स्वास्थ्य के लिए पूरा दिन निर्जल व्रत रख कर पूजा पाठ करती हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में रोगों का हुआ परीक्षण व दवा वितरण

मीरजापुर। रविवार को डॉ एसपी सिंह पटेल राष्ट्रीय सचिव चिकित्सा मंच अपना दल एस एवं अध्यक्ष भूमि विकास बैंक एवं वर्षा पाली क्लिनिक की तरफ से मड़िहान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 71 रोगियों का इलाज किया गया, जिसमें 28 आंख की जांच एवं 43 अन्य प्रकार के रोगी जिसमें रक्त की जॉच सीबीसी, लीवर फंक्शन टेस्ट, हीमोग्लोबीन, शुगर, ईसीजी एवं टाइफाइड की निःशुल्क जांच और निःशुल्क उपचार किया गया। कार्यक्रम में डॉ एमबी शर्मा, डॉ नवेन्दु पटेल (एमबीबीएस), डॉ रेखा शर्मा जी (स्त्री रोग), डॉ शालिनी सिंह (चिकित्साधिकारी), डॉ ओ पी सिंह (नेत्र रोग), कु साजिया, कु सीमा मौर्या तथा दीपक मौर्या आदि लोगों ने सहयोग किया।

संक्षेप

## राजस्व वसूली करने गयी विद्युत विभाग की टीम पर हमला करने का आरोप

ललितपुर। राजस्व वसूली करने गयी विद्युत विभाग की टीम पर फाबड़े से जानलेवा हमला किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर विद्युत विभाग कर्मचारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। विद्युत उपकेन्द्र 33/11 केबी बाईपास पर तैनात टी.जी.-2 रविप्रकाश शर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विभागीय आलाधिकारियों के आदेश पर वह शनिवार को राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत ग्राम मसौराखुर्द गये हुये थे। उपकेन्द्र से पोषित 11 निवाई फीडर के अंतर्गत ग्राम मसौराखुर्द में वह संविदा कर्मी धर्मेंद्र व रामकुमार के साथ पहुंचे। गांव में दिनेश की चक्की के पास जब टीम पहुंची और वहां रहने वाली रविया बानो पत्नी रशीद से घर के विद्युत संयोजन का बकाया जमा करने की बात कही, तो उपभोक्ता ने बकाया बिल जमा करने से मना कर दिया। बकाया जमा न करने की दशा में जब लाइनमैन धर्मेंद्र विद्युत पोल पर संयोजन काटने के लिए चढ़े तो उसी दौरान निशाद पुत्र रशीद फाबड़ा लेकर अपनी छत से गालियां देते हुये धर्मेंद्र को मारने के लिए दौड़े और न तो बकाया जमा किया और न ही संयोजन काटने दिया।

मौके पर वह अपने संविदा कर्मियों के साथ किसी प्रकार जान बचाकर भागे। टी.जी.-2 ने बताया कि निशाद पुत्र रशीद ने राजस्व वसूली, सरकारी कार्य में बाधा डाली और सरकारी कार्य में तैनात संविदा कर्मियों के साथ गालियां देते हुये मारने का प्रयास किया गया। टी.जी.-2 रविप्रकाश शर्मा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 131, 132 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचानः श्रीप्रकाश त्रिपाठी






जिला संवाददाता

देवरिया। नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया द्वारा आयोजित हिन्दी दिवस समारोह में हैदराबाद विश्वविद्यालय के पूर्व सम कुलपति विभागाध्यक्ष हिंदी को अध्यक्ष को नागरी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी, मंत्री डॉ अनिल कुमार

- प्रतिष्ठानों के नाम हिन्दी, क्षेत्रीय भाषा में होना चाहिए
- हिंदी दिवस पर सम्मान समारोह

त्रिपाठी, उपाध्यक्ष श्री इन्द्र कुमार दीक्षित तथा डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी, संयुक्त मंत्री डॉ सौरभ श्रीवास्तव, बृजेश पांडेय, कोषाध्यक्ष श्री सरोज कुमार पाण्डेय, आय व्यय निरीक्षक वृद्धि चन्द्र विश्वकर्मा ने प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र देकर प्रो आर एस सराजू पूर्व सम कुलपति हिन्दी विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय हैदराबाद को नागरी रत्न, प्रो श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी पूर्व कुलपति इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्यप्रदेश को नागरी भूषण एवं गीतकार भूषण त्यागी को नागरी श्री सम्मान से सम्मानित किया।

इसके बाद नागरी रत्न से सम्मानित विद्वान प्रो आर एस सराजू ने अपने वक्तव्य में कहा - आज भूमण्डलीकरण के दौर में प्रायः प्रतिष्ठान, दुकान पर नाम अंग्रेजी में लिखे मिलते हैं। ऐसा होने से हम अपनी संस्कृति और भाषा से दूर होते जा रहे हैं। कम से कम इतना तो होना ही चाहिए कि प्रतिष्ठानों के नाम हिन्दी या अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में लिखे जायें। अपनी बात कहूं तो हिन्दी सीखने के लिए मैंने बनारस, इलाहाबाद, पटना आदि की यात्रा की। मैं हिन्दी और भारतीय भाषाओं को नमन करता हूं। आप लोगों ने मुझे सम्मानित किया इसके लिए बधाई।

नागरी भूषण सम्मान से सम्मानित प्रो श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने सभा और सभा परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा जिस भाषा को राष्ट्र और राष्ट्र नायकों का साथ मिल जाता है वह बहुत उन्नत हो जाती है। हिन्दी हमारे आचार विचार के साथ सत्व और निजत्व की भाषा है। यह हमारी सांस्कृतिक पहचान है। हिन्दी आस, विश्वास और स्वास की भाषा है। यह प्रीति और प्यार की भाषा है। हिन्दी हमारे स्पंदन के अभिव्यक्ति की भाषा है। इसके विकास यात्रा में भारतीय कामगारों की विशेष भूमिका है, जब तक यह जन के साथ रहेगी आगे बढती रहेगी। नागरी श्री सम्मान से सम्मानित कवि भूषण त्यागी ने कहा अपने घर में सम्मानित होना बहुत ही सुखद और आह्लादकारी होता है। अपने घर में यह मेरा दूसरा सम्मान है मैं इस पूरी सभा का बहुत बहुत आभारी हूं। आगे त्यागी जी ने दो सुन्दर गीत है स्वयं से शिकायत यही रात दिन, कुछ लिखा क्यों नहीं आदमी के लिए एवं आलोक नहीं मरने वाला सुनायी।

सम्मानित विद्वान गण के उद्बोधन के बाद 12 सितम्बर को हुए वाद-विवाद प्रतियोगिता में सफल हुए बच्चों को अतिथि गण ने पुस्तक और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। सम्मान समारोह के पूर्व अतिथि गण ने सभा के अध्यक्ष मंत्री और पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। वाणी वन्दना दयाशंकर कुशवाहा एवं स्वागत गीत छेदी प्रसाद गुप्त विवश ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नये आजीवन सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों -ई रमेश तिवारी, डॉ मधुसूदन मिश्र एवं शरदेन्दु मिश्र को शपथ दिलायी गई एवं प्रमाण पत्र दिया गया। इसके पूर्व आयोजित द्वितीय रविवारीय कवि गोष्ठी में पवन प्रज्ञान, उमेश चन्द्र तिवारी, लालता प्रसाद चौधरी, विकास तिवारी विक्की, बृजेन्द्र नाथ त्रिपाठी, नन्दलाल मणि, योगेन्द्र पाण्डेय, नित्यानंद पाण्डेय, रविनंदन सैनी, गोपाल जी त्रिपाठी, सौदागर सिंह, रमेश सिंह दीपक, अवधेश निगम राजू, प्रीति पाण्डेय, संजय कुमार राव, राम मनोहर मिश्र, रत्नेश सिंह रतन आदि कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। इसी अवसर पर डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी की पुस्तक सृजन, समीक्षा और संवाद के बेल पत्र एवं गिरिधर करुण की काव्य पुस्तक कोरे कागज के आखर का लोकार्पण हुआ। कवि गोष्ठी का संचालन प्रार्थना राय एवं सम्मान समारोह का संचालन रविप्रकाश मिश्र ने किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ सौरभ श्रीवास्तव ने सबके प्रति आभार प्रकट किया। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने अतिथियों का परिचय देते हुए शाब्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर जगदीश उपाध्याय, रवीन्द्र नाथ तिवारी, अरुण मिश्र, डॉ अभय कुमार द्विवेदी, शिव प्रकाश मिश्र, डॉ मधुसूदन मणि त्रिपाठी, ऋषिकेश मिश्र, हिमांशु कुमार सिंह, श्वेतांक मणि त्रिपाठी, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, दुर्गा पाण्डेय, डॉ शकुन्तला दीक्षित, वीरेंद्र कुमार शुक्ल, बृजेश पाण्डेय प्रबन्धक, आशुतोष त्रिपाठी, वरुण पाण्डेय, गोपाल कृष्ण सिंह रामू, सोमनाथ मिश्र, रजनीश मोहन गोरे, परमेश्वर जोशी आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर गोष्ठी का आयोजन

कुशीनगर। हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर रोटरी क्लब द्वारा नगर के एक निजी होटल में विशेष गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्धि तथा समाज में उसके व्यापक उपयोग पर विचार-विमर्श हुआ।

वक्ताओं ने कहा कि हिंदी हमारी अस्मिता, एकता और सांस्कृतिक विरासत की ध्वजवाहक है।

हिंदी का प्रचार-प्रसार केवल भाषाई दायित्व नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य भी है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी वर्गों के लोग हिंदी के सम्मान और उसके प्रयोग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।

कार्यक्रम का संचालन विजय कृष्ण द्विवेदी ने किया।

इस दौरान वाहिद अली, अजय कुमार सिंह, दुर्गेश चतुवेर्दी, विजय कृष्ण द्विवेदी, डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, अमित श्रीवास्तव, सुनील सिंह, राजीव तिवारी, महेंद्र तिवारी (मोनू), अखिलेश शर्मा, आशीष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## विभागीय लापरवाही से नवजात शिशु की मौत, परिजनों में आक्रोश

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोहावल में तैनात स्टाफ नर्स की लापरवाही से प्रसव पीड़िता महिला के गर्भ में नवजात शिशु की मौत होने की बात परिजन कह रहे हैं। आरोप है कि बीते शनिवार की शाम मिल्कीपुर क्षेत्र के कीन्हूपुर निवासिनी सीता कुमारी पत्नी शानू उम्र 25 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि शुरूआती जांच में सब कुछ सामान्य बताया गया। लेकिन रात में दर्द का इंजेक्शन देने के बाद तैनात नर्स रितिका सो गईं। रात भर प्रसूता कराहती रही। दो बार गुहार लगाने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। सुबह पांच बजे नर्स ने पुनः इंजेक्शन लगाया। जिसके बाद गर्भ में शिशु की हलचल बंद हो गई। कुछ देर बाद मृत शिशु को बाहर निकाला गया। जिससे प्रसूता की हालत भी गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। पिछले एक वर्ष में इसी केंद्र पर आधा दर्जन नवजातों और प्रसूताओं की मौत लापरवाही के चलते हो चुकी है। जिसके कारण मरीज मजबूरी में निजी अस्पतालों में महंगी फीस देकर प्रसव कराने को विवश हैं। पीड़िता के ससुराल पक्ष का कहना है कि चार महीने से कोई अप्रिय घटना न होने के कारण उन्होंने अस्पताल पर भरोसा किया। लेकिन लापरवाही ने उन्हें पहला पौत्र खोने पर मजबूर कर दिया। इस बारे में सीएचसी प्रभारी अपर्णा कोहली से संपर्क साधने का प्रयास किया गया। लेकिन उनका फोन बंद मिला। वहीं डिप्टी सीएमओ डाक्टर वेद प्रकाश त्रिपाठी ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन देकर औपचारिकता निभा दी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि स्वास्थ्य केंद्र पर लापरवाही का सिलसिला नहीं रुका तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे।

## मामूली विवाद में 40 ने बोला हमला

अयोध्या। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में ई रिक्शा हटाने को लेकर विवाद के बाद बलवा और मारपीट हुई। प्रकरण में 40 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शिकायत में शहीद गली लाल कोठी के बगल में रहने वाले अजय सिंह पुत्र स्व.छेदी लाल का कहना है कि शनिवार की शाम ई रिक्शा हटाने को लेकर उसके चालक से चाचा का विवाद हुआ। उसके बाद ईरिक्शा चालक अपने साथ 40 लोगों को लेकर आया और घर पहुंच मेरे बारे में पूछताछ की। इसके बाद भतीजे अमन सिंह व रवि सिंह को गाली देते हुये लोहे के रॉड, हाकी व सारिया से हमला बोल दिया। दोनों को मारपीटा और जान से मार देने की धमकी दी। अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा का कहना है कि प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ितों का मेडिकल और विवेचना कराई जा रही है।

## बच्चों के विवाद में मारा- पीटा

अयोध्या। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट की गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली के महोबरा बाजार मक्खापुर निवासी पीड़िता आयशा बानो पत्नी मोहम्मद नफीस का कहना है कि जुलुस के दौरान बच्चों की ओर से गुब्बारा फोड़ने का आरोप लगते हुए दोपहर विपक्षी घर पर पहुंच गए। गाली-गलौच के बाद बाद मोहम्मद अकील व शहजादे तथा नाजो पत्नी कलाम ने घर में घुसकर उसपर हमला बोल दिया। हमले में सिर में गंभीर चोट लगने के कारण वह बेहोश हो गई। आसपास के लोगों ने उसकी जान बचाई और अस्पातल भेजवाया। विपक्षियों की ओर से जान माल की धमकी दी गई है।

## सावित्री बाई फुले ने प्रतिकूल परिस्थितियों में किया शिक्षा का प्रसार




कसया, कुशीनगर। नगर स्थित वार्ड संख्या 24 सुभाष नगर में मीरा सुरेश सेवा न्यास द्वारा भारत की पहली महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके समाज सुधारक योगदान विषय और संगोष्ठी आयोजित की गई। रविवार को कार्यक्रम की शुरूआत सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण से किए गया। मुख्य वक्ता दिनेश तिवारी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी शिक्षा का प्रचार-प्रसार कर समाज की जड़ों में व्याप्त अज्ञानता और कुरीतियों को चुनौती दी। वे स्त्रियों और वंचितों के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत रहीं। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. रवि शंकर प्रताप राव ने कहा कि शिक्षा ही समाज सुधार का सबसे सशक्त माध्यम है और सावित्रीबाई फुले ने इसे अपने जीवन से सिद्ध कर दिखाया। विशिष्ट अतिथि अमित मिश्रा ने कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और समाज को दिशा देने वाली हैं। अध्यक्षता करते हुए डॉ. अंबरीश विश्वकर्मा ने कहा कि सावित्रीबाई का जीवन संघर्ष और समर्पण की मिसाल है। जिससे हमें सीख लेकर समाज सुधार और शिक्षा प्रसार के कार्यों में आगे बढ़ना चाहिए। संचालन आयोजक राजू कुमार मद्धेशिया और कृष्ण मुरारी धर द्विवेदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। गोष्ठी में रमेश मद्धेशिया, पवन गुप्ता, सुनंदा विश्वकर्मा, रिंकी मद्धेशिया, मीरा देवी राम प्रताप चौरसिया, राम नारायण जायसवाल अजीत श्रीवास्तव मौजूद

## रामलीला महोत्सव की तैयारियों पर मंथन



अयोध्या। आगामी रामलीला महोत्सव किस प्रकार से सुंदर और भव्य ढंग से संपन्न और यहां के आयोजन का स्तर भी अयोध्या के गरिमा के अनुरूप न्याय कर सके इस बात पर मंथन के लिए जिला प्रशासन और केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति तथा सभी रामलीला समितियो के पदाधिकारियों की एक बैठक अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडे और पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी और केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के अगुवाई में संपन्न हुई। बैठक में रामलीला समितियों से आए हुए चैक से कन्हैया अग्रवाल, गद्दोपुर संतोष सिंह पार्षद, साहबगंज से अशोक सिंह और अजय गुप्ता, जप्ती से पीयूष मौर्य लकी, कोठापार्चा से सिद्धार्थ महान और आशीष महेंद्रा, हैदरगंज से तरुण गुप्ता डंपी, फतेहगंज से राजीव गुप्ता, शंकरगढ़ से हनुमान प्रसाद वर्मा ने अपने-अपने रामलीला से संबंधित समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। बैठक में केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि अयोध्या के रामलीला में आकर्षक धीरे-धीरे कम हो रहा है इसलिए प्रत्येक रामलीला को कोई ना कोई विशिष्ट कार्यक्रम अवश्य करना चाहिए। प्रशासनिक सहयोग के बिना रामलीलाओं का उत्थान संभव नहीं है इसलिए प्रशासन को भी आगे बढ़कर रामलीला से संबंधित सभी समस्याओं का समय से निस्तारण किया जाना चाहिए। रामलीला समितियों से भी श्री जायसवाल ने आग्रह किया कि इस बार से शोभायात्रा शाम 4 बजे प्रारंभ करने का प्रयास करे। बैठक में अधिकारियों ने सभी आयोजन समितियों से कहा कि अपने कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन के उपाय अवश्य करे और सीसीटीवी भी जरूर लगवाए। इस बार प्रशासन की तरफ से पिछली बार से बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में केंद्रीय समिति से गगन जायसवाल, प्रेमनाथ राय, जे एन चतुवेर्दी, केशव बिगुलर, अतुल सिंह, बजरंगी साहू आदि उपस्थित रहे।

# दिलासीगंज अंत्येष्टि स्थल पर विद्युतीकरण की मांग



गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज नगर पंचायत क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र की स्थापना तथा कोतवाली परिसर में फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ी खड़ी करने व दिलासीगंज शमशान घाट पर विद्युतीकरण कराने एवं सोलर पैनल लगाए जाने के साथ साथ गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर कैफियत एक्स0 ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित कराए जाने की मांग को लेकर

- गोसाईगंज कोतवाली में खड़ी की जाय फायर ब्रिगेड की गाड़ी
- सांसद लालजी वर्मा को सभासद आरती जयसवाल ने सौंपा मांगपत्र

गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बफानीं सेवा समिति की अध्यक्ष आरती जयसवाल रविवार को बजरंग समिति के अध्यक्ष अशोक मोदनवाल के साथ अंबेडकर नगर के सांसद लाल वर्मा से मोहद्दीपुर गांव स्थित उनके आवास पर मिली तथा जनहित में उपरोक्त मांगों को पूर्ण कराए जाने के लिए जमकर पैरवी की। सांसद श्री वर्मा को दिए गए मांग पत्र में सभासद श्रीमती जायसवाल ने दशार्या है कि गोसाईगंज विस. मुख्यालय स्थित गोसाईगंज नगर पंचायत क्षेत्र में अग्नि समन केंद्र की स्थापना तथा ग्रामीण एवं बाजार क्षेत्र में आए दिन होने वाली आगजनी की घटनाओ को रोकने एवं गोसाईगंज कोतवाली परिसर में अबिलंब फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ी खड़ी किए जाने के साथ ही दिलासीगंज शवदाह स्थल पर विद्युतीकरण एवं सोलर पैनल लगाए जाने की मांग इसके पहले भी उनके द्वारा कई बार पत्र देकर की गई लेकिन कारवाई आज भी शून्य है। सांसद श्री वर्मा ने सभासद श्रीमती जायसवाल को बताया कि गोसाईगंज कस्बे में अग्निशमन केंद्र की स्थापना एवं कोतवाली परिसर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी खड़ी करने को लेकर बीते साल मुख्यमंत्री को पत्र उन्होंने लिखा था। सांसद निधि का पैसा समाप्त होने के कारण दिलासीगंज शमशान घाट का विद्युतीकरण नहीं कराया जा सका। लेकिन इस बार जैसे ही निधि का बजट आयेगा वैसे ही सबसे पहले दिलासी गंज शमशान घाट पर विद्युतीकरण एवं सोलर पैनल लगाए जाने का कार्य करा दिया जाएगा। इस दौरान बजरंग समिति के अध्यक्ष अशोक मोदनवाल, दिनेश कुमार जायसवाल मौजूद रहे।

# ध्यान और शांति के लिए लिए सुलभ होगा विपश्यना केंद्रः राकेश

जिला संवाददाता



कसया, कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन स्थल पर सुंदर और मनोरम छटा बिखेर रहा बुद्ध वन पार्क स्थित विपश्यना केंद्र पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए अब पूरी तरह तैयार है और ध्यान, साधना और शांति के लिए आने वाले लोगों के लिए सुलभ होगा। विश्व बैंक की सहायता से प्रो

- बुद्ध वन पार्क स्थित विपश्यना केंद्र की हुई साफ-सफाई

पुअर परियोजना के तहत बुद्देशीय निर्मित इस स्थल का हस्तांतरण रख रखाव के लिए हो चुका है। पर्यटकों और मार्निंग वॉक लिए आने वाले लोगों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष कुशीनगर किरन राकेश जायसवाल के निर्देश पर रविवार को विपश्यना केंद्र परिसर की साफ सफाई की गई।

शनिवार को भ्रमण के बाद पुनः रविवार को कुशीनगर स्थित विपश्यना केंद्र (वन विभाग) में एक संपूर्ण सफाई अभियान का निरीक्षण करने सभासद गण के साथ पहुंचे नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि शांति, करुणा और मैत्री के उपदेशक भगवान बुद्ध स्थली पर स्थापित विपश्यना स्थल आत्म- निरीक्षण और शांति का केंद्र बिंदु है और ध्यानार्थियों के लिए एक शांत और पवित्र वातावरण सुनिश्चित करता है।

यहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है क्योंकि यह केंद्र ध्यान और शांति के लिए आने वाले देश-विदेश के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्र की सफाई कार्य का उद्देश्य केंद्र को स्वच्छ और साधना के लिए उपयुक्त बनाना है। केंद्र के बगीचे की हरियाली और स्वच्छता ने सभी को प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव कराता है। सफाई के बाद विपश्यना केंद्र का वातावरण और अधिक शांत, स्वच्छ और सकारात्मक हो गया है।

यह केंद्र ध्यान, आत्म-जागरूकता और शांति की खोज करने वालों के लिए एक आदर्श स्थान होगा। इस दौरान सभासद केशव सिंह, अमरनाथ जायसवाल, पवन जायसवाल, बैजनाथ चौहान, राजेश मद्धेशिया, रामप्रताप चौरसिया, शिवेन्द्र पाठक सहित नपा कर्मी मौजूद रहे।

# आरटीई में संशोधित अधिनियम पर पुनर्विचार करने का आह्वान

जिला संवाददाता




ललितपुर। संशोधित अधिनियम पारित करने तथा सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने की मांग को लेकर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) जिलाध्यक्ष अनिल राठौर के नेतृत्व में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने राज्यमंत्री मनोहर लाल के जरिए प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में आर.टी.ई के संशोधन

- यूटा ने प्रधानमंत्री के नाम राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

अधिनियम 2017 में 31 मार्च 2015 को नियुक्त या कार्यरत सभी शिक्षक जिनके पास आर.टी.ई एक्ट की धारा 23 (1) के अनुसार न्यूनतम अहार्यता नहीं है को 4 वर्ष के अंदर योग्यता प्राप्त कर लेने हेतु निर्देशित किया गया। जबकि आरटीई एक्ट की धारा 23 (1) के अनुसार 23 अगस्त 2010 के पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की आवश्यकता नहीं है। उपरोक्त के परिपेक्ष में यह स्पष्ट है कि 23 अगस्त 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा गया है। जबकि उच्चतम न्यायालय के 1 सितंबर 2025 के आदेश में समस्त शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण किए जाने के आदेश दिए गए हैं तथा दो वर्ष में टीईटी उत्तीर्ण ना करने पर सेवा समाप्ति की भी बात की गई है, जो सर्वथा अनुचित है। इससे 30 लाख से अधिक शिक्षकों एवं उनके परिवार के भविष्य पर खतरा पैदा हो रहा है और उनकी मानसिक स्थिति भी प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में कैसे वह अपना पूर्ण मनोयोग से पठन-पाठन करा पाएंगे। यूटा ने उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की मांग उठायी। इस दौरान जिला संयोजक सतीश रठानिया, जिलाध्यक्ष अनिल राठौर, महामंत्री प्रमोद तिवारी, कोषाध्यक्ष अंशु नामदेव, नवीन कुमार सिंह, संजीव गुप्ता, विजय कुमार, राजू यादव, दिनेश कुमार, मयंक श्रीवास, विनोद अहिरवार, गीता दोहरे, पुष्पेंद्र दोहरे, कल्याण सिंह, राजेंद्र कुमार, देवेन्द्र कुमार, रोहित घनघोरिया, अश्विनी झां, अमित श्रीवास्तव, सुशांत सिंह, उर्मिला राठौर, गीता साहू, अर्चना गोस्वामी, कल्पना गुप्ता, पूनमसिंह, प्रमोद कुमारी, चित्रा तिवारी, अर्चना जायसवाल, गरिमा कुशवाहा, प्रीति श्रीवास्तव, रेनू राठौर, श्वेता मलैया, मन्जू राठौर, प्रियंका वर्मा, प्रीति तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, कंचनप्रभा, प्रतिभा राठौर, कीर्ति चैरसिया, जितेन्द्र प्रजापति, पुष्पेंद्र बुंदेला, अमित गुप्ता, पीयूष, दीपांकर, भीम कुमार, संजीव लोहिया, धर्मेन्द्र जैन, विवेक तिवारी, वेदप्रकाश, मयंक श्रीवास्तव, अंकित कुशवाहा, श्रीराम, विक्रम सिंह, ज्ञानसिंह, अतुल मिश्रा, गिरिधारी, दानिश अंसारी, अभिषेक, कल्याण सिंह, डालचन्द्र, अरुन राठौर, हर्ष कौशिक, सुनील कुमार, रामकुमार, संजय गौतम, पूर्णेन्द्र सिंह, नितिल कुमार, संदीप कुमार, अखिलेश साहू, विवेक जायसवाल, प्रवीण कुमार, प्रदीप श्रीवास, शुभम रजक आदि मौजूद रहे।

# सैपुरा से धौर्रा मार्ग टू लाइन सड़क न होने से वाहन चालक परेशान

जिला संवाददाता

ललितपुर। विगत कई वर्षों से धौर्रा सैपुरा मार्ग टू लाइन सड़क बनने की बाट लगाए हुऐ हैं किन्तु जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस ओर अपना ध्यानाकर्षित नही कर रहे हैं जिससे

- कई वर्षों से टू लाइन मार्ग की आस लगाए है राज्य मंत्री के पैतृक गांव की सड़क

धौर्रा मार्ग पर जाने वाले वाहन चालकों व राहगीरों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। ज्ञातव्य हो कि ललितपुर से सैपुरा तक तो टू लाइन सड़क हैं इसके बाद सैपुरा से धोर्रा तक सिंगल सड़क हैं जिस सड़क पर वाहन चालकों को सामने से अन्य वाहन आ जाने पर साइड देने में बहुत भारी परेशानी होती है क्योंकि एक तो सिंगल सड़क है ऊपर से सड़क के दोनों तरफ पटरी भी नहीं है जिसके कारण अत्याधिक परेशानी होती है। आपको बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार में श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी जनपद ललितपुर के ग्राम धौर्रा के ही मूल निवासी हैं और धौर्रा उनका पैतृक गांव है। बावजूद इसके धौर्रा तक टू लाइन सड़क न होना अपने आप में एक बड़ी समस्या है।

मालूम हो कि धौर्रा से मध्य प्रदेश के जिला अशोक नगर, गुना, सागर भोपाल आदि जगहों पर जाने के लिए बेतवा नदी व सौर नदी पर पुल भी बने हुए हैं जिससे इस मार्ग पर अत्याधिक वाहनों का आना जाना लगा रहता है। यही नहीं तीर्थ क्षेत्र श्री रणछोड़ धाम मन्दिर भी इसी मार्ग से होकर जाना होता है इसलिए इस सड़क पर वाहनों का आवागमन लगा रहता है।

जनहित में सैपुरा धौर्रा मार्ग की सड़क को टू लाइन सड़क कराये जाने हेतु जिले के जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को ध्यान देने की जरूरत है व प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवा योजन राज्य मंत्री को भी इस ओर अपना ध्यान आकर्षित करना चाहिए।

संक्षेप

## अनपढ़ किसान को लोन दिलाने का झांसा देकर 11 लाख हड़प लिये

पुरवा, उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा प्रबंधक और एक दलाल द्वारा की गई धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। हुलासी खेड़ा निवासी किसान फूलचंद्र पुत्र भवरेश्वर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायतीपत्र दिया है। रायबरेली निवासी दलाल शिवाकांत सिंह ने एक कार्यक्रम में फूलचंद्र से मुलाकात की। उसने बैंक मैनेजर प्रीति सिंह से अपनी जान-पहचान का हवाला देते हुए उद्योग के लिए लोन दिलाने का प्रस्ताव रखा। चक्की और सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए 9.90 लाख रुपए के लोन का वादा किया गया। फूलचंद्र ने 1.10 लाख रुपए मार्जिन मनी बैंक में जमा की। साथ ही 30 हजार रुपए फाइल चार्ज के रूप में बैंक मैनेजर को दिए। बैंक मैनेजर ने कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। 18 अप्रैल को फूलचंद्र के खाते से 11 लाख रुपए एक अन्य फर्म को ट्रांसफर कर दिए गए। जब फूलचंद्र ने बैंक मैनेजर से जानकारी मांगी तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। बैंक मैनेजर ने उन्हें मुकदमा लिखवाकर जेल में डालने की धमकी भी दी। फूलचंद्र का आरोप है कि उनके अनपढ़ होने का फायदा उठाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार किए गए। मौरावां थाना सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी इसकी शिकायत की गई है। पीड़ित ने कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

## ससुर पर कच्चा घर गिराने की पुलिस से शिकायत

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भगत खेड़ा मजरे तल्हौरी निवासिनी सुमन पत्नी अनिल कुमार के मुताबिक उसके ससुर व परिवार के लोगों ने उसे रहने को कच्चा मकान दिया था। जिसमें वह अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ रहती है। जिसे सास-ससुर व देवर ने उसकी गृहस्थी का सामान जबरन बाहर फेंक कर घर गिराने लगे। जिसका विरोध करने पर अमादा मारपीट होकर दोबारा यहां आने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना को लेकर पीड़िता खासी हैरान व परेशान है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## कुछ क्षेत्र में बाढ़ का पानी कम होने से राहत, प्रशासन सर्तक

पाटन, उन्नाव। बाढ़ के हालात इन दिनों आम जनमानस के लिए परेशानी का कारण बना है। इसके चलते लोगों को अपने घर छोड़ने पड़ रहे है। शिविर में रहकर जीवन यापन करना पड़ रहा है। कई बार सीमित संसाधन मे ही गुजारा करना पड़ता है। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर अधिकारी पूरी ताकत से मदद के लिए दौड़ रहे है। लेकिन आपदा में मदद कितनी भी हो कम ही साबित होती है। तहसील बीघापुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्राम धरमपुर, पसनियाखेडा, लालखेडा, गढेवा आदि में बाढ़ का पानी कम होता दिख रहा है। जो कि फौरी तौर पर प्रशासन व बाढ़ प्रभावित परिवारो के लिए राहत की बात है। फिर भी प्रशासन बाढ चैकियो के माध्यम से मौके पर नजर बनाये हुए है। बाढ़ चौकी शिवराजपुर मे लेखपाल संजीव कुमार, गौरव मिश्र व आनंद सिंह मौजूद रहे।

# अधीक्षण अभियंता ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। अधीक्षण अभियंता, सिंचाई कार्य मंडल सीतापुर नीलेश कुमार जैन ने ग्राम लखनीपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने संचालित कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। श्री जैन ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित कर्मचारियों को तीव्रगति से कटान रोधी कार्य कराने हेतु निर्देशित भी किया। इस दौरान

- बचाव कार्यों को तीव्र गति से कराए जाने के दिए निर्देश

अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल ने बताया कि 13 सितम्बर को शारदा नदी का जलस्तर 134.30 मीटर है जो कि खतरे निशान से 19 सेमी0 नीचे हैं।

घाघरा नदी का जलस्तर 135.20 मीटर है जो कि खतरे के निशान से 158 सेमी0 नीचे है। उन्होंने बताया कि ग्राम लखनीपुर में कटान को रोकने के लिए नायलॉन क्रेट, गेबियान रोप केस एवं बम्बू क्रेट में आर0बी0एम0 से भरी ई0सी0 बैग भरकर नदी के किनारे फ्लड फाइटिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिससे ग्राम लखनीपुर में कटान रूका हुआ है। आबादी नदी की कटान से सुरक्षित है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शारदा नदी के तटवर्ती ग्रामों का लगातार भ्रमण किया जा रहा है। ग्रामवासियों से संवाद कर उनको जलस्तर के बारे में जानकारी दी जा रही है एवं विभाग से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

## कारागार राज्यमंत्री ने किया बाढ़ क्षेत्र का भ्रमण

हरगांव (सीतापुर)। लहरपुर क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित लोगों से हरगांव विधानसभा के विधायक व कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने संपर्क कर लोगों के बीच राहत सामग्री बांटी। जानकारी के अनुसार हरगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने हरगांव लहरपुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जाकर लोगों से मिलकर राहत सामग्री राहत सामग्री वितरित की। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सबसे पहले उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को निर्देश दिए कि पीड़ितों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और जो परिवार लाभ से वंचित रह गए हैं। उन्हें अविलंब लाभांवित कराया जाए। इसके बाद उन्होंने लालपुर मंडी समिति परिसर में वितरण की जा रही सामग्री का निरीक्षण किया। बाढ़ से पीड़ित गांव सोंसरी, रमपुरवा, सूजा बाद, कुसेपा, दहेली, अमर नगर, गौरेला, शेखनापुर आदि गांवों का भ्रमण किया। अमरनगर गांव के कई लोग वाहन हादसे में चोटिल हो गए थे उनका हाल चाल जाना। भ्रमण के दौरान महेंद्र अवस्थी, हरिमोहन वर्मा सदस्य जिला पंचायत वासुदेव पांडे, भाजपा नेत्री प्रेमकुमारी भार्गव, विनोद शुक्ला, धर्मेंद्र दीक्षित, प्रधान दिनेश दीक्षित तेजवापुर, आशाराम निषाद, अच्छेलाल, गिरजेश मिश्र, राजकुमार भार्गव काफी संख्या में प्रधान व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रक्तदानी शिक्षक का हुआ सम्मान

उन्नाव। भारत उन्नयन समिति द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक अक्षय कटियार का मानो नयन जिला रक्तदानी प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में चयन किया गया। विकासखंड सुमेरपुर में कार्यरत विज्ञान शिक्षक अक्षय कटियार एक विषाणु विज्ञानी भी है। जिनके शोध पत्र पूर्व में विभिन्न राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। वर्तमान में अक्षय कटियार रक्तदान के लिए आम




जनमानस को प्रेरित करने तथा उनमें वैज्ञानिक समझ विकसित करने के लिए लगातार जागरुकता कार्यक्रम चलाते है। रक्तदान के लाभों के प्रति जन जागरूकता एवं रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने जैसे कार्य कर रहे हैं। उन्हें भारत ऑनलाइन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि अक्षय कटियार अब तक स्वयं 23 बार रक्तदान कर चुके हैं।

## अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

सोनभद्र। शनिवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के अमलोरी क्षेत्र में आयोजित अंतर क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025-26 का समापन हुआ। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में टीम चैंपियनशिप, एकल, युगल, वरिष्ठ वर्ग, सुपर वरिष्ठ वर्ष, महिला वर्ग इत्यादि श्रेणियों में मैच खेले गए। प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से पुरुष व महिला श्रेणी में कुल 138 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में महाप्रबंधक (मानव संसाधन/कल्याण) राजेश त्रिवेदी, क्षेत्रीय महाप्रबन्धक (अमलोरी), आलोक कुमार, एनसीएल के जेसीसी सदस्य, परियोजना के विभागाध्यक्ष, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं व इकाइयों से 13 टीमों ने भाग लिया। टीम चैंपियनशिप में मुख्यालय की टीम ने खिताब अपने नाम किया तथा झिंगुरदा परियोजना की टीम द्वितीय स्थान पर रही। एकल प्रतियोगिता (पुरुष) में मेराज अहमद (मुख्यालय) प्रथम व निर्मल मिश्रा (झिंगुरदा)) द्वितीय रहे। वहीं महिला वर्ग (एकल) में इन्दु बाला (मुख्यालय) प्रथम व मोनोदीपा डे कीर्ति (मुख्यालय) द्वितीय स्थान पर रहीं। युगल प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में मुख्यालय से रजत मलिक व डी एन तिवारी की टीम विजेता तथा झिंगुरदा से निर्मल मिश्रा व निगाही से मोहनीश सोनी की टीम उपविजेता बनी। महिला वर्ग में मुख्यालय से इन्दु बाला एवं मोनोदीपा डे कीर्ति की टीम ने डबल्स का खिताब अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त खड़िया से गुंजन कुमारी एवं मुख्यालय से श्रीमती शिरीन राही की टीम उप विजेता बनी। वही वरिष्ठ वर्ग में (45 वर्ष से अधिक) की एकल प्रतियोगिता में मुख्यालय से रवींद्र सिंह प्रथम और नौशाद आलम द्वितीय रहे। वरिष्ठ वर्ग (युगल) में मुख्यालय से रवींद्र सिंह तथा नौशाद आलम की टीम ने बाजी मारी।

## बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक आयोजित




जिला संवाददाता(vol)

सेउता (सीतापुर)। श्री बुनियाद महाविद्यालय खैराबाद में बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली मुख्य अतिथि पूर्व सांसद नगीना गिरीश चंद्र जाटव, विशिष्ट अतिथि अखिलेश अंबेडकर, मुनकाद अली, बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं बसपा संस्थापक कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर लोगों को संबोधित करते हुए बोले कि इस बार बहन कुमारी मायावती 2007 की तरह ही मेहनत कर रही हैं। आप लोग भी लग जाइए, 2027 में पुनः बहन कु मायावती को यूपी की मुख्य मंत्री बनाना है।

गिरीश चंद्र जाटव ने कहा कि आप लोगों को 9 अक्टूबर की रैली को सफल बनाना के लिए पूरी तैयारी के साथ मेहनत करना है। इसी रैली से ही विजय पताका फहराना है।

इस मौके पर हरीश सैलानी, राजपाल गौतम, वीर गौतम, सोबरन लाल गौतम, सोमेंद्र गौतम, जिला अध्यक्ष युवराज चौधरी, जिला अध्यक्ष हरदोई सुरेश चौधरी, जिला अध्यक्ष लखीमपुर खीरी विपिन कुमार गौतम, जिला प्रभारी रामलखन गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राममूर्ति मधुकर, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद कुमार गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, अनिल भारती, राजेंद्र गौतम, जिला महासचिव रजनीश मौर्य, डॉ प्यारे लाल, डॉ योगेन्द्र प्रताप चौधरी सोनावा, जिला उपाध्यक्ष जुनैद अंसारी पूर्व प्रत्याशी, सतीश कुमार, अजय कुमार, मोहित बौद्ध, शिव बालक, संदीप चौधरी, रिंकू चौधरी, डॉ विजय भारती रेउसा, संजीत भारती रेउसा आदि लोग उपस्थित थे।

## रेलवे सुरक्षा बल का जनजागरूकता अभियान

हरगांव (सीतापुर)। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीतापुर की टीम ने शुक्रवार को बड़ा गांव, झरेखापुर, गदनापुर और परसेरामाल में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को रेलवे से जुड़ी सुरक्षा सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया और नियमों का पालन करने की अपील की गई। अभियान में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त चंद्र मोहन मिश्रा, सहायक सुरक्षा आयुक्त रविशंकर सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कमलेश कुमार यादव और कांस्टेबल अरविन्द कुमार ने ग्रामीणों को समझाया कि ट्रेन पर पत्थर बाजी जैसी घटनाएं न केवल यात्रियों की जान के लिए खतरनाक हैं। बल्कि इसमें दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। इसी तरह चैन पुलिंग करने से ट्रेन समय से लेट होती है और यात्रियों को परेशानी होती है, इसलिए इसे कतई न करें। ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि बंद रेलवे फाटक के नीचे से वाहन निकालना जानलेवा हो सकता है। थोड़ी सी जल्द बाजी में बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं पटरियों पर चलना या ट्रेशपास करना भी गंभीर अपराध है। साथ ही पालतू पशुओं को रेल पटरियों के किनारे न चराने की सख्त सलाह दी गई। ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो। रेलवे सुरक्षा बल ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि रेल सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। नियमों का पालन कर हम सभी न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। बल्कि यात्रियों की जान और रेलवे की संपत्ति को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

## जीवन अमूल्य है, मानसिक स्वास्थ्य का रखें ध्यान

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग एवं वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आत्महत्या



रोकथाम सप्ताह के अंतर्गत कम्पोजिट उ. प्रा. विद्यालय, देकवली (विकास खण्ड करंजाकला) में ग्रामीण जागरूकता अभियान आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नाटक और पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम से जुड़े संदेश दिए। व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि छोटी-छोटी मानसिक समस्याएं समय रहते समझी न जाएं तो वे गंभीर रूप ले लेती हैं। उन्होंने पारिवारिक संवाद और संवेदनशीलता को आत्महत्या रोकने का प्रभावी उपाय बताया। डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक को ग्रामीणों ने सराहा। ग्राम प्रधान महेश सोनकर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. अन्नू त्यागी, उमा सिंह, संजय दूबे, शिखा तिवारी, कमर फातमा, शिरीन, फरहान फातिमा, जयचन्द, सुशीला देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नगर में आवारा पशुओं का भारी संख्या में विचरण, शासन की मंशा को चिढ़ा रहे मुंह



जिला संवाददाता(vol)

बिसवां नगर (सीतापुर)। शासन की मंशा है कि आवारा पशुओं को संरक्षित कर लाखों खर्च कर निर्मित गौशाला में उनकी देखभाल की जाय पर जब जिम्मेदार ही निरंकुश हो तो शासन की मंशा पर ग्रहण लगना स्वाभाविक है। नगर के मोहल्ला मियांगंज में एक प्लाट पर खुले में पड़े कूड़े के ढेर पर आवारा पशुओं का विचरण एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। इनकी बढ़ती संख्या न केवल राहगीरों के लिए बल्कि मोहल्लेवासियों के लिए भी कई कठिनाइयाँ उत्पन्न कर रही है। स्थानीय निवासी सिद्दीक ने बताया कि दिनभर यहां आवारा पशु घूमते रहते हैं और कभी-कभी उनमें झगड़े हो जाते हैं, जिससे लोग चोटिल हो जाते हैं।

बच्चों को स्कूल जाते समय हमेशा डर रहता है कि कहीं आवारा पशु उन्हें

- गौशाला बनीं फिर भी आवारा पशुओं का नगर में है जमावड़ा

नुकसान न पहुंचा दें। शासन की मंशा थी कि इन आवारा पशुओं के संरक्षण के लिए गौशाला बनाई जाए, लेकिन उदासीन अधिकारियों की अनदेखी के कारण यह योजना सफल नहीं हो पा रही है। नगर पालिका बिसवां द्वारा विकास खंड के ग्राम धामी सराय में एक गौशाला का उद्घाटन भी किया गया था। लेकिन इसके बावजूद नगर में आवारा पशुओं का विचरण अभी भी जारी है। ऐसा प्रतीत होता है कि जिम्मेदार लोग इस गंभीर समस्या को नजरंदाज कर रहे हैं। क्या जिम्मेदार किसी बड़ी अनहोनी की राह देख रहा है। नगरवासी अपने आपको इन आवारा पशुओं से असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, और शासन की मंशा पर सवाल भी उठा रहे हैं? नगर के मोहल्लों में विचरण करते आवारा पशु।

## अपनी गाड़ियों के कागजात ठीक करा लें सभी कार्यकर्ताः शाहिद

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जिले के नेहरू हाल सभागार में आटो रिक्शा ई रिक्शा चालक समिति उत्तर प्रदेश का 38वां वार्षिक महाधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें एआरटीओ अतुल कुमार यादव, प्रबंधक कृष्ण मोहन त्रिपाठी, आप प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, वाहन चालक कल्याण संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद यादव बतौर अतिथि शामिल हुए। समिति प्रदेश अध्यक्ष कृपा शंकर पाठक के नेतृत्व में आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष कृपा शंकर पाठक ने पूर्व में संगठन द्वारा किए गए आंदोलन एवं उपलब्धियो पर चर्चा करते हुए कहा कि 10 सालों की लड़ाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए 20 साल की परमिट प्रदान कर दी। इस दौरान ऋण पर 10 प्रतिशत वसूली चार्ज माफ करने सड़कों का चैड़ीकरण आंदोलन से आजमगढ़ जनपद विभिन्न नगरों के लिए लगभग 14 ट्रेनों का संचालन तथा पुलिस उत्पीड़न चालान आदि पर विधिवत चर्चा की गई। वही संगठन मंत्री शाहिद अहमद ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपनी गाड़ियों के कागजात ठीक करा ले। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रभु नारायण पाण्डेय प्रेमी ने कहा कि जब भी जरूरत पड़ेगी आटो चालक सड़क पर आंदोलन करने को बाध्य होगा। वही छोटेलाल और वीरेंद्र यादव ने प्रशासन से तत्काल आटो स्टैंड के लिए आह्वाहन किया। मुख्य अतिथि एआरटीओ ने दायरे में रहकर मदद के लिए कहा तो वही कार्यक्रम में सम्मिलित अन्य अतिथियों ने हो रहे अन्याय पर चिंता जताते हुए आटो चालकों के हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान मुकेश लाल, शाहिद अहमद रियाज, अनिल कुमार, शनि गुप्ता, रामअवतार राम, रमेश, कमला, विंध्याचल शुक्ल, सुरेंद्र राम, गोवर्धन राम सहित बड़ी संख्या में आटो चालक सम्मिलित हुए।

## सैनिक के आरोपों की रक्षामंत्री ने शुरू करवायी जांच

जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड के बदलपुर गांव निवासी सेना के जवान हरेन्द्र कुमार यादव द्वारा लगाए गए आरोपों का देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जांच प्रारम्भ करवा दिया है। सैनिक कई वर्ष से अधिकारियों पर गम्भीर आरोप लगा रहा है। उक्त गांव निवासी हरेन्द्र कुमार यादव सेना के अधिकारियों पर सैनिकों के साथ अन्याय, शोषण तथा अग्निवीर योजना से उत्पन्न असंतोष को लेकर देश के कई राजनीतिक दलों के नेताओ से मिला। इसी क्रम में वह आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद सजंय सिंह से भी मिला। उनसे सारी समस्याओं को बताया। उसके समस्या को ध्यान में रखकर 25 अगस्त 2025 को सांसद संजय सिंह ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर जांच करवाने की मांग किया था। उनके पत्र के जवाब में रक्षामंत्री श्री सिंह ने पत्रांक के जरिये बताया कि सेना के जवान के आरोपों की जांच करवायी जा रही है। यह जानकारी होते ही फौजी हरेन्द्र यादव को न्याय की उम्मीद जगी है। वह कई वर्षों से अथक प्रयास कर रहा है।

## सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्र, डॉ.रचना और डॉ. प्रदीप वर्मा को ग्रीन आर्मी सम्मान



उन्नाव, (वीओएल)। ग्रीन भारत अभियान के तहत पर्यावरण के प्रति अनवरत किए जा रहे जुझारू प्रयासों हेतु उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सब इंस्पेक्टर ट्री मैन अनूप मिश्रा अपूर्व, बच्चों की ग्रीन आर्मी बना समुदाय में जागरूकता अभियान चला रही कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत राज्य पुरुस्कार प्राप्त शिक्षिका डॉ रचना सिंह और ग्रीन स्कूल मुहिम के जरिये वृक्ष संरक्षण की अलख जगा रहे यूपीएस रामपुर गढ़ौवा, औरास-उन्नाव के सहायक शिक्षक डा. प्रदीप कुमार वर्मा को निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन द्वारा ग्रीन आर्मी सम्मान प्रदान किया गया। सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व को यह सम्मान विभिन्न जनपदों में पर्यावरण के प्रति चलाए जा रहे उनके अभियान, वृक्षारोपण के कार्यों में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए तथा डॉ रचना सिंह को यह सम्मान जनपद में पर्यावरण जागरूकता की उनकी मुहिम तथा अपने विद्यालय सहित कई विद्यालयों में उनके वृक्षारोपण के प्रयासों और डा.प्रदीप कुमार वर्मा द्वारा स्कूलों में अधिक से अधिक पौधारोपण कार्यक्रम संयोजित करवाने के कार्यों को देखते हुए प्रदान किया गया।

इस सम्मान को प्राप्त करने पर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा अपूर्व ने निरोजा ग्रीन इंडिया परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय वन शहीद दिवस 1730 में राजस्थान के खेजरली गांव में पेड़ों की रक्षा करते हेतु अपने प्राणों का बलिदान देने वाले 400 बिश्नोई समाज के लोगों की याद में मनाया जाता है। उन्होंने सभी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम सभी को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए तथा वृक्षों की रक्षा में अपना योगदान देना चाहिए। डॉ रचना सिंह ने बताया कि ग्रीन उन्नाव क्लीन उन्नाव मुहिम के तहत ट्री मैन सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा के साथ मिलकर समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे तथा विद्यालयों में वृक्षारोपण के साझा प्रयास किए जाएंगे और इस अभियान में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों का भी सहयोग लिया जाएगा।

## बाढ़ की आपदा में मदद को पहुंचे विधायक 350 परिवारों को सामग्री पहुंचायी

सफीपुर, उन्नाव, (वीओएल)। विधायक बम्बालाल दिवाकर ने गंगा कटरी क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों 350 बाढ़ पीड़ित परिवारों को जमालनगर राहत केंद्र पर राहत सामग्री किट का वितरण किया। विधानसभा सफीपुर क्षेत्र के माढ़ापुर, लोनारी, शेरपुर, मनियापुर, जमालनगर गांव के बाढ़ पीड़ित किसानों को शासन के द्वारा बनाए गए राहत केंद्र जमालनगर में 350 प्रभावित लोगों को सामग्री वितरित



की। इस दौरान विधायक श्री दिवाकर ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आप सभी पीड़ितों के लिए चिंतित है। जिसके लिए राजस्व विभाग द्वारा आपकी फसलों एवं अन्य नुकसान का आकलन किया जा रहा है, साथ ही पीड़ितों को त्वरित राशन किट भी उपलब्ध कराई जा रही है। आप लोगों पर बाढ़ बड़ी आपदा है। जिसमें आर्थिक, शारीरिक, मानसिक रूप से क्षति हुई है। जिसमें जीवन यापन करना अत्यंत कठिन है। जिसके लिए सरकार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। सरकार हर प्रकार से आपके साथ है। आपको हिम्मत बनाए रखने की आवश्यकता है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी शिवेन्द्र कुमार वर्मा, प्रभारी तहसीलदार देवेन्द्र कुमार यादव, आशीष कन्नौजिया, राम विमल, लकी रावत, मलखान सिंह, अतुल अग्निहोत्री आदि समेत राजस्व अमला मौजूद रहा।

## मेरे लिए सिर्फ हिंदुत्व ही मेरा जुनूनः विकास हिंदू

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। 2027 के विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं, लेकिन सीतापुर की सियासत में हलचल तेज हो गई है। कई नए चेहरे चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने भी सीतापुर सदर सीट से चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। विकास हिंदू के इस संकेत से हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ने वाली भाजपा पार्टी के गलियारों में सियासी हलचल तेज हो गई है। विकास हिंदू ने कहा कि वह किसी राजनीतिक परिवार से नहीं आते और उनके लिए राजनीति कोई पेशा नहीं है। उन्होंने कहा, मेरे लिए सिर्फ हिंदुत्व ही मेरा जुनून है। मेरी शुरूआत भी हिंदुत्व से हुई और अंत भी हिंदुत्व के लिए ही होगा। भाजपा सरकार की आलोचना करने पर उन्होंने कहा कि वह केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार का सम्मान करते हैं और भविष्य में भी योगी सरकार ही बनेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि जनता अपने स्थानीय विधायकों से नाराज है।

टिकट मेरी मेहनत का होना चाहिए टिकट की दावेदारी पर विकास हिंदू ने स्पष्ट किया कि वह भाजपा के

- 2027 के विधानसभा चुनाव अभी दूर फिर भी सियासत में हलचल तेज

समर्थक रहे हैं, लेकिन कभी उसके सदस्य नहीं बने। उनका संगठन ही उनकी असली पार्टी है। उन्होंने कहा मैं टिकट मांगने कहीं नहीं जाऊँगा। न ही नेताओं की गणेश परिक्रमा करूँगा। अगर मेहनत और जनता का आशीर्वाद होगा तो चुनाव लड़ूँगा। टिकट मेरी मेहनत का होना चाहिए, गणेश परिक्रमा का नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी हिंदूवादी पार्टी को लगता है कि वह उनके उम्मीदवार बन सकते हैं, तो यह संभव है, लेकिन वह जनता के बीच रहकर ही चुनाव लड़ेंगे। विकास हिंदू का यह बयान सीतापुर की राजनीति में चर्चा का विषय बना हुआ है और माना जा रहा है कि आने वाले समय में वे यहां की सियासत में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। विकास हिंदू का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब विधानसभा चुनाव को महज एक वर्ष के करीब ही बचा है और चुनाव लड़ने वालों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। उनके बयान के बाद से जिले की सियासत में चर्चा का विषय बना हुआ है और माना जा रहा है कि आने वाले समय में वे सीतापुर की राजनीति में बड़ा असर डाल सकते हैं।

संक्षेप

## नदी में नहाते समय दो भाई डूबे, एक की मौत

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र की केन नदी राजघाट पर नहाने के दौरान दो सगे भाई पानी में डूब गये जिससे एक की मौत हो गयी जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। नहाने के दौरान 11 वर्षीय आयुष गहरे पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए बड़े भाई रवि गुप्ता 14 ने भी नदी में छलांग लगा दी। दोनो भाईयों को डूबता देखकर वहां मौजूद नाविकों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू कर दिया। पुलिस को जानकारी मिलते ही दोनो को फौरन जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद छोटे भाई आयुष को मृत घोषित कर दिया।

क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक ने बताया कि कोतवाली नगर पुलिस को सूचना मिली कि स्थानीय युवक नदी में नहा रहे थे।

इसी दौरान 11 वर्षीय बालक नदी में डूब गया है। पुलिस ने तत्काल स्थानीय गोताखोरों की सहायता से बचाव कार्य कर बच्चे को नदी से निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। मृत बच्चे का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अंग्रेजी शराब की दुकान से चोरी

**ललितपुर।** पिसनारी तिराहा स्थित अंग्रेजी शराब की कम्पोजिट दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा हजारों रुपये की शराब की बोतलें और नकदी चोरी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। दुकान संचालक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। दुकान संचालक संजय जायसवाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 12 सितम्बर की रात करीब 10 बजे सेल्समैन राजकुमार दुकान बंद करके घर चले गये थे।

अगले दिन सुबह 10 बजे जब सेल्समैन राजकुमार ने दुकान खोली तो अंदर गली का दरबाजा टूटा हुआ था। जब उसने कैमरा चैक किया तो दुकान के अंदर दो चोर मुंह पर कपड़ा बांधकर चोरी करते पाये गये और गुल्लक से करीब 10-12 हजार रुपये नकद के अलावा रनथनबोर-2, बिलेन्डर प्राईड-2, एमसीडी-डब्ल्यु-2, डबल ब्लू की-2, 8 पीएम ब्लव का क्वाटर, आर.सी. का क्वाटर 5, बिगीपर का क्वाटर आदि जिनकी कीमत करीब 10 हजार रुपये है को चोरी कर लिया गया। संजय जायसवाल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# मजदूर की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** विगत दिनों हुयी मजदूर हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को ललितपुर पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार किया है। आरोपी सोनू सेन पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश कर रहा था। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। घटना शनिवार रात की है। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देश पर कोतवाली सदर पुलिस और स्वाट टीम गश्त कर रही थी।

रात करीब 3 बजे हवाई पट्टी के पास टीम को सूचना मिली कि आरोपी स्कूटी से भागने की फिराक में है। पुलिस ने घेराबंदी की तो उसने तमंचे से फायर कर दिया। दरअसल घटना बीती 3 सितंबर की है। नेहरू नगर बी केबिन निवासी 30 वर्षीय अनिल रायकवार सुबह 8 बजे मजदूरी के लिए घर से निकला था। वह वापस नहीं लौटा। अगले दिन परिजनों ने उसे फोन लगाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस चैकी इंचार्ज अंकित कौशिक ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर खोजबीन की। अगले दिन 4 सितंबर की शाम को पीताम्बरा ग्रेनाइट खदान के पास बुढ़वार मार्ग पर अनिल का शव मिला। उसके चेहरे पर चोट के निशान थे। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। एसपी ने हत्या का खुलासा करने के लिए स्वाट टीम समेत चार टीमें लगाई थीं। आरोपी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

## तमंचे के साथ दो और फरार आरोपी पकड़े गये




**बांदा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के चलते कोतवाली देहात पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना कोतवाली देहात पुलिस रात में गश्त और चेकिंग के दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि महोखर गांव के तिंदवारी की ओर दो लोग तमंचा लिए घूम रहे हैं।

इस जानकारी के बाद प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे, उप निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा, कांस्टेबल उदय सिंह तथा गोकरन सिंह को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनो आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर इनके पास से अवैध 315 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों में मजेश पुत्र घनश्याम 22 निवासी ग्राम सिधांव, मोहन पुत्र हीरालाल 22 वर्ष निवासी सिधांव थाना ललौली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। दूसरी घटना में कोतवाली देहात पुलिस ने पाक्सो एक्ट के फरार आरोपी संजय कुमार पुत्र संतोष कुमार 23 वर्ष निवासी ग्राम मौदहा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसे भी पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

## भाजपा ने फूंका चुनाव बिगुल, जनसेवक का हो चयन



**बांदा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व शिक्षक स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा सक्रिय दिखाई दे रही है। इसके लिए सभी मंडल, सेक्टर और बूथ समितियों को सक्रिय कर दिया गया है तथा कार्यकताओं को संपर्क अभियान में सक्रिय रूप से जोड़ने के लिए कहा गया है।

चुनावों को फतह करने के लिए पार्टी ने विधानसभा व मंडल स्तर पर बैठकें शुरू कर दी हैं। अतर्रा मंडल की रामजानकी मंदिर में हुई बैठक में मुख्य अतिथि निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि पंचायत व एमएलसी चुनाव जीतने के लिए मतदाता पुनरीक्षण में भागीदारी करना जरूरी है ताकि अधिक से अधिक वोट बनाए जा सकें। प्रयागराज खण्ड स्नातक शिक्षक एमएलसी का कार्यकाल 6 दिसम्बर 2026 को समाप्त हो रहा है।

इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। उन्होने कहा कि पंचायत चुनाव में ऐसे प्रत्याशी का चयन हो जो जनसेवा भाव से प्रेरित हो। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन 17 सितम्बर सभी के लिए प्रेरणा व गर्व का अवसर है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने राष्ट्र निर्माण की नई ऊंचाईयां हासिल की हैं। सेवा, समर्पण व सुशासन की उनकी कार्यशैली ने वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान को और मजबूत किया है।

बैठक में मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह, प्रभारी गिरजेश तिवारी, प्रवासी देवेश भदौरिया, दिनेश गुप्ता, दीन दयाल, उदित नारायण द्विवेदी, वेद निराला मौजूद रहे। जसपुरा मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व, कृतित्व और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर समाज के गरीब, वंचित व शोषित वर्गों की सेवा का शुभ अवसर है। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने बांदा दक्षिणी व उत्तरी मंडलों की बैठक में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए पदाधिकारियों और कार्यकताओं से कार्यक्रम सफल बनाने का आह्वान किया।

## थाने में बुलाकर युवक से बर्बरता

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन पर चलने वाले बैण्डरों को चाय-समौसा बेचकर अपना व परिवार का भरण-पोषण करने वाले युवक को रविवार सुबह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलावस्था में अस्पताल पहुंचे युवक ने आरपीएफ पुलिस कर्मी पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुये आपबीती सुनाई। शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर के टपरियन मोहल्ले में रहने वाले इकरार पुत्र एहसान खां ने बताया कि उसके पास विगत चार माह से एक रवि नाम का बैण्डर समौसे बेचता है। आरोप लगाया कि रवि शराब पीकर सामान बेचता था, जिसे लेकर उसने काफी समझाया। इसी बात को लेकर जब वह नमाज पढ़ने के लिए जा रहा था कि तभी उसे आरपीएफ थाने में बुलाया गया।

● **आरपीएफ पुलिस कर्मी पर पीड़ित ने लगाये गंभीर आरोप**

पीड़ित इकरार ने बताया कि जब उसने नमाज पढ़ने के लिए जाने की बात कही, तो उसे कहा गया कि वह यदि थाने नहीं पहुंचा तो उसे जेल भेजने की धमकी दी गयी। इकरार ने बताया कि वह नमाज छोड़कर आरपीएफ थाने पहुंच गया, जहां तैनात एक सिपाही, जिसका नाम भी इकरार ने अस्पताल में दाखिल होने के बाद कैमरे की रिकॉर्डिंग में बताया है पर पटटे से मारपीट करने और मना करने पर उल्टा लटकाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है

। पीड़ित ने आरोप लगाते हुये बताया कि उक्त आरपीएफ सिपाही ने कहीं शिकायत करने पर गोली मार देने की भी धमकी दी। घ

ायल युवक की मां रूकसाना ने बताया कि उसका पुत्र स्टेशन पर बैण्डरी करता है। विगत दिवस उसके पुत्र को फोन आया और उसे आरपीएफ थाने में बुलाकर उसके साथ मारपीट की गयी। उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल है और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## विद्यालय के शिक्षकों को गुलदार से बचाव और सुरक्षा का प्रशिक्षण कराया जायेगा: सीडीओ



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिले में गुलदार से सम्बन्धित मुद्दों पर बैठक आहूत की गई। बैठक में डीएफओ, एसडीओ तथा सभी रेंजर्स उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने बीती शाम आयोजित बैठक में बताया कि गुलदार की बढ़ती सक्रियता के दृष्टिगत ब्लॉक कोतवाली, नजीबाबाद व अफजलगढ़ क्षेत्रों में 30 और पिंजरे खरीदे जाएंगे तथा सभी विद्यालयों के शिक्षकों को गुलदार से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी सुरक्षा एवं बचाव आदि के बारे में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके पश्चात शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों को सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देशों का प्रचार-प्रसार करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सभी ग्राम प्रधानों के साथ गुलदार के हमलों से बचाव एवं सुरक्षा से संबंधित पहले जूम बैठकें आयोजित की जाएंगी, तत्पश्चात ब्लॉकवार बैठकों का आयोजन कर प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को भी प्रतिभागी बनाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी बताया कि जिले के अति संवेदनशील 70 प्राथमिकता वाले सीमावर्ती क्षेत्र के गाँवों में सोलर लाइट, फेस मास्क, ब्लिंकिंग लाइट, शौचालय संतृप्ति, कूड़ा निस्तारण तथा ग्राम चैपाल जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुलदार से सुरक्षा एवं बचाव के संबंध में वन विभाग के साथ यथासंभव समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए ताकि गुलदार के आतंक को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। बैठक में डीएफओ द्वारा अवगत कराया गया कि आबादी के पास गन्ने की फसलें खड़ी होने के कारण घटनाएँ बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कृषकों का आह्वान किया कि आबादी के करीब अपने खेतों में गन्ने की फसल के स्थान पर अन्य फसलों की खेती का उत्पादन करें ताकि गुलदार को छुपने के लिए स्थान न मिले।

## गुलदार से निजात दिलाने में वन विभाग नाकाम, आत्मरक्षा में हथियार उठाने का ऐलान



**बिजनौर।** किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने डीएफओ कार्यालय पर चल रहे धरने के दौरान कहा कि गुलदार एक के बाद एक जान ले रहा है और वन विभाग के अधिकारी हाथ पैर हाथ रखकर तमाशा देख रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों की निगाह में किसी भी ग्रामीण की जान के कोई कीमत नहीं है। किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने चेतवानी देते हुए कहा कि वन विभाग के अधिकारियों की कार्य शैली से मजबूर होकर अधिकारियों को कार्यालय में बैठने नहीं देंगे और यूनियन के पदाधिकारी सोमवार को नजीबाबाद और बिजनौर दोनों डीएफओ कार्यालय पर पशुओं को बांधकर प्रदर्शन करेंगे। गुलदार का आतंक और वन विभाग की कार्यशैली को लेकर पिछले पांच दिनों से चल रहे आंदोलन की कमान सोमवार 15 सितंबर से किसान नेता दिगंबर सिंह संभालेंगे। किसान नेता दिगंबर सिंह ने कहा कि रविवार से जागरूकता अभियान की शुरूआत किरतपुर ब्लॉक के कसौर गांव में पंचायत करते हुए गुलदार से बचाव के तरीके ग्रामीणों को बताए गए। दिगंबर सिंह ने कहा कि ग्रामीणों से यह भी कहा गया कि आत्मरक्षा में हथियार उठाओ और गुलदार मार दो। गुलदार को मारने वाले पर कोई मुकदमा होता है तो सबसे पहले में खुद जेल जाऊंगा। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी किसानों के खेतों में जाएं दफ्तरों में बैठकर एसी का मजा ना लें गुलदार के आतंक से लड़ने का काम करें।

## 104 वाहनों का किया गया चालान

**ललितपुर।** यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चैराहों पर मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न आदि की डेसिबल मीटर से चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर के एलाइट चैराहे पर डेसिबल मीटर द्वारा मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न आदि की चेकिंग की गई। जिसमें 4 वाहनों का ध्वनि प्रदूषण में चालान किया गया। साथ ही यातायात पुलिस टीम द्वारा शहर के प्रमुख चैराहों, तिराहों पर आमजन मानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया यथा- दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सवारी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं। प्रवर्तन की कार्यवाही के तहत 104 वाहनों का एमव्ही एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए वादों के निस्तारण




जिला संवाददाता

ललितपुर। राष्ट्रीय और राज्यीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झां के निर्देशन, एडीजे प्रथम/नोडल अधिकारी यादवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता और सचिव मयंक जायसवाल की देखरेख में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, अन्य न्यायाधीशों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया। आज ही मेडीकल हेल्थ चेक अप कैम्प का भी आयोजन न्यायालय परिसर में किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के कुल 42885 वादों का निस्तारण किया जाकर 95515121 रुपए की समझौता धनराशि का निर्धारण किया गया। एडीजे प्रथम यादवेन्द्र सिंह ने 29 वाद निस्तारित कर 60 हजार रुपये की समझौता राशि का निर्धारण किया। एडीजे एस.सी.एस.टी. एक्ट सुनील सिंह ने एक वाद निस्तारित कर 500 रुपये, एडीजे पॉक्सो ने तीन वाद निस्तारित कर 1500 रुपये निर्धारण किया। सीजेएम रवि कुमार गुप्ता ने 3815 वाद निस्तारित कर 2 लाख 60 हजार 700 रुपये का जुमार्ना अधिरोपित किया गया। सिविल जज जू.डि. देवप्रिय सारस्वत ने 1140 वाद निस्तारित कर 90 हजार रुपये का जुमार्ना अधिरोपित किया। अपर सिविल जज जू.डि. अदिति जैन ने 1071 वाद निस्तारित कर 33 लाख 24हजार 442 रुपये की समझौता धनराशि का निर्धारण किया। सिविल जज जू.डि., एफटीसी नवीन कुमार द्वितीय ने 1019 वाद निस्तारित किये। विशेष न्यायायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह ने 10 वाद निस्तारित कर 41900 रुपये का निर्धारण किया। बीएसएनएल ने फोन सम्बन्धित 18 वादों कानिस्तारण कर 17536 की धनराशि, विभिन्न बैंकों ने 500 वादों का निस्तारण कर 7 करोड़ 46 लाख 55 हजार 643 रुपये का समझौता राशि का निर्धारण किया। मौके पर प्रधान न्यायाधीश नन्दप्रताप ओझा ने 59 वादों का निस्तारण किया।वहीं पीठासीन अधिकारी राकेश वर्मा ने 51 वादों का निस्तारण कर 1 करोड 68 लाख रुपये का प्रतिकर दिलाया। स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष सरिता वाधवानी ने चार वादों का निस्तारण किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महरौनी नवीन कुमार प्रथम ने 1544 वाद निस्तारित कर 1380 रुपये, सिविल जज जू.डि. महरौनी अतुल ने 1350 वाद निस्तारित कर 2280 रुपये, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय तालबेहट रंजीत ने 163 वादों का निस्तारण कर 2280 रुपये निर्धारित किये। वहीं डीएम व उनके अधीनस्थ न्यायालयों व विभागों ने 32106 वादों का निस्तारण किया। उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने 2 वाद का निस्तारण कर 2 लाख 55 हजार रुपये की समझौता राशि का निर्धारण किया।

● **9 करोड़ 55 लाख रुपये से अधिक की समझौता राशि का हुआ निर्धारण**

## हजारों वादों का हुआ निस्तारण, लाखों का जुर्माना भी वसूला

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर कलक्टेज्ट स्थित अपने न्यायालय में प्रस्तुत राजस्व संहिता के 15 वादों के सापेक्ष 10 तथा स्टाम्प के 03 वादों के सापेक्ष 02 वादों का निस्तारण कर दिया गया। उधर श्रेय शुक्ला, सचिव/अपर न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर ने बताया कि जजी परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 67780 वादों का निस्तारण करते हुये 1013500/रूपए जुमार्ना धनराशि के रूप में वसूला गया एवं 128010376/रूपए समझौता धनराशि दिलायी गयी। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व विभाग के अंतर्गत न्यायिक अधिकारियों के सम्मुख कुल 54690 वाद प्रस्तुत हुए, जिसके सापेक्ष 54684 वादों का निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिलाधिकारी न्यायालय सहित राजस्व विभाग के अधीनस्थ अन्य न्यायालयों में स्टाम्प के 03 वादों के सापेक्ष 02 राजस्व संहिता के 316 वादों के सापेक्ष 311 फौजदारी अधिनियम के अंतर्गत 608 वादों के सापेक्ष 608 तथा प्री लिटिगेशन के 53763 वाद प्रस्तुत किए, जिसके सापेक्ष 53763 वादों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत कुल 54690 प्रकरणों के सापेक्ष 54684 निस्तारित वादों का प्रतिशत 99.98 रहा। उधर राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश संजय कुमार द्वारा कुल 06 वादों को चिन्हित कर उनमें से कुल 03 वाद का निस्तारण किया गया, अपर जनपद न्यायाधीश नगीना अनुपम सिंह द्वारा 04 वादों का निस्तारण करते हुये 51500/रूपए की जुमार्ना धनराशि वसूली की गयी, न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट नगीना, अक्षदीप यादव द्वारा 427 वादों का निस्तारण करते हुऐ 34290/रुपए जुमार्ना धनराशि वसूला गया।

सिविल जज (जू0डी0) नगीना प्रतीक त्रिपाठी द्वारा 270 वादों का निस्तारण करते हुये 12120/रुपए की जुमार्ना धनराशि वसूली गई एंव सिविल जज (जू0डि0) नगीना असगर अली द्वारा 260 वादों का निस्तारण किया गया।

## पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



**बांदा।** शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध के चलते रविवार को उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने रविवार को बांदा, चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल को जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्र व आदित्य प्रकाश द्विवेदी श्यामू के नेतृत्व में शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा। टीईटी परीक्षा को लेकर शिक्षकों का बीते 11 सितम्बर से अनवरत विरोध जारी है। प्रांतीय आह्वान पर सांसदों व राज्यसभा सांसदों को 13 से 26 सितम्बर के मध्य ज्ञापन कार्यक्रम पहले से प्रस्तावित था। इसी को लेकर संघ के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष व मंत्री तथा सैकड़ों की तादाद में शिक्षकों ने सांसद को ज्ञापन देते हुए बताया कि उच्च न्यायालय के 1 सितम्बर के आदेश में शिक्षकों के विपरीत निर्णय हुआ है जबकि नियुक्ति के दौरान इस तरह के मानक नही थे। सांसद ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर शिक्षकों की समस्याओं को सदन में उठाने का भरोसा दिया। इस आश्वासन के बाद शिक्षकों में उत्साह दिखाई पड़ा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार, ब्लाक अध्यक्ष विद्या भूषण, जिला मंत्री रविकरन सैनी, रामकिशोर साहू, मनोज कुमार ब्लाक अध्यक्ष बिसंडा, राकेश कुमार सिंह कमासिन, ब्रम्हा कुमारी, सावन कुमारी, गीता सिंह, शशिकला दीक्षित, ममता सिंह, आलम मुस्ताक, राजकुमार मिश्रा व बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## तेलंगाना एक्सप्रेस में छात्रा से छेड़छाड़, केस दर्ज

ललितपुर। तेलंगाना एक्सप्रेस में छात्रा से छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर ट्रेन में ही यात्रा कर रहे युवक पर गलत नीयत से छूने और छेड़छाड़ करने जैसे गंभीर आरोप लगाये हैं। हरियाणा राज्य के सिरसा में रहने वाली 22 वर्षीय छात्रा ने जीआरपी ललितपुर को तहरीर दी है। बताया कि वह बीती 10 जुलाई 2025 को ट्रेन संख्या 125075 तेलंगाना एक्सप्रेस में थी। वह नई दिल्ली से काजीपेट के लिए यात्रा कर रही थी। छात्रा के अनुसार रात करीब 11.30 बजे यात्रा के दौरान भोपाल जंक्शन के पहले एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और उसे शारीरिक रूप से परेशान करने का प्रयास करने लगा। छात्रा ने जब उसे पीछे धकेल दिया तो उक्त युवक ने फिर से उसे छूने की कोशिश करते हुये शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का प्रयास किया। छात्रा अचानक से चिल्लायी और मदद मांगी।

छात्रा ने बताया कि उसने रेलवे हेल्प लाइन नम्बर 139 पर कॉल की, जिस पर आरपीएफ पुलिस भोपाल उसकी सीट पर पहुंची, जहां उन्होंने एफआईआर के लिए उनके साथ आने को कहा। छात्रा के अनुसार आरपीएफ ने उक्त युवक का आधार कार्ड ले लिया, उक्त आधार कार्ड पर युवक का नाम हिमांचल प्रदेश अंतर्गत कांगड़ा के डोला खरियाना निवासी अजु कुमार पुत्र सुखदेव सिंह छीर दर्ज है। छात्रा की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 75 (2) व 74 के तहत दर्ज कर काजीपेट जीआरपी थाने का सूचना स्थानान्तरित कर दी गयी।

## रोटी बैंक सोसायटी से जुड़ रहे नये कार्यकर्ता




**बांदा।** रोटी बैंक सोसायटी की होटल कम्फर्ट इन में बैठक हुई। सोसायटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज की मौजूदगी में नये सदस्य शामिल किए गये। बांदा रोटी बैंक सोसायटी के जनहितकारी कार्यक्रमों से प्रभावित होकर लगातार नये लोग जुड़ रहे हैं। इस दौरान सर्व सम्मति से प्रमोद, रेखा द्विवेदी को महिला सचिव, रेणुका गुप्ता को महिला कोषाध्यक्ष, संजय काकोनिया को वरिष्ठ प्रवक्ता, पवन पाण्डेय को शाखा प्रमुख बरईमानपुर, महेन्द्र पाल को शाखा प्रमुख खुटला, मोहम्मद सईद शाखा प्रमुख छिप्टहरी, अलीमुद्दीन उप शाखा प्रमुख बनाए गये।

इसके अलावा श्रद्धा निगम, सइयद मोहम्मद अफनान व रईस खान को नये सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कराई गई। सह संरक्षक चंद्रमौलि ने मोबाइल फोन के माइक देने और हर संभव मदद का भरोसा दिया। विशिष्ट अतिथि मिंटू यादव ने प्रत्येक साल 11 हजार रुपये सहयोग करने का भरोसा दिया। संगठन की महिला अध्यक्ष तबस्सुम फातमा और उपाध्यक्ष तरन्नुम फातमा ने महिला टीम से जुड़कर गरीबों की सहायता करने की बात कही। बैठक में रितेश कुमार गुप्ता, मोहम्मद समीम, महिला संगठन मंत्री प्रीति शिवहरे, महामंत्री रिया खान, सोशल मीडिया प्रभारी रिचा रैकवार, सुनील कुमार गुप्ता, मुमताज बेगम, सहाना खान व बड़ी संख्या में सोसायटी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन संगठन मंत्री सुनील सक्सेना ने किया।

# जॉब सुरक्षा और गुणवत्ता

आधुनिक श्रम सुधारों के जरिए रोजगार की सुरक्षा, सेवा शर्तों और पारिश्रमिक को लेकर श्रम कानूनों को सरकार ने इतना लचीला बना दिया है कि रोजगार की सुरक्षा और गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। यह बात विभिन्न सर्वेक्षणों से भी साबित हो रही है। वर्ष 2023-24 का वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण एक चिंताजनक प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है और वह है अनुबंध आधारित रोजगार में वृद्धि। इस समय संगठित विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत कुल कामगारों में से 42 फीसदी अनुबंध कार्यबल हैं। यह अनुपात 1997-98 के बाद सबसे अधिक है, जब अनुबंध कामगारों की हिस्सेदारी मात्र 16 फीसदी थी। वास्तव में, पिछले 10 वर्षों में अनुबंध आधारित रोजगार में लगभग 8 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि फैक्टरियों द्वारा सीधे नियोजित कामगारों की हिस्सेदारी में लगातार गिरावट देखी गई है। भारत जैसे देश के लिए, जिसे श्रम-प्रधान विनिर्माण पर निर्भर रहना पड़ता है, अनुबंध आधारित रोजगार में वृद्धि इस बात का संकेत है कि नए रोजगार की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है। अनुबंधित कामगारों को आमतौर पर फैक्टरियों द्वारा सीधे काम पर नहीं रखा जाता है बल्कि उन्हें तीसरे पक्ष की एजेंसियों के माध्यम से अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाता है। दरअसल देश की कंपनियों को पारंपरिक रूप से कठोर श्रम कानूनों और मजबूत रोजगार सुरक्षा



प्रावधानों का सामना करना पड़ा है, जिससे मांग की स्थिति के अनुसार कार्यबल को समायोजित करना कठिन हो जाता है। इन प्रतिबंधों से बचने के लिए कंपनियां अब तेजी से अनुबंध आधारित व्यवस्थाओं पर निर्भर हो रही हैं, जो उन्हें कामगारों के प्रबंधन में अधिक लचीलापन प्रदान करती हैं और लाभ व नौकरी सुरक्षा से जुड़े खर्चों को कम करती हैं। इस प्रवृत्ति का एक उल्लेखनीय पहलू राज्यों के बीच व्यापक अंतर है। वर्ष 2022-23 में यह देखा गया कि बिहार में औद्योगिक कर्मियों का 68.6 फीसदी हिस्सा अनुबंध श्रमिकों का है, जबकि केरल में यह आंकड़ा मात्र 23.8 फीसदी है। इस प्रकार, राज्यों में असमान नियामक प्रवर्तन और विभिन्न औद्योगिक प्रथाएं इस चुनौती को और अधिक जटिल बना देती हैं। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच अनुबंधित कामगारों की हिस्सेदारी में स्पष्ट अंतर देखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित फैक्टरियों में अनुबंधित कामगारों की हिस्सेदारी शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक होने की संभावना है। अर्थशास्त्री अरविंद सुब्रमण्यन और अन्य विशेषज्ञों ने यह दर्शाया है कि कंपनियां अनेक संयंत्रों वाली रणनीतियां अपनाती हैं ताकि लचीलापन बना रहे और श्रम कानूनों सहित विभिन्न नियामकीय जोखिमों से बच सकें। यह विभाजन कामगारों को प्रभावी रूप से संगठित होने से रोकता है, जिससे सामूहिक सौदेबाजी कमजोर पड़ती है और वेतन की मांगें भी कम बनी रहती हैं। हालांकि, इसके परिणाम स्वरूप भारतीय कंपनियां बड़े पैमाने पर उत्पादन नहीं कर पातीं, जिससे उत्पादकता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि भारत अपने यहां श्रम की बहुलता का लाभ उठाने में असफल रहा है और श्रम-प्रधान वस्तुओं के निर्यात के मामले में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाया है। यहां तक कि पूंजी-प्रधान उद्योग, जिन्हें सामान्यतः कुशल कामगारों की आवश्यकता होती है, वे भी श्रम-प्रधान क्षेत्रों की तुलना में अधिक अनुबंध कामगारों को नियुक्त कर रहे हैं। इससे यह तर्क कमजोर पड़ता है कि अनुबंध आधारित रोजगार केवल अल्पकालिक या कम-कुशल कार्यों के लिए होता है। इसके बजाय, यह एक प्रणालीगत बदलाव की ओर संकेत करता है। ऐसा बदलाव जो लागत में कटौती और शक्ति के असंतुलन को ध्यान में रखते हुए अस्थिर रोजगार प्रथाओं को बढ़ावा देता है। यह स्थिति गंभीर है। रोजगार सुरक्षा, गुणवत्ता और कार्मिक के सामाजिक, आर्थिक सुरक्षा को संकट में डालना ठीक नहीं है। सरकार को श्रमिकों के हित में कारपोरेट में पनपती इस अपसंस्कृति को हतोत्साहित करना होगा।

### विचार

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

# नेपालः गलतियों से सबक सीखना होगा



मनोज बाजपेयी

भारत का सबसे निकट पड़ोसी, रोटी-बेटी, धर्म-अध्यात्म और संस्कृति के लिहाज से सबसे घनिष्ठ नेपाल युवा क्रांति के दौर से गुजर रहा है। जेनरेशन जेड अर्थात वह पीढ़ी जो सोशल मीडिया के दौर में पली-बढ़ी है। यह पीढ़ी सूचना के उस युग में है, जब उसके पास पूरी दुनिया की खबरें हैं। अपने भविष्य को लेकर, कॅरियर को लेकर और सामाजिक-आर्थिक स्थिति के लिए यह पीढ़ी सबसे अधिक सतर्क, संवेदनशील और चिंतित है। ऐसे में इस पीढ़ी को बहुत अधिक दिनों तक सपनों और वादों में बहकाया, भरमाया नहीं जा सकता। नेपाल का नेतृत्व इन युवाओं के साथ यही कर रहा था। नेता युवाओं से बेहतर भविष्य देने का वायदा करके अपने स्वार्थसिद्धि में लग जाते थे। नेताओं की यह प्रवृत्ति युवाओं को रास नहीं आयी। युवा असंतोष बढ़ता गया और अंततः विद्रोह या क्रांति में बदल गया। युवा विद्रोह ने एक झटके में उन सारे सियासी खिलाड़ियों को मैदान से बाहर कर दिया जो अब तक अपने कार्य व्यवहार से युवा सपनों एवं राष्ट्रीय आकांक्षाओं से खिलवाड़ कर रहे थे।

**नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री बनीं सुशीला कार्की के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। चुनाव कराने, हिंसा पीड़ितों को न्याय दिलाने से लेकर शासन-प्रशासन के हरेक स्तर पर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर नेपाल को स्थिरता, शांति और विकास की राह पर आगे ले जाने का दायित्व कार्की पर है।**

सैकड़ों वर्षों से हिंदू राष्ट्र के रूप में स्थापित नेपाल जब कम्युनिस्टों के हाथ आया तो इसे सेक्युलर का दर्जा दे दिया गया। कम्युनिस्टों ने सत्तर के दशक से ही यहां की राजनीति में दस्तक देना शुरू कर दिया था। महाराजा बीरेंद्र वीर विक्रम शाह देव ने 1972 से 2001 तक यानी मृत्यु तक यहां शासन किया था। उस साल उनके पूरे परिवार की हत्या कर दी गई थी और आरोप लगा था उनके बड़े बेटे दीपेंद्र पर। उनके निधन के बाद उनके छोटे भाई ज्ञानेंद्र को महाराजा बनाया गया, लेकिन वह बहुत अलोकप्रिय हो गये और माओवादियों के नेतृत्व में जनता ने विद्रोह कर दिया। नेपाल राजशाही राज्य से एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बन गया। सत्ता कम्युनिस्टों के हाथ में चली गई। हिन्दू राष्ट्र नेपाल कम्यूनिस्टों के हाथ में आने के बाद चीन की तरफ झुकने लगा। भारत-चीन के संबंधों में आम तौर पर तटस्थ रहने वाला यह देश चीन का पिछलग्गू बनने लगा। कम्युनिस्ट पार्टी के शीर्ष नेता प्रचंड और केपी शर्मा ओली दोनों चीन की लाइन पर चलते थे। ओली की चीन परस्ती और कार्यशैली से सभी



निराश होने लगे। उनका व्यवहार एक डिक्टेटर की तरह था। उनके पास नेपाल की समस्याओं को हल करने, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के लिए कोई कार्ययोजना नहीं थी। ऐसे में कम्युनिस्टों ने चीन के इशारे पर भारत के साथ विवाद खड़ा किया ताकि युवाओं का ध्यान उनकी वास्तविक समस्याओं और जरूरतों से भटका सकें। चीन के इशारे पर ही उन्होंने भारत से झगड़ा मोल लिया और लिपूलेख, कालापानी तथा लिम्पियाधुरा को नेपाल का घोषित कर दिया। इतना ही नहीं, ओली ने तो इन्हें अपने झंडे में स्थान भी दिया। इससे दोनों देशों के संबंधों में खटास आ गई। युवा ओली और प्रचंड जैसे नेताओं के बहकावे में नहीं आये और धीरे-धीरे वे कम्युनिस्टों के खिलाफ होते गये। कम्युनिस्टों की लोकप्रियता कम होती चली गई। इसके साथ ही वहां राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी। इस दौरान नेपाल में 13 बार प्रधानमंत्री बदले गये। देउबा, प्रचंड और ओली बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनते रहे। राजनीतिक उठापटक जारी रही और देश आर्थिक रूप से कमजोर तथा गरीब हो गया। रोजगार के रास्ते लगभग बंद हो गये। युवा निराश होने लगे। दूसरी तरफ नेता अपनी झोली भरने के लिए नेपाल को लूटते रहे। नेताओं की लूट-खसोट, उनके बच्चों की शानो शौकत, लग्जरी लाइफ, यह सब युवाओं को चिढ़ाते थे। नेताओं की करतूत से निराश युवा सोशल मीडिया के जरिए एकजुट होते गये और अंततः जेन जेड क्रांति किसी सूनामी की मानिंद आयी और एक झटके में दशकों से हाबी नेताओं का शिराजा बिखर गया। इतिहास गवाह है कि लंबे समय तक बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसे कारणों से शोषण झेल रही जनता जब बगावत पर उतर आती है तो वह अच्छे और बुरे का फर्क भूल जाती है। ऐसे हालात ही क्रांति को जन्म देते हैं। ऐसा ही नेपाल में हुआ जहां सत्ताधारी नेता देश को भूल कर खुद का घर भरने में लग गये। देश के युवाओं का सब्र का बांध उस वक्त टूट गया जब नेपाली सरकार ने उनकी अभिव्यक्ति की आजादी छीनने का प्रयास करके जले पर नमक छिड़कने का काम किया।

### विमर्श

नेपाल में जो घटनाक्रम हुआ, उससे भारत के नेता भी सबक ले सकते हैं। देश की मूल समस्याओं के समाधान के बजाय गुमराह करने वाले मुद्दों पर राजनीति का नतीजा नेपाल विद्रोह है। समस्याएं जब सिर से गुजरने लगे तब ऐसे हालात पैदा होते हैं। नेपाल में नेताओं के बच्चों के ऐशो-आराम और आम परिवारों की बेबसी के बीच का भेदभाव विरोध का मुख्य कारण रहा। सोशल मीडिया पर प्तनेपो किड, प्तनेपो बेबी और प्तपॉलिटिशियन नेपो बेबी नेपाल जैसे ट्रेंड युवाओं के गुस्से को दर्शाते हैं। नेताओं के बच्चे महंगी गाड़ियां और लग्जरी सामान इस्तेमाल कर रहे हैं, वहीं आम युवा बेरोजगारी और प्रवासी मजदूरी की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। नेपाल में ओली और उनकी सरकार के खिलाफ इस गुस्से की वजह तो समझ आती है, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्रियों और उनके परिवार पर हमले हैरान करने वाले रहे। दरअसल इसका जवाब नेपाल में बरसों से हुए घोटालों की गर्त में छिपा है। वर्ष 1991 में नेपाली कांग्रेस सरकार ने मिस्र की कंपनी से 1.8 करोड़ डॉलर में एक वीआईपी हेलिकॉप्टर खरीदा। जांच में पता चला कि ये हेलिकॉप्टर पुराना और खराब हालत में था। इसकी असल कीमत भी 40 लाख डॉलर थी। जांच में पता चला कि इस डील के बाकी बचे 1.4 करोड़ डॉलर का कमीशन तत्कालीन प्रधानमंत्री के रिश्तेदारों को मिला। जांच के लिए कमेटी बनी, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। इसके बाद न जाने कितने ही बड़े घोटाले हुए, जिन्होंने नेपाल को दीमक की तरह खा लिया। वर्ष 1999 में नेपाल की रॉयल नेपाल एयरलाइंस ने ऑस्ट्रिया से एक बोइंग 767 विमान लीज पर लिया था। तकरीबन 4.5 करोड़ डॉलर की लागत से छह साल के लिए सौदा हुआ। लेकिन बाद में खुलासा हुआ कि ये डील पूरी तरह से घपले से भरी थी। इस पर हंगामा इतना बरपा कि जनता सड़कों पर उतर आई और संसद में जमकर बवाल हुआ। नेपाल की सियासत में गहरे तक पैठ कर चुके भ्रष्टाचार ने देश में उद्योग-धंधों को चौपट करना शुरू कर दिया। निवेशकों ने दूरी बनानी शुरू कर दी। इसका सीधा असर रोजगार पर भी पड़ा। बड़ी संख्या में युवाओं ने काम की तलाश में भारत से लेकर मलेशिया और खाड़ी देशों का रुख करना शुरू किया। इससे युवाओं में धीरे-धीरे सियासत के प्रति नफरत पनपने लगी।

देश में राजशाही के पतन से लेकर, माओवादी आंदोलन और लोकतंत्र का पायदान चढ़ने तक, सत्ता का स्वरूप तो लगातार बदलता रहा, लेकिन इस सत्ता को वही चेहरे हथियाते रहे जो भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे थे। नेपाल क्रांति की भूमि रही है। बीते तीन-चार दशकों में कई क्रांति देखी है, लेकिन हालात में कोई खास बदलाव नहीं आया। ऐसे में नेपाल अंतरिम प्रधानमंत्री बनीं सुशीला कार्की के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। चुनाव कराने, हिंसा पीड़ितों को न्याया देने से लेकर शासन-प्रशासन के हरेक स्तर पर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर नेपाल को स्थिरता, शांति और विकास की राह पर आगे बढ़ाने की जरूरत है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

सियाचिन में हिमस्खलन के कारण हमारे वीर जवानों के शहीद होने और कई अन्य के फंसे होने के समाचार से बेहद दुख है। मैं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। राहुल गांधी.



प्रधानमंत्री मोदीजी के स्टार्टअप इंडिया विराट संकल्प के आलोक में 14-15 सितम्बर 2025 को लखनऊ सीएसआईआर स्टार्ट अप कान्क्लेव का साक्षी बनेगा। सीएमयोगी.



सिख समाज ने सदैव श्रम, शौर्य, समर्पण, सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है, खेती किसानी से कारोबार और खेलों तक में उनकी अपेक्षाओं की पूर्ति का संकल्प लेते हैं। अखिलेश यादव.



# जीवन का सार तत्व

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि। आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

अंतर्दृष्टि

# फेसबुकिया उत्सव, महोत्सव

व्यंग्यलोक

इन दिनों मैं भी प्यार का इजहार करने के इसी सेल्फियाना तरीके का प्रेमी चल रहा हूं। जब कुत्तों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ सेल्फी ले लेता हूं। जब गधों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ भी सेल्फी ले लेता हूं। जब अपनी तरह के रंगे सियारों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ सेल्फी ले लेता हूं। अब आप ही बताइए कि प्रेम के सेल्फियाना दौर में सूफीयाना प्रेम कैसे संभव होगा भला? अबके भी हर उत्सव, महोत्सव की तरह इधर आजादी का महोत्सव भी आया। उत्सव हो या महोत्सव, माफ कीजिएगा, अपने शहर में सब अब बड़ी धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ फेसबुक पर ही मनाये जाते हैं। बाकि तो छोड़िए, अब तो मरने वाले के साथ तक हर्षोल्लास के साथ सेल्फी लेने के दिन आ गए हैं। अपनों और अपने उत्सवों के प्रति प्रेम, श्रद्धा, भक्ति का प्रदर्शन करने के लिए मन में प्रेम नहीं, अपने मोबाइल से उत्सव के संग सेल्फी लेने की कुशल तकनीक होनी चाहिए बस! प्रेम, श्रद्धा, भक्ति तो अब बीते जमानों के शब्द हो गये हैं। जिसके पास यह तकनीक जितनी बेहतर है वह अपनों, अपनी परंपराओं, उत्सवों के संरक्षण में उतना ही माहिर। वैसे मैं आजादी के उत्सव का महीना आने से पहले ही दूसरे सारे जरूरी काम स्थगित कर सोचने लग गया था कि अबके किसके साथ सेल्फी ले अपने फेसबुक अकाउंट पर डालूं। देश को आजाद करवाने वालों के साथ या फिर तिरंगे के साथ। या फिर देश को चरने-चराने वाले की तस्वीर के साथ। फिर सोते सोचते मैंने सोचा कि आजादी के महोत्सव वाले दिन तिरंगे के साथ वाली सेल्फी ही अच्छी रहेगी। जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद करवाया था, उनको आज जानते ही कितने हैं? वे भी नहीं जानते जो उनकी बीजी फसल जनता के हाथों में दराटियां दे काट रहे हैं। सो मैंने फाइनली तय किया कि तिरंगे के साथ सेल्फी ले उसे अपने फेसबुक अकाउंट पर अपलोड कर मैं भी देशभक्त हो जाऊं। यह दूसरी बात है कि आजादी के इस दिन के आसपास अबके पहले से अधिक फेसबुक पर देशभक्तों की बाढ़ आ गई है। फेसबुक के सब्र का बांध टूटने के कगार पर है। जो रात को देश को पूरा चाट कर सो रहे हैं वे सुबह अव्वल दर्जे के देशभक्त बन फेसबुक पर कुल्ला, जीभमंजन कर रहे हैं। गूगल पर तिरंगों की फोटुओं की भीड़ में मैंने अपने थोबड़े से बेस्ट सूट करता तिरंगा डाउनलोड़ कर सेव किया और फिर उसे फोटोशॉप पर जाकर अपने माथे पर, गालों पर, छाती पर कट पेस्ट कर लगा लिया। बस, अब इसे फेसबुक पर डालने की देर थी। इधर मैंने पूरी मुस्तैदी से तिरंगे के साथ वाली अपनी फोटों फेसबुक पर डाली कि उधर से मेरी देशभक्ति को लेकर मेरी जमात के फेसबुकिया देशभक्तों का समुद्र उमड़ पड़ा। आह! कितना ग्रेट देशभक्त हूं मैं!



अशोक गौतम

# रीला मठ का आर्किटेक्चर भी देता है आध्यात्मिक आनन्द



पर्यटन

हम रीला मोनेस्ट्री (मठ) की तरफ जा रहे थे। पहाड़ों पर घुमावदार सड़क पतली थी। मेरे सह-यात्री ने कहा, 'मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि दुनियाभर में देवता पहाड़ों, गुफाओं या मानवता से दूर ही रहना पसंद करते हैं।' मुझे एकदम से कैलाश मानसरोवर, अमरनाथ की गुफा आदि याद आ गये। उसकी बात में काफी दम था। अधिकतर जगह पर यही हाल है। संभवतः देवता प्रकृति व सुंदर स्थलों के साथ जुड़े रहना चाहते थे। मुझे दूर से ही बर्फ से ढके पहाड़ों की पृष्ठभूमि में एक किला-नुमा शानदार इमारत नजर आने लगी और मुझे एकबार फिर कैलाश पर्वत याद आने लगा। दक्षिण-पूर्व यूरोप व बाल्कन प्रायद्वीप में रीला के पहाड़ सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला हैं। 1,147 मीटर की ऊंचाई पर यह स्मारकीय साईट बुल्गारिया की सबसे बड़ी ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स मोनेस्ट्री है।

यह सोफिया के दक्षिण में लगभग 117 किमी के फासले पर स्थित है। यह 8,800 वर्ग मीटर में फैली हुई है। इवान रिल्सकी या सेंट जॉन ऑफ रीला बुल्गारिया के संरक्षक संत हैं और 10वीं शताब्दी में इस पृथ्वी ग्रह पर रहा करते थे। पहले बुल्गारिया साम्राज्य (7 से 11वीं शताब्दी सीई) के दौरान उन्होंने ही इस मठ की स्थापना की थी। इस मठ में ही उनके अवशेष हैं। वैसे वह तो एक गुफा में रहते थे और इस मठ का निर्माण उनके छात्रों ने कराया, जो उनके पास शिक्षा प्राप्त करने के लिए आते थे। रीला मोनेस्ट्री काम्प्लेक्स का आर्किटेक्चर मध्ययुग, पुनर्जागरण व बरोक शैलियों का शानदार व सुंदर मिश्रण है। यह चतुष्कोणीय है। पत्थर की ऊंची दीवारों से घिरा हुआ है, जो 24 मीटर ऊंची उठी हुई हैं और दीवारों में पतली खिड़कियां व मेहराबदार प्रवेशद्वार हैं। रिहायशी इमारतें अंदर के आंगन को घेरे हुए हैं, जिसमें लगभग 60 संत रहते हैं। अंदर के कोर्टयार्ड में संतों के कमरे, मेहमानों के लिए कमरे, एक पुस्तकालय, एक डाइनिंग हॉल और एक म्यूजियम है। कोर्टयार्ड को महराबदार पोर्टिको व ओपन-एयर बालकनियां अत्यधिक सुंदर लुक प्रदान करती हैं, विशेषकर अपने ब्लैक एंड वाइट धारीदार पैटर्न व विभिन्न रंगों की वजह से। काम्प्लेक्स के अंदर एक खूबसूरत चर्च है, जो वर्जिन मदर को समर्पित है और इसका पुनर्निर्माण 1834 व 1837 सीई (कॉमन एरा या सामान्य युग) के बीच किया गया था। यह पांच गुम्बदों वाला चर्च है। गुम्बदों को क्रॉस (सलीब) के रूप में बनाया गया है और उनपर भित्तिचित्र बनाये गये हैं जाहरी जोग्राफ जैसे कलाकारों द्वारा और एक विस्तृत नक्काशी किया हुआ लकड़ी का आइकॉन स्क्रीन भी है। चर्च के आर्किटेक्चर में नव-बीजांटिन व बरोक शैलियों का शानदार मिश्रण है। काम्प्लेक्स में हरेल्यो का टावर भी है, जो 23-मीटर ऊंचा मध्ययुग का स्ट्रक्चर है, जिसे बुल्गारिया शैली में डिजाइन किया गया है और इसमें एक चैपल (छोटा चर्च) है, जिसके टॉप फ्लोर पर सुंदर भित्तिचित्र हैं। रिहायशी शरणस्थल को अनेक चुनौतीपूर्ण समय का सामना करना पड़ा है। ओटोमन विजय के दौरान मूल स्ट्रक्चर को बहुत नुकसान पहुंचा था और उसका 1335 व 1343 सीई के बीच फिर से निर्माण कराया गया। इसके बाद बुल्गारियन नेशनल रिवाइवल के दौरान इसका बड़ा हिस्सा आग में नष्ट हो गया था, जिसका पुनर्निर्माण उदार दान के जरिये 1834 व 1862 सीई के बीच कराया गया। ओटोमन के विरुद्ध जंग के दौरान यह मठ विद्रोहियों का शरणस्थल था और इसमें कीमती पांडुलिपियों, पादरियों व विद्वानों को सुरक्षित रखा गया। रीला मोनेस्ट्री के संत व पादरियों ने विद्रोही आंदोलनों का अप्रत्यक्ष समर्थन किया। जब 1878 में बुल्गारिया को स्वतंत्रता हासिल हुई तो इस मठ को राष्ट्रीय पहचान के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया गया। फिर 1983 में इसे यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज साईट घोषित किया। इस क्षेत्र में सात रीला झीलें हैं, जो एक के ऊपर एक स्थित हैं और छोटी छोटी स्ट्रीम्स से जुड़ी हुई हैं, जो झरने व जल-प्रपात बनाती हैं। इन झीलों तक पहुंचने के लिए पहले रोपवे का प्रयोग करना पड़ता है और फिर पैदल चढ़ाई करनी पड़ती है। इस मठ को देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि जीवन को बचाये रखने के लिए इंसान को कैसे कैसे रास्ते तलाश करने पड़ते हैं। ऑर्थोडॉक्स ईसाइयों के लिए यह मठ तीर्थस्थल है, लेकिन इसका सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, आध्या-त्मिक व आर्किटेक्चरल महत्व इतना अधिक है कि यह देश विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 1999 में जारी किया गया 1 लेव बैंकनोट के पिछले हिस्से में इस मठ की तस्वीर है। मठ को देखने व दर्शन करने के लिए हर साल 9 लाख से भी अधिक पर्यटक आते हैं।

**-समीर चौधरी.**

### आप की बात

## स्टार्टअप इकोसिस्टम

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टार्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

## जरूरी है समावेशी विकास

राष्ट्रीय जीवन में है प्रायः ऐसा होता है कि कुछ लोग योजनाओं का, कार्यक्रमों का, शिक्षा का अधिक लाभ उठाकर आगे निकल जाते हैं और बहुत से लोग पिछड़ जाते हैं। जो लोग पीछे रह जाते हैं उनको आगे लाने के लिए जरूरी है कि देश में समावेशी नीतियों को आगे बढ़ाया जाये। लेकिन यह सब जाति के आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक आधार पर होना चाहिए। समावेशी नीतियों के जरिए गरीबों को राहत देना जरूरी है। केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है। इसे गरीबों को बड़ी राहत मिलती है और सरकार को भी अनाज प्रबंधन में आसानी हो जाती है। इसलिए यह जरूश्री है कि गरीबों को अनाज मिलता रहे ताकि उनका जीवन यापन ठीक से होता रहे। देश में असमानता या अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई एक ऐसी सचाई है जिससे कोई भी मुंह नहीं मोड़ सकता है। दुर्भाग्य से आर्थिक सुधारों के बाद जब तेज आर्थिक प्रगति के युग का सूत्रपात हुआ, तो उसका गरीबों को उतना लाभ नहीं मिला जितना अमीरों को मिला। यही कारण है कि आर्थिक सुधारों के बाद पूंजी का केन्द्रीयकरण और तेजी के साथ बढ़ा और गरीबों की स्थिति बद से बदतर होती गयी। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता है कि प्रगति का कोई लाभ सबसे निचले तबके को नहीं मिला। नब्बे के दशक में तेज विकास की जो धारा बही उसका लाभ गरीबों को भी मिला।

**धीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## बहराइच में नर तेंदुए का शव मिला

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्य जीव अभयारण्य में गश्त के दौरान वन कर्मियों को एक नर तेंदुए का शव मिला। वन विभाग के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मृत तेंदुए की अनुमानित उम्र करीब सात वर्ष आंकी गयी है।कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) सूरज ने पत्रकारों को बताया कि शनिवार को नियमित गश्त के दौरान वनकर्मियों को झाड़ियों से बदबू आती महसूस हुई, नजदीक गए तो उन्हें वहां वयस्क तेंदुए का शव मिला, जिसकी गर्दन व पेट पर घाव थे। उन्होंने बताया कि वनकर्मी अधिकारियों को सूचित करके तेंदुए को रेंज कार्यालय ले गए और तीन पशु चिकित्सकों के पैनल ने अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम किया। चिकित्सकों के मुताबिक मृत तेंदुआ नर था, जिसकी उम्र करीब सात वर्ष आंकी गई है। चिकित्सकों ने यह भी बताया कि तेंदुए के शरीर पर मिले घावों के निशान जानवरों के आपसी संघर्ष की ओर इशारा करते हैं। डीएफओ ने बताया कि तेंदुओं के बीच इलाके के लिए संघर्ष होता है और शव बरामदगी वाले स्थान से भी संघर्ष के सबूत मिले हैं।

# हिंदी मातृभाषा ही नहीं, राष्ट्र की आत्मा




जिला संवाददाता

**बहराइच।** विकास खण्ड पयागपुर के ग्राम पंचायत लहरौरा स्थित महादेवन मंदिर प्रांगण में मेरा युवा भारत बहराइच के तत्वाधान में हिंदी दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण गोपाल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी केवल हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है। हमें इसे जीवन के हर क्षेत्र में गर्व से अपनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी ने कहा कि हिंदी दिवस हमें अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति सजग रहने का अवसर देता है। हमें नई पीढ़ी को मातृभाषा की ओर प्रेरित करना चाहिए। अवधी में उन्होंने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा से कतराना नहीं चाहिए, यही हमारी असली पहचान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला लेखाकार इंद्रसेन चैधरी ने कहा कि हिंदी भाषा की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी स्वतंत्रता संग्राम के दौर में थी। विद्यार्थियों को हिंदी के अध्ययन और प्रयोग में विशेष ध्यान देना चाहिए इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नायर वर्मा ने कुशलतापूर्वक किया।इस अवसर पर बच्छराज वर्मा, भरत लाल, रामबली, अशोक कुमार, कमला देवी, सोनम वर्मा, माधुरी, काजल, सुधा, प्रिंसी, आयुष वर्मा, अदिति, अर्जुन, सचिन, निवरू, नेहा, टीना, संगीता सहित सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया हिंदी दिवस

**अयोध्या।** ग्रामीर्ष एकेडमी इंटरनेशनल गद्दोपुर में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रबंधक डॉ. अंजू पांडेय ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की।

इस अवसर पर कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदर्शनी, वाद-विवाद, काव्य पाठ, निबंध और कहानी लेखन प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इन सभी में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कक्षा आठवीं की छात्रा दिव्यांशी सिंह और आराध्या, नौवीं की दीप्ति पांडे और 11वीं के अरुण गौड़ का काव्य पाठ बेहद सराहनीय रहा। हिंदी शिक्षक मनीष तिवारी ने विद्यार्थियों को हिंदी के महत्व से परिचित कराया।उन्होंने बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को कार्यकारी भाषा के रूप में मान्यता दी थी, और तभी से हर साल इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षिकाएं वंदना त्रिपाठी और रीना त्रिपाठी ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना की। प्रबंधक डॉ. अंजू पांडेय कहा कि ह्लहिंदी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है, जिसे पूरी दुनिया में लगभग 62 करोड़ लोग बोलते हैं।यह भाषा प्राचीन, समृद्ध होने के साथ-साथ हमारी राजभाषा भी है। इसका संवर्धन और संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। आज समय की जरूरत है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा प्रदान किया जाए।ह्ल इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रणविजय शर्मा, प्रशासक डी.एन.सिंह, सहित सभी अध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पासी कल्याण परिषद के अध्यक्ष बने राम अवध




**अयोध्या।** प्रेस क्लब में पासी कल्याण परिषद की जनपदीय कार्यकारिणी सहित तहसील ब्लॉक एवं अनुवांशिक संगठन युवा मोर्चा ,शिक्षा प्रकोष्ठ, का चुनाव चंद्रवली चुनाव अधिकारी एवं डॉ डी. आर

- प्रेस क्लब में पासी कल्याण परिषद की जनपदीय कार्यकारिणी का हुआ गठन

भुवन ऑब्जर्वर की देखरेख में संपन्न हुआ ।सर्वसम्मत से परिषद के अध्यक्ष राम अवध एवं मंत्री के पद पर शैलेंद्र कुमार प्रियदर्शी मनोनीत किए गए ।कार्यकारिणी का गठन एवं मनोनीतपदाधिकारी की सूची निम्न प्रकार है। सर्वश्री चंद्रबली संरक्षक ,राम अवध अध्यक्ष, राम अवध (रेलवे ) वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश चंद उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार प्रियदर्शी मंत्री गुरुप्रसाद उप मंत्री, संजय कुमार संगठन मंत्री, हनुमान प्रसाद कल्याण मंत्री, सोहनलाल संयुक्त मंत्री, कन्हैया प्रसाद प्रचार मंत्री, लल्लन कोषाध्यक्ष, गंगाराम सांस्कृतिक मंत्री ,मालिक राम एडवोकेट विधि ,सलाहकार राजेंद्र प्रसाद प्रियदर्शी ऑडिटर, राम तेज कार्यालय सचिव बनाए गए। इसके साथ ही अनुवांशिक संगठन शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष धमसा दीन मंत्री देवशरण उपाध्यक्ष रामधनी युवा मोर्चा के के.पी चैधरी संरक्षक नरेश कुमार उत्तम अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद चैधरी मंत्री, तहसील स्तर पर सर्वश्रीशिवराम अध्यक्ष श्याम बाबू मंत्री सदर तहसील, विजय कुमार अध्यक्ष राजपाल मंत्री सोहावल, राजित राम एडवोकेट अध्यक्ष रामेश्वर उर्फ पिंटू मंत्री ,रुदौली रामदीन अध्यक्ष यशवंत कुमार मंत्री मिल्कीपुर पूरन चंद अध्यक्ष मस्तराम मंत्री बीकापुर मनोनीत किए गए। ब्लॉक स्तर पर मनोनीत पदाधिकारी रमेश कुमार अध्यक्ष राधेश्याम मंत्री विकासखंड पूरा बाजार,विनोद कुमार अध्यक्ष अंकुर पासवान मंत्री बीकापुर, अरविंद कुमार अध्यक्ष, इंद्रेश कुमार मंत्री हैरिग्टनगंजराजेंद्र प्रसाद अध्यक्ष सुरेश कुमार मंत्री मिल्कीपुर मंत्री, माताफेर अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद मंत्री अमानीगंज, धर्मेंद्र कुमार रावत अध्यक्ष, विश्राम रावत मंत्री रुदौली राम लखन अध्यक्ष जगजीवन प्रसाद मंत्री सोहावल, रामदेव अध्यक्ष मालिक राम रावत मंत्री मवई चुने गए।

# एक दर्जन से ज्यादा बंदर मृत मिले

**बाराबंकी।** जिले में एक जगह पर 14 बंदरों के शव बरामद किये गये। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। चिकित्सकों ने प्रथम दृष्टया जहर से बंदरों की मौत की आशंका जताई है।अधिकारियों ने बताया कि वन दरोगा ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कोठी थाने में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्राथमिक दर्ज कराई है। हरख रेंज के क्षेत्रीय वन

- चिकित्सकों नेजतायी जहर से मौत की आशंका

दरोगा सचिन कुमार पटेल ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे अमसेरूआ गांव के निवासियों ने उन्हें दो बंदरों की मौत की सूचना दी ।पटेल ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्हें पानी की टंकी के पास दो बंदरों के शव पड़े हुए मिले और आसपास छानबीन करने पर धान के एक खेत में थोड़ी-थोड़ी दूर पर सात अन्य बंदर मृत पड़े हुए थे। उन्होंने बताया कि अंधेरा होने के कारण विभाग की टीम वापस लौट गई ।पटेल ने बताया कि शनिवार को जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो पांच और बंदरों के शव मिले जबकि एक बंदर तड़प रहा था। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गंभीर हालात में मिले बंदर को इलाज के लिए पशु चिकित्सालय भेजकर बाकी बंदरों के शवों को कब्जे में लिया। मृत बंदरों में आठ नर और छह मादा थीं ।वन विभाग ने सभी 14 मृत बंदरों का सिद्धौर स्थित पशु चिकित्सालय में तीन चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया और सभी बंदरों के जबड़े में गेहूं और चने के अवशेष पाए गए।

चिकित्सकों ने प्रथम दृष्टया जहर से मौत की आशंका जताई और साथ ही सभी का विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए लैब भेज दिया ।हरख वन क्षेत्र के रेंजर मोहित श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वन दरोगा की तहरीर पर कोठी थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ वन्य संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया ।

# महंत अवेद्यनाथ ने राष्ट्र की एकता को सर्वोपरि माना



**अयोध्या।** विश्व हिन्दू महासंघ ने सिविल लाइन स्थित एक गेस्ट हाउस में गोरक्षपीठाधीश्वर साकेतवासी महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि के अवसर पर समरसता भोज एवं संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधु-संत, महंत और विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।इस अवसर पर धमार्चार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य हरिओम पाठक ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ राष्ट्र संत थे।उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज और राष्ट्र की एकता को सर्वोपरि माना। राम मंदिर आंदोलन में उन्होंने नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए अयोध्या को राष्ट्रीय चेतना का केंद्र बनाया।

आचार्य हरिओम पाठक ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ का जीवन आदर्श और प्रेरणादायी रहा है ।उनके नेतृत्व में गोरक्षपीठ न केवल आध्यात्मिक जागरण का केंद्र रहा बल्कि समाज सेवा, शिक्षा और राष्ट्रहित के कार्यों में भी अग्रणी रहा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उनके उत्तराधिकारी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ उनके पदचिह्नों पर चलकर न केवल सनातन संस्कृति की रक्षा कर रहे हैं बल्कि प्रदेश को विकास के पथ पर भी अग्रसर कर रहे हैं।

संगोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने महंत अवैद्यनाथ के जीवन प्रसंगों को याद किया और उनके योगदान को समाज के लिए अनुकरणीय बताया। गोरक्षा प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दुबे ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाज के उत्थान, गोरक्षा, मंदिर आंदोलन और सांस्कृतिक जागरण को समर्पित रहा। उन्होंने राजनीति को भी जनसेवा का माध्यम बनाया और सदैव धार्मिक मूल्यों के संरक्षण की वकालत की। कार्यक्रम के अंत में समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न वर्गों के लोगों ने एक साथ भोजन किया। आयोजकों ने इसे महंत अवैद्यनाथ की समरसता और सर्वधर्म सद्भाव की भावना को आगे बढ़ाने का प्रतीक बताया। मौके पर महासंघ के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि राष्ट्र संत की शिक्षाओं और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। संगोष्ठी में संभाग प्रभारी संजय शुक्ला, मंडल प्रभारी रवि सिंह, विजय शंकर पाण्डेय, विजय शंकर शुक्ला, जिला प्रभारी राजीव पांडेय धनश्याम मौर्या, सरोज पाण्डेय, तुलसी निषाद, आचार्य बृज मोहन, प्रतिभा निषाद, सागर सोनकर, हर्ष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मूर्त रूप ले रहा श्री रामलीला सेवा समिति का भव्य ऑडिटोरियम



**बाराबंकी।** श्री राम लीला सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाली रामलीला की तैयारियां शुरू हो चुकी है।समिति के कार्यकताओं ने युद्ध स्तर पर रामलीला मैदान का साफ-सफाई कार्य आरम्भ कर दिया है। तथा संपन्न कराये जाने वाले कार्यक्रम को नियत कर निमंत्रण प्रेषण का कार्य भी शुरू हो गया है। समिति सदस्यों ने आज सदर विधायक सुरेश यादव, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष शीला सिंह, एमएलसी अंगद सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों तक निमंत्रण पहुंचाने का कार्य शुरू किया। तो वही समिति द्वारा बनवाए जा रहे ऑडिटोरियम की खूब चर्चा हो रही है। समिति के महामंत्री शिव कुमार वर्मा ने रामलीला मैदान पर बन रहे ऑडिटोरियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि समिति सदस्यों के सहयोग से 40/80 का भव्य ऑडिटोरियम बनाया जा रहा है। जिसमें आगामी समय में समिति की बैठक, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य धार्मिक क्रियाएं संचालित की जाएंगी।बारिश के चलते ऑडिटोरियम का कार्य विलंब हुआ है किंतु समिति इस प्रयास में है कि रामलीला के पहले इसे तैयार करा लिया जाएगा।इस दौरान राजेश गुप्ता कृष्ण, राजेश मौर्या खन्नू, अमर सिंह, प्रशांत सिंह, अंकित गुप्ता गोलू आदि मौजूद रहे।

## 45 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 1 वांछित अभियुक्त व 4 वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। तथा 45 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## अपहृता सकुशल बरामद

*बाराबंकी।* थाना सतरिख पुलिस टीम ने मु0अ0सं0-432/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की। तो वही थाना टिकैतनगर पुलिस ने मु0अ0सं0-338/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गुमशुदा सकुशल बरामद

**बाराबंकी।** थाना बड्डूपुर पुलिस टीम ने मु0अ0सं0-284/2025 धारा 87/137(2) बीएनएस से सम्बन्धित गुमशुदा को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की।

# वित्तीय मामलों में भी सजगता अहमः अभिषेक

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्यविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में ह्लवित्तीय साक्षरता और अनुशासन की आवश्यकताः एक महत्वपूर्ण पहलह्ल विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ। उन्होंने छात्रों को वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में उच्च शिक्षा एवं उद्यमिता के लिए बैंकिंग सेवाओं और शिक्षा ऋण की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को न केवल शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए, बल्कि वित्तीय मामलों में भी सजग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऋण जैसी सुविधाएँ समाज के हर वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होती हैं।उन्होंने इस तथ्य पर बल दिया कि वर्तमान युग में बैंकिंग सेवाओं से जुड़ाव हर छात्र के भविष्य निर्माण के लिए आवश्यक है ।विद्यार्थियों को चाहिए कि वे उपलब्ध योजनाओं की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करें और अपने सपनों को साकार करने के लिए इनका लाभ उठाएँ।सैनी ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को न केवल जानकारी प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित करते हैं। एक क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या के शशिकांत, मनीष सिंह, नेहा ने शिक्षा ऋण की प्रक्रिया, पात्रता शर्तें, ब्याज दर, पुनर्भुगतान की व्यवस्था तथा सरकारी योजनाओं से मिलने वाले विशेष लाभों की जानकारी दी।साथ ही छात्रों को यह भी बताया गया कि शिक्षा ऋण किस प्रकार उनकी उच्च शिक्षा की राह को सुगम बना सकता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे केनरा बैंक के घनश्याम मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा ऋण योजनाएँ विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करती हैं और उनके कैरियर को नई दिशा देती हैं। अंत में विभागाध्यक्ष प्रो शैलेंद्र कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और छात्रों से आह्वान किया कि वे उपलब्ध बैंकिंग सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएँ। कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों एवं बैंक प्रतिनिधियों के साथ विभाग के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. श्रीश अस्थाना, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. अनुराग तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं और पर्यटकों के साथ ठगी का गोरखधंधा

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** साकेत महाविद्यालय के सामने लेडिलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के तहत द यलो हॉउस रोबोट रेस्टोरेंट का संचालन करने वाले अनिकेत श्रीवास्तव के प्रबधक माविका ने रविवार को पत्रकार वार्ता कर छूट का फर्जी कूपन बेंचने के प्रकरण की जानकारी दी। आरोप लगएया कि एक हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से उनकी कंपनी के नाम पर भोजन, जलपान तथा विभिन्न अवसरों पर आयोजित होने वाली पार्टी में कूपन पर

- फर्जी कूपन के सहारे छूट का वास्ता देकर की जा रही ठगी
- द यलो हॉउस रोबोट रेस्टोरेंट संचालक ने पुलिस से की शिकायत

पचास फीसदी तक छूट का झांसा दिया जा रहा है। जबकि उनकी कंपनी ने इस तरह की कोई स्किम अथवा कूपन जारी नहीं किया है।

रामनगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ बढ़ने के साथ ठगी का गोरखधंधा भी तेज हो गया है। नए-नए तरीकों से ठगी के गोरखधंधे को अंजाम दिया जा रहा है। पहले होटल और धर्मशाला की ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर ठगी शुरू हुई थी और फर्जी कूपन के सहारे छूट का वास्ता देकर ठगे जाने का मामला सामने आया है। प्रकरण विवाद तक जा पहुंचा है। रेस्टोरेंट के प्रबंधक का कहना है कि छूट वाले कूपन के नाम पर पर्यटकों और श्रद्धालुओं तथा स्थानीय निवासियों से मनमानी रकम वसूली जा रही है और शिकार बनने वाले लोग यहां रेटोरेन्ट पर आकर विवाद कर रहे हैं। शनिवार की रात ही 30-35 लोग खरीदे गए कूपन का रिटर्न पाने के लिए पहुंच गए और विवाद करने लगे। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। उनका कहना है कि मालिक की ओर से प्रकरण की जांच और कार्रवाई के लिए शिकायत पुलिस को भेजी गई है। प्रबंधक का कहना है कि इसके कारण संस्था और अयोध्या की छवि खराब हो रही है।

# डॉ. कमाल खान ने 690 ग्राम के पैदा हुए नवजात शिशु की बचायी जान



**अयोध्या।** नगर के नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. कमाल खान नें, मात्र 690 ग्राम , के पैदा हुए नवजात शिशु , जिसकी पैदाइश गर्भधारण के मात्र साढ़े छ महीनों में हो गई थी, का सफलता पूर्वक इलाज इलाज कर ना सिर्फ मासूम की जान बचाई बल्कि उसके परिवार को खुशियां प्रदान कीं। डा. कमाल खान, नगर के सिविल

- गर्भधारण के मात्र साढ़े छ महीनों में हो गयी थी पैदाइश

लाइन्स स्थित प्रतिष्ठित फातिमा हॉस्पिटल में बतौर नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

डॉ कमाल खान नें बताया कि बच्चे कि पैदाइश गर्भधारण के मात्र साढ़े छ महीनों में हो गई थी, और वजन केवल 690 ग्राम था, ऐसे में बच्चे की जान बचाना ही एक चुनौती थी, उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान बच्चे को फेफड़ा फुलाने वाली दवा दी गयी और वेन्टिलेटर पर रखा गया फिर ह्लबबल सी पी ए पीह्ल और ह्लके एम सीह्ल सिस्टम पे रखा गया, जिससे बच्चे का वजन बढ़ता रहा। उन्होंने बताया कि बीच मे बच्चे में सास रुकने की समस्या उत्पन्न हूई और साथ में ब्लीडिंग की समस्या भी हूई तो बच्चे को प्लेटलेट्स और खून कई यूनिट चढ़ाया गया जिससे बच्चे की जान बचाई गयी और बच्चा 55 दिन भर्ती रहने के बाद बच्चे का वजन एक किलो चार सौ ग्राम हो गया, फिर शनिवार को बच्चे का परिवार उसे सकुशल घर ले गया। बच्चे की माँ मुनावार जहाँ और बीकापुर निवासी पिता इकराम उल्लाह सिद्दीकी जो एक सरकारी कर्मचारी है नें डॉ कमाल खान को बहुत धन्यवाद दिया है।

# वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों की जा रही है निगरानी



**बहराइच ।** वन प्रभाग, बहराइच के कैसरगंज रेंज अन्तर्गत तहसील कैसरगंज एवं महसी के ग्रामों में अज्ञात वन्य जीव द्वारा किये गये हमले के दृष्टिगत नियंत्रण/शमन की कार्यवाही के दृष्टिगत हिंसक वन्य जीव के सक्रियता/प्रभावित क्षेत्रों को 04 सेक्टरों में विभाजित कर अधिकारियों द्वारा दिवारात्रि में गश्त कर प्रभावित क्षेत्र को निगरानी में रखा गया तथा क्षेत्र में तैनात समस्त टीमों द्वारा सेक्टर प्रभारियों की देख-रेख रणनीति के तहत रेस्क्यू कार्यवाही का संचालन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव ने बताया कि वन विभाग द्वारा 13 सितम्बर की प्रातः से 14 सितम्बर की प्रातःकाल तक तहसील कैसरगंज व महसी के अज्ञात वन्य

- प्रभावित क्षेत्र को 04 सेक्टरों बांट कर भ्रमणशील हैं गशतीदल
- वन्य जीव की खोज कैमरो से ली जा रही है मदद

जीव आतंक प्रभावित क्षेत्र के सभी 04 सेक्टरों में वन्य जीव को खोजने/रेस्क्यू के उद्देश्य से सेक्टर प्रभारियों की अगुवाई में विशेषज्ञ टीम द्वारा दो थर्मल ड्रोन एवं एक अन्य ड्रोन कैमरे तथा गश्ती दलों द्वारा वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की गयी। गश्ती दलों द्वारा संवेदनशील स्थलों पर कैमरा ट्रैपस को स्थापित कर उपद्रवी वन्य जीव के आवागमन को खोजने की कार्यवाही की गयी ।डीएफओ ने बताया कि वन्य जीव के हमले से प्रभावित ग्रामों में सोलर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गये हैं।

ताकि वन्य जीव की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। इसके अलावा वन्य जीव संभावित स्थानों पर 03 ट्रैपिंग केज लगाये गये हैं ताकि अज्ञात वन्य जीव को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर सक्रिय वन्य जीव को चिन्हित किये जाने एवं पगमार्क खोजने की भी कार्यवाही की जा रही है। श्री यादव ने बताया कि जन जागरूता टीमों द्वारा स्थानीय ग्रामीणजनों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है तथा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा है ।डीएफओ ने बताया कि गश्ती टीमों द्वारा वन्य जीव के हमलों से प्रभावित ग्राम के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर वन्य जीव को आबादी से दूर रखने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रभाग स्तर पर कमांड सेंटर स्थापित किया गया है जो वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में तैनात टीमों से सूचनाएं प्राप्त कर अधिकारियों को अवगत करा रही हैं। वन विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करते हुए हिंसक जीव के हमले से प्रभावित क्षेत्र में दिवारात्रि गश्त की जा रही है जिससे कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं होने पायी है।

# सेवा पखवाड़ा के रुप मे मनायेगी भाजयुमो प्रधानमंत्री के 75वां जन्मदिन



**बाराबंकी।** भाजपा जिला कार्यालय पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आगामी 17 सितम्बर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन को भाजपा सेवा पखवाड़ा के रुप मे मनाये जाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक मे भाजयुमो जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलायेगा। जिसमे प्रथम चरण 17 सितंबर को युवा मोर्चा द्वारा जिला अस्पताल ब्लड बैंक में 75 यूनिट रक्तदान करने का संकल्प, 21 सितम्बर को प्रदेश के 6 बड़े महानगरों में युवा मोर्चा द्वारा नमो मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय चरण में सीएचसी, पीएचसी में चिकित्सकों से वार्ता कर मंडल स्तर पर परीक्षण करेगे। इसी के साथ सांसद खेलकूद प्रतियोगिता जोकि लोकसभा स्तर पर 29 अगस्त शुरू होकर 25 सितंबर तक चलेगी। जिसमें युवा मोर्चा पदाधिकारी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगे। बैठक मे भाजयुमो प्रदेश मंत्री/जिला प्रवासी शिवेंद्र विक्रम शाही, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या, शिव कुमार यादव, अनुज वर्मा, प्रमोद गोस्वामी, अरुण रावत, सूरज भान, दिनेश सिंह, हरिकेश दीक्षित, कृष निगम, राहुल यादव, उमेश यादव, राहुल जयसवाल आदि मौजूद रहे।

## तेंदुए के हमले में महिला की मौत

**बिजनौर।** जिले के नजीबाबाद क्षेत्र में रविवार को जंगल में घास काट रही एक महिला की तेंदुए के हमले में मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि नजीबाबाद थाना क्षेत्र के इस्सोपुर गांव में एक महिला मीरा (35) अपने पति महेन्द्र के साथ गांव के पास ही जंगल में घास काट रही थी, तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर जब तक उसका पति और अन्य ग्रामीण आए तब तक तेंदुआ महिला को छोड़कर भाग गया। उन्होंने बताया कि गम्भीर रूप से घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इस घटना के विरोध में भारतीय किसान यूनियन के नेता दिगम्बर सिंह ने किसानों के साथ प्रभागीय वन अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

संक्षेप

## गुमराह करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कादीपुर, सुलतानपुर।** भूल बस खाते में भेजे गए रुपए को वापस करने के मामले में गुमराह करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। दोस्तपुर थाने के जलालपुर बखरा गांव की शांति देवी के पति धर्मराज निषाद दुबई में नौकरी करते हैं। उन्होंने 9 अक्टूबर 2024 को अपने पुत्र विपिन के खाते में बत्तीस हजार छः सौ बीस रुपए भेजा था। जो गलती से नैना सिंह पुत्री राजकुमार सिंह के खाते में आ गया। मोबाइल से संपर्क करने पर नैना सिंह ने थोड़ा थोड़ा कर के कई बार में पंद्रह हजार रुपए वापस किया। उसके बाद समय देती रही कई बार पैसा देने के लिए बुलाई किंतु अभी तक पैसा नहीं दिया। अब कहती है कि मुझसे जीवन बीमा करा लो नहीं तो दौड़ती रहेगी। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि पीड़िता की शनिवार को दी गई तहरीर पर पुलिस ने नैना सिंह के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लापता महिला का शव नदी से बरामद

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के इसौली गांव की लापता महिला मोनी सोनकर (35) पत्नी साधुराम सोनकर का शव रविवार को गोमती नदी वल्लीपुर चैकी अंतर्गत मिठने घाट से बरामद हुआ। महिला बीते 11 सितंबर से घर से लापता थी। तीन दिन बाद शव बरामद होने की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई।परिवार के लोगों ने बताया कि मोनी का मानसिक संतुलन कभी-कभी बिगड़ जाता था। इसी कारण कई बार वह घर से अचानक बाहर निकल जाती थी, लेकिन हमेशा लौट आती थी। इस बार घर से जाने के बाद उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। रविवार को जब ग्रामीणों ने नदी में शव तैरते हुए देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोनी के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने बताया कि मृतका के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं, बेटा प्रियांशडेढ़ साल, बेटी अनुष्का 7 साल, कानूस्का 5 साल, बताया गया जिनके सिर से मां का साया उठ गया है। मां की मौत की खबर सुनते ही बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## किशोरी ने नदी में लगायी छलांग, तलाश जारी

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** छोटी बहन के साथ शौच के लिए निकली किशोरी ने पुल से गोमती नदी में छलांग दी। सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से किशोरी की तलाश में जुटी है। गोसाईगंज थाने के अर्जुनपुर गांव के विनोद कुमार निषाद की बेटी आराधना शनिवार रात मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। जिस पर उसकी मां माधुरी ने उसे डांट दिया था। रविवार सुबह कारीब छह बजे आराधना अपनी छोटी बहन आंसू के साथ नदी की तरफ गई थी। इस बीच उसने पापर घाट पुल से नदी में छलांग दी। बताया जा रहा है कि उसने अपनी छोटी बहन को नदी में कूदने के लिए उकसाया लेकिन वह नही कूदी। उसने घर आकर बहन के नदी में कूदने की जानकारी दी तो ग्रामीण भाग कर घटना स्थल पर पहुंचे वहीं जयसिंहपुर ब्लाक प्रमुख राहुल शुक्ला की टीम भी घटना स्थल पर पहुंचकर डायल 112 और स्थानीय पुलिस को सूचना दिया घटना की जानकारी पर नायब तहसीलदार जयसिंहपुर रूबी यादव पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों को नदी में उतार कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

# हिन्दी दिवस पर छात्रों ने दिखायी भाषा के प्रति आस्था




**सुलतानपुर (वीओएल)।** सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान कुंज विवेकानन्द नगर में हिन्दी दिवस के अवसर पर विविध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने काव्य रचना, सुलेख, निबंध लेखन और अन्त्याक्षरी जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को राजभाषा का दर्जा मिला, किंतु राष्ट्रभाषा के रूप में इसका स्थान अभी भी अधूरा है। उन्होंने नई शिक्षा नीति की सराहना करते हुए मातृभाषा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सकारात्मक पहल बताया। कार्यक्रम को उपप्रधानाचार्य रवीन्द्र तिवारी, हिन्दी विभागाध्यक्ष रंजना पाण्डेय, रमेश मिश्र, महेश शुक्ल, राजबहादुर शर्मा, ज्योति त्रिपाठी, शोभा रानी, सीमा यादव, शशि द्विवेदी और दुर्गेश पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इस मौके पर आचार्य देवेन्द्र कुमार पाठक, बहन आराध्या मिश्रा एवं वैष्णवी द्वारा किया गया काव्य पाठ सभी को भावविभोर कर गया। कार्यक्रम ने हिन्दी भाषा के गौरव को पुनः स्मरण कराते हुए विद्यार्थियों में भाषायी चेतना को सशक्त किया।

## हिंदी दिवस पर हुई गोष्ठी और परिचर्चा

**लालगंज, रायबरेली।** आल मीडिया जर्नलिस्ट एसो. के तत्वाधान में हिंदी दिवस पर गोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित की गई। गोष्ठी में बोलते हुए प्रेस क्लब के अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह ने कहा कि हिंदी दिवस भाषा के महत्व को दर्शाता है। यह दिन हमें अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर देता है और देश को एकजुट रखने में हिंदी की भूमिका को उजागर करता है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला और प्रदेश महासचिव देवेश अग्निहोत्री ने कहा कि यह दिन हमें न सिर्फ हिंदी भाषा के महत्व को समझाता है, बल्कि इसकी जड़ों से जुड़ने का मौका भी देता है। यह एक ऐसी भाषा है, जिसने पूरे देश को एक-साथ जोड़कर रखा है। ऐसे में हिंदी दिवस इसकी अहमियत को उजागर करने और इसका उत्सव मनाने का एक मौका है। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला ने कहा कि हिंदी भारत की पहचान और सम्मान है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अनंत विजय सिंह ने कहा कि हम सबको हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए।

## टीईटी के खिलाफ आरएसएम के बैनर तले शिक्षक आज देंगे ज्ञापन

**रायबरेली।** सुप्रीम कोर्ट की तरफ से टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) की अनिवार्यता लागू किए जाने के बाद राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एक साथ पूरे देश में सोमवार को ज्ञापन देगा। ज्ञापन में अधिक से अधिक शिक्षकों को बुलाने के सोशल मीडिया के माध्यम से अनवरत संदेश भेजे जा रहे हैं। शिक्षकों को अपने अधिकार की लड़ाई में आने के लिए अनवरत कहा जा रहा है। शिक्षकों की तरफ से केंद्र सरकार ने इस कानून में संशोधन करने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री को पत्र भेजा जाएगा।

● सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पीएम से एनसीटीई के कानून में संशोधन की मांग

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि 29 जुलाई 2011 से उत्तर प्रदेश में नई नियुक्तियों के लिए टीईटी अनिवार्य किया गया है। संघ ने मांग की है कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने से पहले नियुक्ति हुए शिक्षकों की टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया जाए। शिक्षकों ने यह मांग सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के निर्णय के संदर्भ में की गई है। आज का यह संघर्ष हमारा नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करने वाला संघर्ष है। जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्णय क्रम में पूरे देश में एक साथ 15 सितंबर को टी. ई. टी. समस्या समाधान के संबंध में प्रधानमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम ज्ञापन भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय के बाद शिक्षक विकासभवन परिसर में एकत्रित होंगे। ज्ञापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी एकता को प्रदर्शित करकलेक्ट्रेट में डीएम के माध्यम से ज्ञापन भेजेंगे। जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से प्रभावित होने वालों में अधिकतर पचास से पचपन वर्ष की आयु वाले वे शिक्षक हैं जो तमाम शारीरिक व्याधियों के बाद भी अपने काम को पूरी लगन और निष्ठा के साथ करने के लिए संघर्षरत हैं। अब उन्हें पढ़ाई करते हुए तैयारी करना संभव नहीं है। अब इस उम्र में नौकरी में आने के बाद टीईटी की अनिवार्यता को थोपना उचित नहीं है। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार शिक्षकों को टीईटी- यानी शिक्षक पात्रता परीक्षा पास करनी होगी। अगर वे ये परीक्षा नहीं देते तो उन्हें अवकाश ग्रहण करना होगा। अगर वे फेल हो गए तो शायद उनकी नौकरी ही चली जाए। हमारे संगठन की मांग है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट देने हेतु अधिनियम में संशोधन हेतु मांग कर रहे हैं।

## खट-खट तेगा बोलै, बोलै छपक-छपक तलवार..



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** बाजुओं में फड़कन, प्राणों में चेतना, रक्त में उबाल पैदा करने वाली 12वीं शताब्दी की बुंदेलों की शौर्यगाथा आज भले ही क्षीण हो चली है, लेकिन ग्रामीणांचल में आज भी महोबा के चंदेल काल के दो वीर योद्धाओं आल्हा और ऊदल की शौर्य गाथा के गीतों पर लोग झूम उठते हैं। रविवार को नानेमऊ गांव में ब्लॉक प्रमुख मोतिगरपुर चंद्रप्रताप सिंह के द्वारा आल्हा गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रसिद्ध आल्हा सम्राट काजल सिंह रायबरेली और उनकी टीम ने सर्वप्रथम भारत मां की वंदना की, इसके बाद उन्होंने मड़ावगढ़ की लड़ाई, आल्हा का विवाह का जीवंत गायन कर लोगों में ऊर्जा का संचार किया। वीर रस का वर्णन करते हुए युद्ध भूमि का चित्रण करते हुए कहा.. खट-खट तेगा बोलै, बोलै छपक-छपक तलवार। बड़े लड़ैया महोबा वाले जिनकी हारि गई तलवार पर लोंगो की भुजाएं फड़क उठीं। देर शाम तक लोग आल्हा सुनते रहे और बीच-बीच में जमकर तालियां बजाते रहें। इस मौके पर एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, प्रमुख प्रतिनिधि कूरेभार नवनीत सिंह सोनू, डॉ. कालीप्रसाद सिंह, विनोद सिंह बेलखरिया, किशन सिंह, बबलू पाण्डेय, शेषनारायण मिश्र, प्रधान लवकुश सैनी, प्रेमनारायण माली, अनिल सिंह आदि रहे।

## हिंदी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** हिंदी दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत जफरपुर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के शिक्षकों एवं बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। गोष्ठी में हिंदी भाषा के महत्व पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला गया। रविवार को आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए साहित्यकार डॉ.करुणेश प्रकाश भट्ट ने कहा कि हिंदी भाषा राष्ट्र की एकता एवं प्रतिष्ठा की प्रतीक है। हिंदी भाषा ने आजादी की लड़ाई में अपना सर्वाधिक योगदान दिया था। जिसके कारण हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया। आज यह भाषा तमाम चुनौतियों के बावजूद देश ही नहीं विदेश में भी लोकप्रियता का परचम लहरा रही है। शिक्षक जितेंद्र राय ने कहा हिंदी देश को गौरवान्वित करने वाली भाषा है। यह हमारे राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान है। पूर्व प्रधान रिंकू सिंह ने कहा कि हिंदी देश में अधिकतम लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा है। जो अपने ज्ञान एवं संदेश से भारतीय जनमानस को प्रभावित करती है। बृजभूषण सिंह ने कहा कि हिंदी देश की आन बान शान का प्रतीक है। गोष्ठी को मुन्नालाल शर्मा, अमित शर्मा ने भी संबोधित किया। मौके पर शुभम भट्ट, रत्नेश राय, सियाराम शर्मा, सुप्रिया भट्ट सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## प्रदर्शन के बाद छठे दिन पिता की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के चैथाई का पुरवा सरवन निवासी कक्षा सात के छात्र की सात दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में



मौत हो गई थी। शनिवार को मृतक छात्र की बहन और मौसी ने ग्रामीणों के साथ द्वारिकागंज चैकी के सामने रोड जामकर मौत के खुलासे को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद बैकफुट पर आई पुलिस ने देरशाम को पिता की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। सरवन निवासी सहजराम के अनुसार आठ सितंबर सुबह घर के अंदर उनके पुत्र किशन का शव बल्ली के सहारे रस्सी से लटकता पाया गया था। घटना के बाद आशंका व्यक्त करते हुए सहजराम ने अच्छेलाल, गुड्डू और रज्जू के ऊपर हत्या का आरोप लगाया था।नौ सितंबर को शव के अंतिम संस्कार के बाद पुलिस परिजनों को लेकर थाने लाई। जहां पर पुलिस और एसओजी टीम ने पिता, सौतेली मां नीतू, सगी बहन आशा, सौतेली बहन पारो और पारो के पति से एक-एक कर पूछताछ की थी। घटना का खुलासा न होने पर शनिवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे मृतक की सगी बहन आशा और मौसी निर्मला ने ग्रामीणों के साथ द्वारिकागंज चैकी के सामने अयोध्या प्रयागराज हाइवे पर रोड जाम कर प्रदर्शन किया। जिसके बाद पुलिस बैकफुट पर आ गई। शनिवार देरशाम को पुलिस ने मृतक छात्र के पिता सहजराम की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। सहजराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसका पड़ोसियों से विवाद चला आ रहा है। सहजराम ने आशंका व्यक्त करते हुए तीन पड़ोसियों पर हत्या और साजिश रचने का मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया सहजराम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच कर जल्द घटना का खुलासा किया जायेगा।

# मंडल महामंत्री ने रोड के मरम्मतीकरण के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ क्षेत्र की खस्ता हाल सड़कों की मरम्मतीकरण को लेकर मंडल महामंत्री डलमऊ शुभम गौड़ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में बताया गया है कि डलमऊ गंगा तट पर बस ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगर है यहां प्रत्येक मास की पूर्णिमा एवं अमावस्या पर भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं रायबरेली फतेहपुर मार्ग में चैदह मील से डलमऊ गंगापुल तक बनी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे वाहनों को आने जाने में भारी दिक्कत होती है तथा आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं आने वाले दिनों में दुर्गा पूजा के बाद जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसी मार्ग से डलमऊ गंगा तट पहुंचते हैं एवं नवंबर माह में डलमऊ में लगने वाले विशाल प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन होना है जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु इसी मार्ग से गंगा स्नान के लिए डलमऊ गंगा तट पहुंचते हैं चैदह मिल से गंगापुल डलमऊ तक मार्ग खस्ता हाल होने के कारण श्रद्धालुओं को बड़ी परेशानी होगी मंडल महामंत्री डलमऊ शुभम गौड़ ने जनहित में जल्द से जल्द मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग की है

## इलाज के दौरान किशोर की मौत

**नसीराबाद, रायबरेली।** शनिवार को कोचिंग पढ़ने आए किशोर की 33 हजार हाईवोल्टेज लाइन की चपेट में आने से किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। फिरोज आलम निवासी निरही का पुरवा कक्षा नौ का छात्र था और रोजाना की तरह शनिवार को भी ट्यूशन पढ़ने जायस सलोन मार्ग पर बने अनुभव शिक्षा निकेतन में गया था और ट्यूशन पढ़ रहा था और छत के बगल से 33 हजार के. वी.लाइन की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस कर नीचे गिर गया था और तडपने लगा छात्र को तड़पता देख बच्चे डर गए और अध्यापकों द्वारा पास के निजी अस्पताल ले जाया गया हालत गंभीर देख रायबरेली रिफर किया गया। लेकिन जिला अस्पताल में भी हालत में कोई सुधार न होने पर लखनऊ रिफर कर दिया गया जहाँ इलाज के दौरान किशोर ने दम तोड़ दिया।

## छत से गिरी जेठानी-देवरानी, जेठानी की मौत, देवरानी घायल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना अंतर्गत मिश्रौली गांव में छत पर चढ़ कर एक ही घर की दो महिलाएं सब्जी तोड़ रही थीं। इसी बीच छत पर लगी रेलिंग टूट गई और दोनों जमीन पर आ गिरीं। गंभीर अवस्था में दोनों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। मिश्रौली निवासी सारो मिश्रा (50) अपनी देवरानी सुरेखा के साथ शनिवार को छत पर सब्जी तोड़ रही थीं। इसी दौरान छत की रेलिंग अचानक टूट गई और दोनों नीचे आ गिरीं। तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। परिवारजन उन्हें मेडिकल कालेज सुलतानपुर ले गए। सारों की इलाज के दौरान शाम को मौत हो गई। जबकि सुरेखा का इलाज जारी है। मृतका के पांच बच्चों नंदनी, सपना, रूबी, धीरज और सूरज का रो-रोकर बेहाल है। दस साल पहले ही सारो के पति का निधन हो चुका है। अब मां के गुजर जाने से बच्चों के सिर से माता-पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। परिवार के भरण-पोषण के लिए दोनों बेटे परदेश में नौकरी करते हैं। रविवार को जब मृतका का शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। उपनिरीक्षक भारत सिंह ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया हिंदी दिवस




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मातृभाषा हिंदी को समृद्ध करने की प्रार्थना की, कार्यक्रम में हिंदी शिक्षक द्वारा बताया गया कि हमारे देश में सांस्कृतिक और भाषाई विविधता के बावजूद हिंदी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, इसीलिए 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में सर्वसम्मति से हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया और 14 सितम्बर 1953 से हिंदी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए प्रतिवर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। छात्र/छात्राओं द्वारा मातृभाषा हिंदी को संरक्षित और प्रचारित करने का संकल्प लेते हुए प्रसिद्ध हिंदी कवियों के दोहे और कविता का पाठ किया गया। प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे देश की संस्कृति, संस्कार और एकता की प्रतीक राजभाषा हिंदी पर हमें गर्व है और इसके उत्थान हेतु हम सभी हमेशा कृतसंकल्पित रहेंगे। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, अजय सिंह, रामकिशोर, धर्मेंद्र शुक्ला, अवधेश शर्मा, पूजा सिंह, मंजरी श्रीवास्तव, प्रमोद अवस्थी, कृतिका साहू सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता वांछित छह अभियुक्त गिरफ्तार

**सुलतानपुर (वीओएल)।** पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी बल्दीराय के मार्गदर्शन में थाना धनपतगंज पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। विभिन्न आपराधिक मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में मो. हासिम (72) व उसका पुत्र मो. अलिम (32), निवासी ग्राम कुट्टा, थाना धनपतगंज, एक पुराने मारपीट और धमकी देने के मामले (धारा 323, 504, 506 भा.दं.वि.) में वांछित थे। इसी तरह सुक्खू (50) एवं माता प्रसाद (72), निवासीगण पियरापार मायंग, थाना धनपतगंज, तथा हरिप्रसाद (70), निवासी मायंग, थाना धनपतगंज, चोरी और माल छुपाने के गंभीर मामलों (धारा 379, 411 भा.दं.वि.) में पीपरपुर थाना, अमेठी के वांछित अभियुक्त थे। वहीं फुलचन्द्र वर्मा, निवासी सेवरा, थाना धनपतगंज, को बल्दीराय थाना क्षेत्र में दर्ज घर में घुसकर चोरी के मामले (धारा 457, 380, 411 भा.दं.वि.) में गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद, निरीक्षक अजय कुमार शुक्ला, का0 अश्वनी मिश्रा, हे0का0 महेश कुमार, का0 मंगल सिंह यादव, एवं का0 सुनील पटेल की सक्रिय भूमिका रही। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार यादव धनपतगंज ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है। सभी अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## गोमती मित्रों ने पितरों को अर्पित किए श्रद्धा सुमन, श्रमदान कर दी स्वच्छता की प्रेरणा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** सनातन संस्कृति में पितृपक्ष का विशेष महत्व है, जब श्रद्धालु अपने पितरों को स्मरण कर श्रद्धा अर्पित करते हैं। इसी भाव के साथ रविवार को गोमती मित्रों ने मां गोमती के तट पर सामूहिक श्रमदान करते हुए पितरों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रातः 6 बजे शुरू हुए इस विशेष श्रमदान कार्यक्रम में गोमती तट की सफाई की गई और श्राद्ध स्थल को स्वच्छ कर वातावरण को पावन बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ष्पितरों को नमन करना पुण्य है, लेकिन जीवित पूर्वजों का सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है। वहीं मीडिया प्रभारी रमेश महश्वरी ने वृद्धाश्रमों की स्थिति पर चिंता जताते हुए इसे समाज के लिए एक शर्मनाक पहलू बताया। कार्यक्रम के अंत में गोमती आरती की भी तैयारी की गई। श्रमदान में प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, संत कुमार प्रधान, मुन्ना सोनी, दिनकर सिंह, अभय मिश्रा, सुजीत कसौधन, महेश प्रताप आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का ज्ञापन कार्यक्रम आज

**सुलतानपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों के जिलाधिकारियों के माध्यम से टीईटी समस्या के समाधान हेतु आज प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर समस्या के समाधान की मांग करेगा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह, रमेश कुमार, पिंकल तिवारी ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंच से ज्ञापन देने पर सहमति दी हैं। जिला अध्यक्ष अशोक सिंह ने जिले के समस्त शिक्षकों, अनुदेशकों, शिक्षामित्रों एवं शिक्षा क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी संगठनों से आवाहन किया हैं कि अपनी उपस्थित देते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए संबल प्रदान करे।

## जमीनी विवाद में पांच पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली क्षेत्र के भदैया गांव के गिरधारी वर्मा का विपक्षियों से जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि शुक्रवार को शाम लगभग 05:00 बजे जब वह तहसील से अपने घर जा रहे थे। नसीरपुर सैयदान गांव के पास विपक्षियों ने हॉकी, डंडा, लोहे का रॉड एवं फरसा लेकर बाइक को रोक कर कहा कि जब हम लोग तुम्हारे नाना रामजतन को फर्जी ढंग से दिखा कर कूट रचित प्रमाण पत्र के सहारे फर्जी वारिस चकबंदी अधिकारी के यहां से दर्ज करवा लिया था तो उसका विरोध करके क्यों कटवा कर अमल दरामत करा लिए। राहगीरों के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। कुछ देर बाद विपक्षी घर में घुस कर गाली देते हुए गृहस्थी के समान तोड़फोड़ डले। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़ित गिरधारी वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को राम सुभाग, लाल बहादुर, रवि प्रकाश वर्मा, वीर बहादुर, अजय बहादुर, जोखू, रूपेंद्र के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। उधर शुक्रवार को एसीजीएम कादीपुर के न्यायालय के आदेश एवं लाल बहादुर की तहरीर पर पुलिस ने गिरधारी वर्मा सहित पांच लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया था।

## जेसीबी की टक्कर से एक युवक की मौत

**नसीराबाद, रायबरेली।** जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत दर्दनाक हो गई। दुर्घटना होते ही चालक जेसीबी छोड़कर फरार हो गया। इस दर्दनाक हादसा के बाद गांव में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए रायबरेली भेज दिया। पुलिस ने मृतक के जेठ की पत्नी की तहरीर पर जेसीबी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर करीब नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पुरे सोमवंशी मजरे लहेंगा निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र हरिहर सिंह अपनी बाइक से परैया नमकसार खाद लेकर वापस घर लौट रहा था। रास्ते में जैसे ही उसकी बाइक मखदूमपुर नसीराबाद मार्ग परैया नमकसार स्थित गौशाला के पास पहुंची सडक की पटरी पर मिट्टी भर रही जेसीबी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को 108 एंबुलेंस से सीएचसी नसीराबाद लाया गया। जहां सीएचसी में मौजूद चिकित्सक डॉ गुलाम ने घायल को मृत्यु घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और गाजियाबाद में रेलिंग मील में रहकर रोजी-रोटी कमाता था दूसरा भाई दीपू सिंह शहर में रहकर नौकरी करता था और तीसरा भाई कुलदीप सिंह भारतीय सेना मे कार्यत है। मृतक जितेंद्र सिंह की दो बेटियों अंकिता और अनुकिता के बाद 10 दिन पहले पुत्र हुआ था। उसी के निष्कासन संस्कार में ही पूरा परिवार एकत्र हुआ था। इस घटना से पूरा परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पल भर में ही सारी खुशियां मातम में बदल गई। इस संबंध में थाना प्रभारी बालेन्दु गौतम का कहना है कि मृतक के जेठ की पत्नी पुष्पा सिंह की तहरीर पर जेसीबी चालक खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रायबरेली भेज दिया गया है जेसीबी चालक की तलाश की जा रही है।

# सरकार अच्छे कार्य करने में पूरी तरह विफल

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज विकास खंड के टूक गांव में रविवार को प्रगतिशील दलित आंदोलन के बैनर तले जन पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारती मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

पंचायत को संबोधित करते हुए विधायक भारती ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, सरकार अच्छे कार्य करने में पूरी तरह विफल रही है। जनता की बुनियादी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। तथा क्षेत्र में हत्या और लूट व बलात्कार जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। ऐसे में यह साफ जाहिर होता है, कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं तथा अपराधी अपराध कारित कर बेखौफ होकर अपराध को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। ऐसे में सवालिया निशान उठता है, कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। ऐसे में आम जनमानस सुरक्षित नहीं है यदि जल्द ही शासन प्रशासन द्वारा अपराध पर अंकुश ना लगाया गया तो समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेवारी प्रशासन की होगी यह



उद्गार टूक गांव में पी डी ए की जनसभा में संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के ऊजार्वान विधायक श्याम सुंदर भारती उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए व्यक्त कर रहे थे

इस जन पंचायत में सपा के कई कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने क्षेत्र की सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति यह दर्शा रही थी कि जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर लोगों में गहरी बेचैनी है। इस मौके पर समाजवादी से जिला सचिव वीरेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष समर यादव, एडवोकेट विक्रमादित्य ,शिवम यादव, गजेन्द्र यादव, मुकेश यादव, सुरेश पासी, विनती,सियाराम, राम जूठन यादव,नकाऊ पासी आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## छज्जा गिरने से घायल बच्ची ने भी दम तोड़ा

**आगरा।** शाहगंज के सराय ख्वाजा में मकान का छज्जा गिरने से घायल 2 साल की बच्ची की भी शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इसी हादसे में 4 साल के बेटे की पहले ही मौत हो चुकी थी। घटना 10 सितंबर की है। सराय ख्वाजा में नाई की मंडी निवासी अदनान पुराने मकान को खरीदकर तुड़वा रहे थे। मशीन से काम चल रहा था। इससे आसपास के घरों में दरार आ गई थी। इसी बीच पड़ोसी गुड्डू के घर का छज्जा गिर गया। मलबे में गुडडू के घर के सामने रहने वाले आफताब, उनकी पत्नी फरहीन, बेटी आतिफा और बेटा रफत दब गए थे। पड़ोसी उन्हें अस्पताल ले गए, जहां रफत को मृत घोषित कर दिया गया था। शनिवार रात को आतिफा की मौत हो गई। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि बालिका की इलाज के दौरान मौत हुई है। पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## 121 वांछित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एनबीडब्लू एसआर वांछित वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस ने रात्रि में अथियान चलाकर 121 अभियुक्तों जिसमें 111 एनबीडब्लू 1 एसआर वाँछित व 9 अन्य वाँछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें थाना उत्तर 7 दक्षिण 9/2 टूण्डला 6 पचोखरा 4 रजावली 2 नारखी 2 नगला सिंघी 2 सिरसागंज 12 नसीरपुर 2 नगला खंगर 2 शिकोहाबाद 8/1 मक्खनपुर 6 खैरगढ़ 6 जसराना 7 एका 8 फरिहा 3 मटसेना 6 लाइनपार 4/7 बसई मौ0पुर 5 इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घंटे में एनबीडब्लू वारंटियों अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 121 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## दिल्ली पुलिस ने मथुरा के नौहझील में पकड़ी हथियारों की फैक्टरी

**मथुरा।** नॉर्थ दिल्ली के सराय रोहिल्ला की पुलिस ने नौहझील में बाढ़ से घिरे गांव अनर्दागढ़ी में छापा मारकर अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी पकड़ी है। यहां से 14 देसी पिस्टल, एक मस्कट गन और हथियार बनाने के सामान का जखीरा पकड़ा है। फैक्टरी चला रहे एक आरोपी को भी पकड़ा गया है। दिल्ली के सराय रोहिल्ला थाने की पुलिस ने यमुना नदी के बाढ़ग्रस्त गांव अनर्दागढ़ी तक पहुंचने के लिए करीब तीन किमी का जलमग्न इलाका पार किया। बिजली नहीं होने के कारण भी टीम को दुर्गम स्थान पर स्थित फैक्टरी तक पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। दिल्ली पुलिस के मुताबिक फैक्टरी को संचालित करने वाले शिवचरण को पकड़ा गया है। वह पुलिस को देखकर भागने की फिराक में था मगर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसने पूछताछ में बताया कि वह पहले अपने साथी हनवीर के साथ काम करता था, लेकिन 10 दिन पहले हनवीर को अलीगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार लिया। हनवीर ने अलीगढ़ में भी कारखाना बना लिया था। पुलिस के मुताबिक फैक्टरी से 14 देसी पिस्ल, एक मस्कट गन, 350 से ज्यादा पिस्टल बनाने का कच्चा माल, हथियार बनाने में प्रयोग की जाने वाली कई तरह की मशीनें भी फैक्टरी से बरामद की गई हैं। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि हथियारों की सप्लाई और अन्य काम हनवीर देखता था। यह काम कई साल से चल रहा था। दिल्ली पुलिस का कहना है कि यह संगठित गिरोह है, जिसके अन्य गुर्गों की तलाश की जा रही है।

# हेमा मालिनी से मजदूरों ने की हस्तक्षेप की मांग

## रिफाइनरी के मजदूर हस्तक्षेप याचिका लेकर सांसद के ऑफिस पहुंचे



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में रिफाइनरी के सैकड़ों मजदूर अपनी हस्तक्षेप याचिका लेकर सांसद हेमा मालिनी के सिविल लाइंस ऑफिस पहुंचे। तहसील सदर से उनके कार्यालय तक अनुशासित और पंक्तिबद्ध श्रमिक रिफाइनरी प्रबंधन के विरुद्ध नारे लगाते हुए गए। सांसद हेमा मालिनी अनुपस्थित थीं और उनका कोई प्रतिनिधि भी याचिका ग्रहण करने को उपस्थित नहीं था। इससे श्रमिकों को क्षोभ हुआ और याचिका की एक प्रति इमारत के मुख्य द्वार पर चस्पा कर दी गई।

हस्तक्षेप याचिका में सांसद महोदया से मार्मिक अपील करते हुए यूनियन ने आधुनिक मंदिर मथुरा रिफाइनरी की शुचिता बहाल करने के लिए पारिश्रमिक की अवैध वापसी पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग की। याचिका में रिफाइनरी के ठेकेदारों और अधिकारियों के अपवित्र गठजोड़ का जिक्र करते हुए कहा गया है कि पूर्ववर्ती आश्वासनों के बाबजूद कार्यकारी निदेशक सेवा सुरक्षा का तन्त्र विकसित नहीं कर रहे हैं तो निश्चित ही इस महा अपराध में उनकी सम्मति होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ मजदूर नेता शिवदत्त चतुवेर्दी ने मजदूरों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में सभी लोकसभा सदस्यों और राज्य सभा सदस्यों को यूनियन अपनी समस्या से अवगत करा चुकी है लेकिन प्रबंधन के कान पर जू नहीं रेंगी है। उन्होंने सांसद हेमा मालिनी का आह्वान किया कि वे सांस्कृतिक राग रंगों से निकल कर मथुरा के मजदूरों और किसानों के सवालों पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि अवैध पारिश्रमिक वापसी ने रिफाइनरी को काले धन के सृजन की फैक्ट्री बना दिया है जिससे समाज और राष्ट्र की अपूरणीय क्षति है। यूनियन के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुवेर्दी एडवोकेट ने हस्तक्षेप याचिका का मूल पाठ पढ़कर सुनाया और कहा कि इसकी प्रति भी सभी लोकसभा सदस्यों एवं राज्य सभा सदस्यों को भेजी जाएगी कि वे भी हेमा मालिनी से, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री, आईओसीएल चेयरमैन और श्रम मंत्रालय से इस समस्या के निराकरण की पहल करें।

## श्री कृष्णलोक कंडोमिनियम एसो. के पदाधिकारी ने लगायी जान-मालसुरक्षा की गुहार, एसएसपी को सौंपा पत्र

**मथुरा।** बिल्डर सीएचडी ड़ेवेलोपर्स लिमिटेड बिल्डर की हिटलरशाही और थाना जैंत प्रभारी द्वारा श्री कृष्णलोक सोसाइटी के मंदिर के स्वामित्व पर कब्जा करने की धमकी से परेशान होकर श्री कृष्णलोक कॉन्डोमिनियम एसो. पदाधिकारियों ने मथुरा पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को थाना जैंत प्रभारी और बिल्डर सीएचडी ड़ेवेलोपर्स लिमिटेड के बिल्डर और अपराधी किस्म के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है तथा सोसाइटी में रहने वाले सदस्यों के जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

- बिल्डर के मंदिर पर कब्जा कराने में सहयोग कर रहे हैं थाना प्रभारी

श्री कृष्णलोक कन्डोमिनियम एसोसिएशन के पदाधिकारी गिरधर सिंह, मीरा देवी, जीवन सिंह, रीना एसएसपी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत पत्र में अवगत कराया है कि मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के पत्रांक संख्या 4580/मा.अनु./म.वृ.वि.प्रा./2024-25 दिनांक 19/03/2025 एवं मानचित्र संख्या 60/के/2004-05 (कृष्णलोक) के अनुसार श्री कृष्णलोक सोसाइटी के सामने की मंदिर शुद्ध रूप से सोसाइटी की सम्पत्ति है लेकिन बिल्डर एवं कुछ अज्ञात लोग उनको धमकी दे रहे है, जब इसकी शिकायत सोसाइटी के सदस्यों द्वारा थाना जैंत को की तो उल्टे थाना प्रभारी ने हम पर दबाव बनाने तथा धमकी देकर मंदिर को बिल्डर को सौपने को कहा। ऐसा ना करने पर हम सभी के खिलाफ व्यक्तिगत नाम से कारवाही करने की धमकी दी है, इससे पहले भी बिल्डर सीएचडी ड़ेवेलोपर्स लिमिटेड ने सोसाइटी में पानी, विद्युत आपूर्ति को बाधित कर चुके हैं। आपसे से निवेदन है कि हमारी जान माल सुरक्षा के साथ, थाना प्रभारी जैंत और बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## डीएम-एसएसपी ने मेले की तैयारियों का किया निरीक्षण

**मथुरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी के 19 सितम्बर के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन तैयारी में जुटा है। महोत्सव में 19 सितंबर को सीएम के संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर रविवार को तैयारी का जायजा लेने डीएम व एसएसपी दीनदयाल धाम पहुंचे। विदित रहे कि दीनदयाल धाम में हर साल पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन पर चार दिवसीय मेला का आयोजन होता है। 19 सितंबर को सीएम योगी बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। वह विराट युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

## पर्यटन मंत्री ने कैंप कार्यालय में सुनीं जन समस्याएं



**फिरोजाबाद।** जनपद के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु पर्यटन एवम संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने आवास स्थित कैम्प कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया, एक गार्जियन एवं नेतृत्व कर्ता के रूप में पर्यटन मंत्री ने नागरिकों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक न केवल सुना बल्कि इन समस्याओं में से कुछ का त्वरित समाधान भी किया, साथ ही कुछ समस्याओं का निराकरण करने का शीघ्र आश्वासन दिया। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं से रूबरू होते हुए उन्होंने उन समस्याओं से संबंधित अधिकारियों से टेलिफोनिक वार्ता कर उन्हें शीघ्र दूर करने हेतु उन्हें निर्देशित किया। मंत्री जी के समक्ष मुख्य रूप से कानून भूमि अधिग्रहण, आवास पेंशन जैसे अनेक समस्याएं उनके समक्ष आयीं अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए नागरिकों के चेहरों पर खुशी और उल्लास देखने को मिला जब उनकी समस्याओं का समाधान उन्हें त्वरित मिला, इस अवसर उप ज़िलाधिकारी अनुराधा सिंह सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में पत्रकार को हाईकोर्ट से राहत नहीं, रिपोर्ट रद करने की याचिका खारिज

**आगरा।** फर्जी शस्त्र लाइसेंस और अवैध तरीके से हथियारों की खरीद फरोख्त के मामले में आरोपित टीवी पत्रकार शोभित चतुवेर्दी को दूसरी बार भी हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। एफआइआर निरस्त करने और गिरफ्तारी स्टे के लिए प्रस्तुत की गई याचिका को हाई कोर्ट ने 11 सितंबर को दिए आदेश में निरस्त कर दिया है। हाई कोर्ट ने आरोपित शोभित चतुवेर्दी को आदेशित किया है कि वह चाहें तो अग्रिम जमानत के लिए जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे पहले भी गिरफ्तारी पर रोक लगाने वाले याचिका हाई कोर्ट की ओर से खारिज की जा चुकी है। 24 मई को नाई की मंडी थाने में एसटीएफ इंस्पेक्टर यतींद्र शर्मा की जांच रिपोर्ट के बाद धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें नेशनल शूटर मोहम्मद अरशद, कारपेट कारोबारी मोहम्मद जैद, प्रापर्टी डीलर भूपेंद्र सारस्वत, राजेश बघेल, शिव कुमार सारस्वत टीवी चैनल के पत्रकार शोभित चतुवेर्दी और शस्त्र लिपिक संजय कपूर को नामजद किया गया है।

## कुछ लोग भाई-भाई को लड़ा रहे : डिप्टी सीएम

**आगरा।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आगरा में कहा-आज हम गर्व से कह सकते हैं कि भारत माता की पताका सर्वोच्च शिखर पर है तो वह वीर छत्रपति शिवाजी महाराज की वजह से है। आज परिस्थितियां क्या हैं? कुछ लोग छोटे से वोट के कारण, सत्ता के कारण, कुर्सी के कारण भाई-भाई को लड़ाने का असफल प्रयास कर रहे हैं। ये बातें उन्होंने आगरा में दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित जाणता राजा के व्याख्यान कार्यक्रम में बोलीं। सूरसदन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा-आगरा के लोगों को तय करना है कि भारत माता का सिर सर्वोच्च शिखर पर जाएगा या सत्ता के लालच के समूह जो केवल कुर्सी के लिए भारत की संस्कृति को छिन्न-भिन्न करने का काम करने वालों के हाथों में। भाई से भाई को लड़ाने वाली ताकतों को आगरा से ही मुंहतोड़ जवाब देंगे। आगरा क्रांतिकारियों की भूमि है। आगरा से निकली चिंगारी ज्वालामुखी बनेगी। ये स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की धरती है। वे यहीं बटेश्वर से आते थे। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक पूरी दुनिया में पहुंचाने का काम किया। इसलिए मैं आगरा के लोगों से कुछ कहने आया हूं। हमें स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना होगा। हमें स्वदेशी वस्तुओं को ही खरीदना होगा। हमें स्वदेशी वस्तुओं को ही बेचना होगा। भारत माता स्वदेशी वस्तुओं के लिए अपना आंचल बिछाये बैठी है। जिस दिन अपने देश के लोग तय कर लेंगे, हर घर के लोग तय कर लेंगे कि हम स्वदेशी उत्पाद ही खरीदेंगे, स्वदेशी उत्पाद ही पहनेंगे। भारत जब स्वदेशी की ओर बढ़ेगा तो भारत माता का सिर गर्व से ऊंचा होगा। उन्होंने वन नेशन-वन इलेक्शन पर कहा-6 महीने आचार संहिता में चला जाता है। वन नेशन-वन इलेक्शन का मुद्दा आगरा से उठना चाहिए, यहां की जनता से आवाज आनी चाहिए। वन नेशन-वन इलेक्शन की चिंगारी पूरे देश और पूरे उत्तर प्रदेश में आगरा से उठे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वन नेशन-वन इलेक्शन की आवाज जन-जन से आएगी। इससे पहले डिप्टी सीएम यूपी वेडिंग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने आगरा को डेस्टिनेशन वेडिंग प्लेस बनाने के लिए एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सराहा।

# सेवा पखवाड़ा को लेकर जिला भाजपा की मण्डल कार्यशाला संपन्न



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे के नेतृत्व में मथुरा जिले में प्रधानमंत्री मोदीजी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधीजी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक चलने वाले सेवा-पखवाड़ा-अभियान एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव स्नातक एवं शिक्षक चुनाव को लेकर जिला भाजपा मथुरा तीनों विधानसभाओं में सेवा पखवाड़ा जारी है उसी के क्रम में मांट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विचपुरी स्तिथ ओम मैरिज होम पर मंडल की कार्ययोजना की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि मण्डल प्रभारी श्याम चतुर्वेदी मौजूद रहे।

कार्यशाला शुरू होने से पूर्व डॉ श्यामा प्रशाद मुखर्जी व मां भारती की प्रतीमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि श्याम चतुर्वेदी ने मंडल की कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि मानवता के कार्य ही हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला एवं मंडल स्तर पर रक्तदान शिविर एवं फ्री स्वास्थ्य चिकित्सा कैंप लगाए जायेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित सचित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उन्होने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के सहयोग से विशेष फ्री हेल्थ चेकअप शिविर, सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में तरुण सैनी, मण्डल महामंत्री मोरमुकुट वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नितेश कुमार, कृष्ण मुरारी सोनू ठाकुर, हेमंत सिंह, सोनू चैधरी राम बहादुर सिंह, राजकुमार रंजीत सिंह कुलदीप शर्मा, प्रेम पाल सहित मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष, उपस्थित रहे।

## 80 साल की बुजुर्ग महिला से तीन साल में 6 लाख रुपये की ठगी

**आगरा।** दयालबाग की 80 वर्षीय महिला के खाते का डेबिट कार्ड इस्तेमाल कर अज्ञात व्यक्ति ने तीन वर्ष में खाते से छह लाख रुपये निकाल लिए। बैंक में पासबुक अपडेट कराने पर खाते में कम रकम होने की जानकारी मिली। बैंक ने डेबिट कार्ड से रकम निकाली जाने की जानकारी दी। महिला ने कार्ड ब्लॉक करवाकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित महिला आभा टोपा ने पुलिस को बताया कि उनका बचत खाता यूनियन बैंक आफ इंडिया की दयालबाग शाखा में है। बीते माह पासबुक अपडेट कराने पर जानकारी हुई कि उनके खाते में कम रकम है। वर्ष 2023 से लगातार डेबिट कार्ड के जरिए कोई अज्ञात व्यक्ति उनके खाते से रुपये निकाल रहा था। डेबिट कार्ड अभी भी उनके पास ही मौजूद है। उन्होंने 14 अगस्त को बैंक के मैनजर से शिकायत की थी। बैंक की जांच में डेबिट कार्ड से रुपये निकालने की पुष्टि हुई। बैंक ने रुपये निकालने वाले के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने डेबिट कार्ड को ब्लाक करा दिया है। इंस्पेक्टर न्यू आगरा राजीव त्यागी ने बताया, मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपित की तलाश की जा रही है।

# गौशाला ट्रस्ट के खाते में आते थे साइबर ठगी के करोड़ों रुपये, दो गिरफ्तार

- तीन दिन में 20 करोड़ आने पर बैंक ने खाते किये सीज, गैंग का सरगना अभी भी फरार



**मथुरा।** गौ सेवा ट्रस्ट के नाम पर बैंक में खाता खोलकर साइबर फ्रॉड के पैसों का लेनदेन करने वाले दो शातिरों को थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार, उपनिरीक्षक राजकुमार पंवार, उ0नि0 उत्तम सिंह भड़ाना सहित टीम ने बाद कट से बरेली एक्सप्रेस वे की तरफ करीब 110 मीटर आगे की तरफ से, पकड़ा हैं, इस गिरोह ने मिलकर दो-तीन दिन के अंदर ट्रस्ट के खाते में करीब 20 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि जमा करायी जिससे बैंककर्मियों के भी होश उड़ गये। संदेह होने के चलते बैंक ने खाते पर रोक लगा दी।

स्टेट बैंक की कैन्ट शाखा में कुछ समय पूर्व एक चालू खाता खुलवाया गया था। शिव गौरा गौ सेवा ट्रस्ट के नाम से खुलवाये गये इस खाते में लोगों से विभिन्न माध्यमों से ऑनलाइन ठगी की जा रही थी। इस गैंग के लोगों ने पिछले दो-तीन दिनों में ही 20 करोड़ रुपए बैंक खाते में डाल दिये। बैंक द्वारा खाते पर रोक लगा दिये जाने और पुलिस को इसकी शिकायत करने के बाद साइबर पुलिस इसकी जांच में लग गयी। पुलिस ने इस बैंक खाते की जांच पड़ताल की तो एनसीआरपी पोर्टल की करीब 100 साइबर फ्रॉड की शिकायतें इनके खिलाफ दर्ज मिलीं। पुलिस इन साइबर ठगों की तलाश में लगी हुयी थी। साइबर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाद स्थित बरेली एक्सप्रेस वे कट के पास से दो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये शतिरों में गौतम उपाध्याय पुत्र उमांशकर उपाध्याय निवासी लक्ष्मीपुरम कालोनी नवादा अड्की और बल्देव पुत्र दलवीर सिंह निवासी नगला बैर थाना बल्देव को पकड़ लिया। इनकी तलाश ली गयी तो गौतम के पास से शीतल उपाध्याय पुत्र हरिशंकर निवासी सुंदरवन बालाजीपुरम के नाम का आधार कार्ड मिला। वहीं बल्देव के पास से हरदेव पुत्र सोनवीर सिंह निवासी सुंदरवन बालाजीपुरम के नाम का आधार कार्ड मिला। पुलिस को इन लोगों ने बताया कि इन लोगों ने अपनी फोटो लगाकर दूसरे नाम से आधार कार्ड बना रखे थे। पुलिस के अनुसार साइबर गैंग का मुख्य सरगना अभिषेक चैधरी उर्फ पीके पुत्र जगवीर सिंह निवासी औंकारेश्वर कालोनी थाना रिफाइनरी है। इसी ने साइबर फ्रॉड का पैसा मंगाने के लिये गौतम उपाध्याय, शिवकुमार और गोविंद कुमार निवासीगण सुंदरवन बालाजीपुरम के साथ मिलकर गत 07 अगस्त को एसबीआई बैंक कैन्ट शाखा में शिव गौरा गौ सेवा ट्रस्ट के नाम से करंट अकाउंट खुलवाया था। खाते में चार मोबाइल नंबर दर्ज थे जिनमें तीन नंबर गौतम की आईडी पर और एक गोविंद की आईडी पर था। इस खाते को खुलवाने के लिये अभिषेक उर्फ पीके पुत्र जगवीर निवासी ओमकारेश्वर कालोनी थाना रिफाइनरी ने एक लाख रुपए दिये थे। खाते से रुपए भेजने और निकालने के लिये इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई और मोबाइल बैंकिंग चालू करायी गयी थी। अभिषेक उर्फ पीके पकड़े गये आरोपी बल्देव का मौसेरा भाई है। इस खाते में आने वाले फ्रॉड के पैसों का 30 प्रतिशत कमीशन गौतम, बल्देव, गोविंद और शिवम को मिलता था। खाते पर होल्ड लग जाने के बाद गौत्म ने साथी गोविंद के साथ जाकर अपने दोनों मोबाइल नंबर एयरटेल कंपनी में जाकर (स्वैप) निकलवा लिये। इसकी जानकारी गिरोह के सरगना अभिषेक को लग गयी। इस गैंग में जगवीर और सैंडी नामक युवक भी अभिषेक के साथ शामिल हैं। साइबर फ्रॉड के सिलसिले में ये लोग भोपाल भी गये थे जहां केटी नामक व्यक्ति को इन्होने दोनों सिम दिये।

पुलिस ने बताया कि ये लोग लोगों को बेवकूफ बनाकर और अपने झांसे में लेकर यूपीआई आदि ऑनलाइन ठगी करके ट्रस्ट के खाते में रुपए मंगाते थे और अन्य फ्रॉड खातों में रुपए ट्रांसफर करते थे। ये लोग अब तक करोड़ों रुपए इस खाते से फ्रॉड करके ट्रांसफर कर निकाल चुके हैं। पैसे ट्रांसफर का काम अभिषेक उर्फ पीके करता था। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों के मोबाइल से अन्य सबूत सामग्री बरामद की है।

## 600 पेटी अवैध शराब सहित दो तस्कर गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान ट्रक में पंजाब से बिहार ले जा रहे अवैध शराब सहित अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 600 पेटी अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 72 लाख रुपये है बरामद की गई। रविवार को थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मल्लाराम पुत्र वाघाराम निवासी रानी गांव कल्ला थाना बाडमेर सदर, जिला बाडमेर राजस्थान, दीन दयाल पुत्र फरसाराम निवासी रानी गांव कल्ला थाना बाडमेर सदर जिला बाडमेर राजस्थान को चौकी सन्तजनू के सामने मैनपुरी मार्ग थाना शिकोहाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणो के कब्जे से मय ट्रक व ब्रिजा गाडी मे से अवैध शराब 600 पेटी अग्रेजी शराब 144 पेटी बोतल 100 पेटी हाफ, 341 पेटी क्वार्टर बरामद की गई, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर पंजाब के संगरुर जिले से शराब लेकर चले थे, जिसके साथ मे एक ब्रिजा गाडी पुलिस की चैकिंग की निगरानी करने के लिये आगे पीछे चलती है, दोनों गिरफ्तार अभियुक्त इस गाडी को बिहार मे ले जाकर सप्लाई करते और इससे काफी मुनाफा कमाते है। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया, गिरफ्तार अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## पुडुचेरी की तीन फर्म मिलीं संदिग्ध, जांच करने जायेगी औषधि विभाग की टीम

**आगरा।** नकली दवाओं के सिंडिकेट में पुडुचेरी और आगरा के दवा माफिया का गठजोड़ मिल रहा है। पुडुचेरी से ही नामी कंपनियों की नकली दवाएं मंगवाकर बाजार में खपाई जा रही थीं। वहां की तीन फर्म संदिग्ध मिली हैं। इनकी जांच करने के लिए आगरा की औषधि विभाग की टीम भी पुडुचेरी जाएगी। औषधि विभाग की जांच में दो दवाएं भी नकली मिल चुकी हैं। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि बंसल मेडिकल एजेंसी, एमएसवी मेडी पॉइंट, ताज मेडिको और हे मां मेडिकोज ने पुडुचेरी की एके राजा की मीनाक्षी फार्मा से नकली दवाएं मंगाई थीं। इन फर्म की 71 करोड़ रुपये की दवाएं सीज कर चुके हैं। इसकी रिपोर्ट बनाकर पुडुचेरी भी भेजी गई। वहां एक फैक्टरी में छापा मारा था जिसमें 3.50 करोड़ की दवाएं, कच्चा माल, रैपर समेत अन्य सामग्री मिली थी। यहां तीन फर्म के बिल भी मिले थे। ये बंद हो चुकी कंपनी के नाम पर दवाएं बना रहे थे। इसकी जांच करने के लिए आगरा से भी औषधि विभाग की टीम जाएगी। औषधि विभाग की जांच में अभी तक लखनऊ, बरेली, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर में नकली दवाएं बेची गई हैं। इनमें जांच शुरू हो गई है। लखनऊ के विक्की कुमार की न्यू बाबा फार्मा, सुभाष कुमार की पार्वती ट्रेडर्स है, ये दोनों अभी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए हैं। मुजफ्फरनगर में आयुष मेडिकोज के संचालक तरुण गिरधर को 3.50 करोड़ रुपये की नकली दवाओं की बिक्री करने पर पकड़ा जा चुका है। अलीगढ़ में भी निरीक्षण कर दवाओं के नमूने लिए जा रहे हैं। साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में नकली दवाओं के बैच नंबर समेत अन्य जानकारी देकर दवा विक्रेताओं से खरीद-फरोख्त की जानकारी मांगी है। औषधि विभाग की जांच में अभी तक एंटी एलर्जिक और मधुमेह की दवा नकली मिली है। अभी 22 नमूनों की रिपोर्ट आना बाकी है।

# भाकियू टिकैत ने किया गांव-गांव संगठन विस्तार

**मथुरा।** जनपद मथुरा के बलदेव ब्लॉक के गांव गांव नगला महाराज सिंह में संगठन विस्तार को लेकर के एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिला उपाध्यक्ष हरिओम सिंह यादव के ट्यूबेल पर किया। बैठक में उपस्थित किसान सरदारी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मथुरा मीरा सिंह का फूल माला व स्वाफा से स्वागत किया। बैठक में बाबा महात्मा टिकैट के समय के वायोवृद्ध पदाधिकारी व सदस्यों का सभी पदाधिकारी ने टोपी और पटुका पहनकर सम्मान किया। बैठक में सभी किसानों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। किसानों को संबोधित करते प्रदेश प्रबक्ता उत्तर प्रदेश व प्रभारी मध्यप्रदेश गजेंद्र परिहार ने बताया कि बर्तमान में किसानों के प्रलयकारी प्रचंड वेग से बह रही यमुना नदी के जल से त्राहि त्राहि मची हुई है किसानों की यह फसल तो बर्बाद हो ही गयी लेकिन अगली फसल भी पूरी तरह



से चैपट है। किसानों को इसके लिए एकजुट होना होगा क्योंकि बिन हवा न पत्ता हिलाता है और बिन लड़े न हिस्सा मिलता है। इसलिए अपने हक ओर अधिकार के लिए एक जुट हो संघर्स करना होगा। जिलाध्यक्ष मथुरा मीरा सिंह ने कहा कि वर्तमान में सरकार की कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर है जहां सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है किसानों का सबसे बड़ा शोषण सरकार द्वारा ही किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस संघर्ष की पूर्ण जिम्मेदारी मथुरा शासन प्रशासन की होगी। बैठक में दर्जनों किसानों ने बाबा टिकैत में आस्था व्यक्त करते हुए संगठन की सदस्यता ली। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश परिहार, सुंदर सिंह काका, ललित शर्मा, अर्जुन प्रधान अध्यक्ष अनुसासन समिति, जिला उपाध्यक्ष मथुरा कैप्टन बच्चू सिंह, जिला उपाध्यक्ष रणजीत, जिला सचिब पबन ठेकेदार जिला सचिव ऋषि, तहसील प्रवक्ता महावन बिदा लाल प्रेमपाल, सोनवीर, रानू मीडिया प्रभारी, गणेश तोमर सहित बड़ी संख्या में किसान सरदारी मौजूद रही।

## निरंतर घट रहा है यमुना का जलस्तर

**मथुरा।** मथुरा में यमुना का जलस्तर रविवार दोपहर को घटकर खतरे के निशान 165.73 मीटर से नीचे आ गया है। विगत दिनों से लगातार जलस्तर घट रहा है, लेकिन दुश्वारियां बरकरार हैं। बाढ़ से सैकड़ों एकड़ फसलें मलबे में दफन हो गई हैं। खेतों में दो-दो फीट मिट्टी जमा हो गई है। गांव से लेकर शहर तक की गलियां कीचड़ से कराह रही हैं। हालांकि कई क्षेत्रों में अभी भी ठहरा हुआ पानी बबार्दी की कहानी बयां कर रहा है, लेकिन प्रशासन व नगर निगम सफाई व्यवस्था में जुटा हुआ है। जिन क्षेत्रों में यमुना का पानी उतर गया है, वहां निचले इलाकों में जलभराव हो गया है।

## परिवार परामर्श केंद्र ने 5 परिवारों की लौटायीं खुशियां



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन फिरोजाबाद परिसर में संचालित परिवार परामर्श केन्द्र महिला हेल्प डेस्क द्वारा 05 परिवारों का आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए परिवारों की खुशियाँ वापिस लौटाई। रविवार को फिरोजाबाद पुलिस के परिवार परामर्श केन्द्र दीदी प्रोजक्ट के अधिकारी कर्मचारीगण थानों पर संचालित महिला हेल्प डेस्क द्वारा 05 घरेलू मामलों में आपसी सुलहनामा कराते हुए समझौता कराया गया। उक्त परिवारों के आपसी चल रहे घरेलू विवादों में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए सकुशल घर रवाना किया गया। सभी पक्षों के द्वारा फिरोजाबाद पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा कर धन्यवाद व्यक्त किया गया।

संक्षेप

## अमेरिकी सेमीकंडक्टर क्षेत्र को लक्ष्य कर जांच शुरू की

ताइपे। चीन ने इस सप्ताह स्पेन के मैड्रिड में व्यापार, राष्ट्रीय सुरक्षा और सोशल मीडिया मंच टिकटॉक के स्वामित्व पर अमेरिका के साथ होने वाली वार्ता से पहले शनिवार को अमेरिकी सेमीकंडक्टर क्षेत्र को निशाना बनाकर दो जांच शुरू कीं।चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने अमेरिका से आयातित कुछ एनालॉग आईसी चिप की डंपिंग-रोधी जांच की घोषणा की है। यह जांच कुछ कमोडिटी इंटरफेस आईसी चिप और गेट ड्राइवर आईसी चिप को लक्षित करेगी, जो आमतौर पर टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स और ओएन सेमीकंडक्टर जैसी अमेरिकी कंपनियों द्वारा बनाई जाती हैं। मंत्रालय ने अलग से चीन के चिप क्षेत्र के खिलाफ अमेरिकी उपायों की भेदभाव-विरोधी जांच की घोषणा की। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट रविवार और बुधवार के बीच मैड्रिड में चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग से मुलाकात करेंगे। चीनी वाणिज्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि निर्यात प्रतिबंध और शुल्क जैसे अमेरिकी उपाय उन्नत कंप्यूटर चिप और कृत्रिम मेधा जैसे चीन के उच्च-तकनीकी उद्योगों के विकास को रोकते और दबाते हैं। जांच की घोषणा शुक्रवार को अमेरिका द्वारा 23 चीनी कंपनियों को उन व्यवसायों की सूची में शामिल करने के बाद हुई है, जिन पर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के हितों के विरुद्ध कथित रूप से काम करने के लिए प्रतिबंध लगाए जाएंगे। इस सूची में वे दो चीनी कंपनियां भी शामिल हैं।

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च किये गैलेक्सी बड्स3 एफई

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज गैलेक्सी बड्स3 एफई लॉन्च किए। ये नए ब्लेड डिजाइन, गैलेक्सी एआई क्षमताओं और शानदार ऑडियो अनुभव से लैस हैं। गैलेक्सी बड्स3 एफई गैलेक्सी एआई, उन्नत ऑडियो टेक्नोलॉजी और आइकोनिक ब्लेड डिजाइन का बेहतरीन मेल हैं। यह यूजर्स को सहज कनेक्टिविटी का आनंद देते हुए उन्हें आसानी से गैलेक्सी इकोसिस्टम से जोड़ते हैं। इस डिवाइस में एडवांस्ड एक्टिव नॉइस कैंसलिंग, बेहतर कॉल क्वालिटी, लंबी बैटरी लाइफ और अधिक आराम जैसे फीचर्स शामिल हैं। गैलेक्सी बड्स3 एफई गैलेक्सी एआई इंटरप्रेटर ऐप से लैस हैं, जिसकी मदद से यूजर्स किसी विदेशी भाषा में लेक्चर सुन सकते हैं या दूसरी भाषा बोलने वाले व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं। यूजर्स फोन निकाले बिना ही अपना एजेंडा या ईमेल भी चेक कर सकते हैं। भीड़भाड़ वाली ट्रेन में शांति, हवा वाले रास्तों पर कॉल या घर लौटते समय पसंदीदा प्लेलिस्ट—गैलेक्सी बड्स3 एफई हर स्थिति में बेहतर अनुभव के लिए बनाए गए हैं। इसके बड़े स्पीकर दमदार बेस और साफ ट्रेबल के साथ गहरा और रिच साउंड देते हैं।

## व्रत में पौष्टिक आहार जरूरी

नयीदिल्ली। जैसे-जैसे नवरात्रि पास आती है, देशभर के परिवार व्रत की तैयारी करते हैं पोषण से भरपूर साबूदाना और कैलिफोर्निया बादाम जैसे विकल्प नवरात्रि के नौ दिनों में ऊर्जा बनाए रखने, पाचन को सहारा देने और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद करते हैं। रिफाइंड शुगर और तली-भुनी चीजों से बचें और प्राकृतिक, संपूर्ण खाद्य पदार्थों पर ध्यान दें। बादाम सुबह का परफेक्ट आहारव्रत के लिए सबसे ज्यादा सुझाए जाने वाले आहारों में बादाम विशेष स्थान रखते हैं। इनमें प्रोटीन, हेल्दी फैट, विटामिन ई और मैग्नीशियम जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं, जो पेट भरे रखने, हृदय की सेहत का ख्याल रखने और ऊर्जा को बढ़ाने में मदद करते हैं। साबूदानापारंपरिक ऊर्जा स्रोत नवरात्रि साबूदाना खिचड़ी या वड़ा के बिना अधूरी मानी जाती है। कुट्टू पोषक तत्वों से भरपूर आटा कुट्टू का आटा नवरात्रि का अहम हिस्सा है, जिसका उपयोग पैनकेक, चीला और अन्य व्रत-फ्रेंडली व्यंजनों में किया जाता है।

## ई-कॉमर्स सेक्टर के 160 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद

बंगलुरु। आज के डिजिटल युग में किसी भी कारोबार को ऑनलाइन लाना सिर्फ.एक लग्जरी नहीं, बल्कि एक जरूरत है, खासकर जब भारत का ई-कॉमर्स सेक्टर 2028 तक 160 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है। त्योहारों के मौसम में ऑनलाइन मौजूदगी और भी ज्यादा जरूरी हो जाती है, जब अचानक खरीदारी और आखिरी मिनट के ऑर्डर कई गुना बढ़ जाते हैं। बिना वेबसाइट और डोमेन नाम की बारीकियों को जाने, उसमें निवेश करना निश्चित रूप से थोड़ा डराने वाला हो सकता है। लेकिन अब ऐसा नहीं है। इस त्योहारी सीजन में, गोडैडी भारत भर के छोटे कारोबारियों को डिजिटल बनने और कम कीमत पर - सिर्फ.99 में बड़ा प्रभाव डालने के लिए मजबूत बना रहा है।

# कंपनियों की पूंजी 1.69 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,69,506.83 करोड़ रुपये बढ़ गया। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेकस 1,193.94 अंक या 1.47 प्रतिशत चढ़ गया।

शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस को लाभ हुआ। वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और एलआईसी के मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 40,788.38 करोड़ रुपये बढ़कर 6,24,239.65 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 33,736.83 करोड़ रुपये बढ़कर 6,33,773.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 30,970.83 करोड़ रुपये बढ़कर 11,33,926.72 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 27,741.57 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 18,87,509.28 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 15,092.06 करोड़ रुपये बढ़कर 7,59,956.75 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक को सप्ताह के दौरान 10,644.91 करोड़ रुपये का फायदा हुआ और इसका बाजार मूल्यांकन 10,12,362.33 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 6,141.63 करोड़ रुपये बढ़कर 14,84,585.95 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का मूल्यांकन 4,390.62 करोड़ रुपये बढ़कर 10,85,737.87 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 12,429.34 करोड़ रुपये घटकर 6,06,265.03 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 1,454.75 करोड़ रुपये घटकर 5,53,152.67 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका-भारत व्यापार मोर्चे पर आगे कोई भी घटनाक्रम भी शेयर बाजार के रुख को प्रभावित करेगा। आगे की ओर देखते हुए, इस सप्ताह का प्रमुख वैश्विक घटनाक्रम 17 सितंबर को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के नतीजे होंगे। अमेरिकी रोजगार बाजार में सुस्ती के संकेतों को देखते हुए, बाजार ब्याज दरों में कम-से-कम 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहा है। घरेलू मोर्चे पर, अमेरिका-भारत व्यापार मोर्चे पर कोई भी का घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक बना रहेगा। इसके अलवा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह इस गति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,193.94 अंक या 1.47 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 373 अंक या 1.50 प्रतिशत के लाभ में रहा। शुक्रवार को निफ्टी में लगातार आठवें सत्र में तेजी दर्ज की गई, जबकि सेंसेक्स लगातार पांचवें दिन लाभ में रहा। अमेरिकी और एशियाई बाजारों में आशावाद के साथ वैश्विक धारणा प्रमुख चालक बनी हुई है, जो फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों की वजह से है। इससे जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ रही है। विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियां, रुपये-डॉलर का रुख और कच्चे तेल की कीमतों का उतार-चढ़ाव भी सप्ताह के दौरान बाजार के रुख को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भारतीय शेयर बाजार में धीरे-धीरे तेजी जारी रहने की संभावना है। इस सप्ताह, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कटौती के बाद उपभोग बढ़ने की उम्मीद, अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती की सभावना और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता को लेकर धारणा में सुधार से समर्थन मिला।

## थम सकती है सोने की तेजी, फेडरल रिजर्व के नीति फैसले पर निवेशकों की नजर

नयी दिल्ली। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के 17 सितंबर को नीति फैसले से पहले सोने की कीमतों में तेजी कुछ थम सकती है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि आगे चलकर इस कीमती धातु की चमक बरकरार रहेगी।

उन्होंने कहा कि कारोबारी शुल्क प्रभाव का आकलन करने के लिए व्यापार मुद्रास्फीति के आंकड़ों, ब्रिटेन और यूरो क्षेत्र सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुद्रास्फीति के आंकड़ों, और बैंक ऑफ इंग्लैंड तथा बैंक ऑफ जापान की मौद्रिक नीति बैठकों पर नजर रखेंगे। सोने की कीमतों में सकारात्मक गति जारी रही और यह लगातार चौथे सप्ताह बढ़त के साथ बंद हुआ। हालांकि सप्ताह के मध्य में बढ़त की गति कुछ धीमी हो गई। पिछले चार हफ्तों में कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के बाद निवेशक और कारोबारी अब सतर्क हो गए हैं और मौजूदा कीमतों पर नए तेजी के सौदे जोड़ने से हिचक रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और रूस-यूक्रेन में भू-राजनीतिक तनाव के कारण सोने की कीमतों को समर्थन मिल रहा है। सोना-चांदी की कीमतों के सकारात्मक बने रहने की उम्मीद है, लेकिन फिलहाल निवेशकों की नजर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के नतीजों पर है। ऐसे में कीमतों में कुछ समेकन देखने को मिल सकता है।

## राज्यों को जीएसटी राजस्व नुकसान का मुआवजा मिले




नयी दिल्ली। केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने कहा है कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का लाभ आम लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए, लेकिन अगर वार्षिक राजस्व हानि की भरपाई नहीं की गई, तो राज्य अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में असमर्थ होंगे।

केरल के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को युक्तिसंगत बनाने से वार्षिक राजस्व हानि 8,000 करोड़ रुपये से 10,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इस बात पर जोर देते हुए कि आर्थिक वृद्धि पूरे देश के लिए फायदेमंद होनी चाहिए, बालगोपाल ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि प्रगतिशील कराधान का मतलब सभी के लिए कम कर नहीं होना चाहिए और उच्च आय या उच्च श्रेणी की विलासिता की वस्तुओं पर अधिक कर लगाया जाना चाहिए, जो कि सामान्य अच्छा कराधान अभ्यास है। केंद्र और राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को दो-दर वाली जीएसटी संरचना पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत - को मंजूरी दी। 22 सितंबर से प्रभावी होने वाली संशोधित दरें बड़ी संख्या में वस्तुओं की कीमतों में कमी लाएंगी। केरल ने दरों को युक्तिसंगत बनाने की पहल का स्वागत किया है, लेकिन वह राजस्व हानि की भरपाई के लिए कोई क्षतिपूर्ति व्यवस्था न होने को लेकर चिंतित है। वर्तमान में, चार दर स्लैब हैं - पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत। यदि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने की प्रक्रिया राज्य के लिए सभी सुरक्षा उपायों के साथ काम नहीं करती है, तो भविष्य में यह स्थिति सार्वजनिक वित्त के लिए हानिकारक होगी। केरल में सत्तारूढ़ माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा के वरिष्ठ नेता ने कहा, जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से करों में भारी छूट मिलेगी और आने वाले दिनों में कीमतों में कमी आनी चाहिए। इसका लाभ आम उपभोक्ताओं आम आदमी को मिलना चाहिए।

## कर सुधारों से मांग 3.5 लाख करोड़ रुपये बढ़ने की उम्मीद

नयी दिल्ली। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि सरकार के जीएसटी दरों में कमी और आयकर में छूट से अर्थव्यवस्था में कुल मांग में 3.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि की उम्मीद है। इसके साथ इन सुधारों से देश की आर्थिक वृद्धि की क्षमता 7.0 से 7.5 प्रतिशत हो सकती है।

उनका यह भी कहना है कि आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन को तेज करने के लिए नीति-निर्माताओं को विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। और इसके लिए अन्य क्षेत्रों विशेष रूप से भूमि और श्रम क्षेत्र में सुधार अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जीएसटी परिषद ने हाल में माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजर्मा के कई सामान समेत करीब 400 वस्तुओं पर दरें कम की गयी हैं। इससे पहले, 2025-26 के बजट में 12 लाख रुपये तक की सालाना आय (नौकरीपेशा के लिए मानक कटौती के साथ 12.75 लाख रुपये) को कर मुक्त किये जाने की घोषणा की गयी थी।

# पाम-पामोलिन तथा बिनौला तेल में सुधार, सरसों स्थिर



नयी दिल्ली। विदेशों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने तथा त्योहारी मांग बढ़ने के कारण बीते सप्ताह घरेलू बाजार में सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल में सुधार दर्ज हुआ। दूसरी ओर, निर्यात की कमजोर मांग होने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन तथा सहकारी संस्था नेफेड की एमएसपी से काफी नीचे दाम पर बिकवाली करने से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई।

ऊंचे दाम पर कमजोर लिवाली के कारण सरसों तेल-तिलहन के दाम जस के तस पिछले सप्ताहांत के बंद स्तर पर स्थिर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में खाद्य तेलों के बाजार मजबूत हो रहे हैं और देश में भी त्योहारी मांग बढ़ रही है। पर जिस हिसाब से विदेशों में बाजार मजबूत हुए हैं, उसका पूरा असर देश के बाजारों में नहीं दिख रहा है। इसकी वजह सहकारी संस्था नेफेड की ओर से नये न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी कम दाम पर सोयाबीन तिलहन की बिकवाली करना तथा पैसों की तंगी झेल रहे आयातकों द्वारा लागत से कम दाम पर आयातित तेलों की बिक्री करना है। इस स्थिति के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखने को मिली। उन्होंने कहा कि त्योहारी मांग होने के बावजूद ऊंचे दाम पर लिवाली कुछ कमजोर रहने की वजह से सरसों तेल-तिलहन के दाम पिछले सप्ताहांत के बंद स्तर पर स्थिर बने रहे। वैसे चीन से सरसों के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की अच्छी मांग भी है। सूत्रों ने बताया कि विदेशों में बाजार मजबूत होने तथा त्योहारी मांग बढ़ने से सोयाबीन तेल और पाम-पामोलीन तेल के दाम में सुधार आया। निर्यात मांग कमजोर रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट देखने को मिली। उन्होंने कहा कि कम उपलब्धता और नमकीन निर्माता कंपनियों की मांग बढ़ने से बिनौला तेल के दाम भी सुधार के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह सरसों दाना 7,250-7,275 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों दादरी तेल 15,450 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 2,590-2,690 रुपये और 2,590-2,725 रुपये टिन (15 किलो) पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 175-175 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,475-4,525 रुपये और 4,175-4,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। दूसरी ओर, विदेशों में खाद्य तेलों के दाम में आई मजबूती और त्योहारी मांग बढ़ने से सोयाबीन दिल्ली तेल का दाम 100 रुपये की बढ़त के साथ 13,650 रुपये, सोयाबीन इंदौर तेल का दाम 50 रुपये की तेजी के साथ 13,250 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 150 रुपये की तेजी के साथ 10,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में निर्यात की मांग कमजोर रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन की कीमत में गिरावट आई।

# प्रतिबंधों के बाद नायरा को गैर-रूसी तेल मिलने में आ रही हैं दिक्कतें



नयी दिल्ली। नायरा एनर्जी, जिसका आंशिक स्वामित्व रूसी पेट्रोलियम कंपनी रोसनेफ्ट पीजेएससी के पास है और जिसे जुलाई में यूरोपीय संघ ने काली सूची में डाल दिया था - को लगातार दूसरे महीने गैर-रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी वजह यह है कि पश्चिम की जहाज कंपनियों ने इसके लिए तेल भेजने से इनकार कर दिया है। जहाजों की निगरानी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

नायरा, जिसने गुजरात के वाडिनार में अपनी 4,00,000 बैरल प्रतिदिन की तेल रिफाइनरी के उत्पादन में पहले ही कटौती कर दी है, अगस्त से रूसी बैरल पर काफी हद तक निर्भर है। वैश्विक व्यापार विश्लेषण फर्म केपलर के शुरुआती आंकड़ों से पता चलता है कि कंपनी को अगस्त में लगभग 2,42,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) रूसी तेल मिला। संभवतः मॉस्को द्वारा व्यवस्थित जहाजों के माध्यम से, और सितंबर के पहले पखवाड़े में 3,32,000 बैरल प्रतिदिन तेल हासिल हुआ। इराक और सऊदी अरब ने जुलाई में नायरा को लगभग 1,20,000 बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल की आपूर्ति की थी। नायरा की स्थिति मौजूदा प्रतिबंधों के बोझ तले चुनौतीपूर्ण बनी हुई है, जिससे रूसी बैरल पर उसकी निर्भरता और बढ़ गई है। प्रतिबंधों के बाद, रिफाइनरी को अनुपालन, शिपिंग, भुगतान चैनलों और कम कच्चे तेल के आयात से जूझना पड़ा है। उन्होंने कहा कि ये मुद्दे धीरे-धीरे सुलझ रहे हैं, और हमें उम्मीद है कि परिचालन अपनी किफायती या निर्धारित क्षमता के करीब पहुंच जाएगा। जुलाई में, यूरोपीय संघ ने जनवरी, 2026 से रूसी कच्चे तेल से बने पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसने जहाजों का प्रबंधन करने वाली रूसी और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों, रूसी कच्चे तेल के व्यापारियों और बेड़े के एक प्रमुख ग्राहक - वाडिनार रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगा दिए।

पेज एक का शेष

## सेना नहीं

भाजपा की डबल इंजन सरकार भारत रत्न भूपेन हजारिका जैसे असम के महान सपूतों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। डबल इंजन शब्द का प्रयोग केंद्र के साथ-साथ उन राज्यों के लिए किया जाता है, जहां-जहां भाजपा की सरकार है। मोदी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की अतिक्रमण की गई भूमि से घुसपैठियों को बाहर निकालने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशंसा की कि किसान अब इन भूखंडों पर खेती कर सकेंगे। उन्होंने दावा किया कि जिन भूमियों पर कभी अवैध कब्जा था, वहां अब किसानों और स्थानीय लोगों के हाथों से कृषि क्रांति आ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा घुसपैठियों को जमीन हड़पने, महिलाओं और लड़कियों का अपमान करने और जनसांख्यिकी बदलने की साजिश नहीं करने देगी, यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। मोदी ने कहा, असम को घुसपैठियों से बचाने के लिए मुकाबला हो जाय, जिन्हें समाज के कुछ वर्गों ने संरक्षण दिया हुआ है। मैं चुनौती देता हूं कि भाजपा इसकी (घुसपैठ की) अनुमति नहीं देगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ के जरिए जनसांख्यिकी को बदलने की साजिशें जारी हैं और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है इसलिए अब एक राष्ट्रव्यापी जनसांख्यिकी मिशन शुरू किया जा रहा है। मोदी ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने दशकों तक असम पर शासन किया, लेकिन ब्रह्मपुत्र नदी पर केवल तीन पुल बनाए, जबकि भाजपा नीत सरकार ने पिछले 10 वर्षों में छह ऐसे पुल बनाए हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभर रहा है और असम की विकास दर 13 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, यह डबल इंजन वाली सरकार के प्रयासों से संभव हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार असम को स्वास्थ्य के केंद्र के रूप में विकसित कर रही हैं। विकसित भारत के सपने को साकार करने में पूर्वोत्तर की बड़ी भूमिका है। मोदी ने यह भी दावा किया, आज पूरा देश एक विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है और हमारे नागरिकों के लिए विकसित भारत एक सपना भी है और संकल्प भी, जिसे हम पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिससे व्यवसायों को मदद मिली है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा, किसी भी क्षेत्र में तेज विकास के लिए मजबूत कनेक्टिविटी की जरूरत होती है और हमारी सरकार पूर्वोत्तर में निर्बाध मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के 25 साल बीत चुके हैं और इस सदी का अगला अध्याय पूर्व और पूर्वोत्तर का है। मोदी ने लोगों से देश के विकास और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्वदेशी सामान खरीदने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कई मौकों पर अपना भाषण बीच में रोका और एसपीजी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लोग उन्हें उनकी (मोदी का) और उनकी मां का चित्र उपहार में देना चाहते हैं, उनसे ले आएं। मोदी ने मंच से उनका धन्यवाद किया और उनसे चित्रों के पीछे अपना नाम और पता लिखने को कहा, साथ ही उन्हें पत्र लिखने का वादा भी किया। प्रधानमंत्री ने लोगों से यह भी कहा कि वे उन्हें पत्र सौंपने की कोशिश कर रहे दिव्यांग व्यक्ति को परेशान न करें। कार्यक्रम के दौरान मोदी ने मंगलदोई में 6,300 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

## कच्चे तेल

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्जा और सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति देने वाले दो प्रमुख कारक हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि असम की इन दोनों ही क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका है। मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि असम में उग्रवाद और अशांति के लिए विपक्ष दल जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने असम की विरासत और दिग्गज हस्तियों की भी अनदेखी की, लेकिन भाजपा ने राज्य में विकास किया तथा उसकी विरासत को पहचान दिलाई। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस ने वोट के लिए घुसपैठियों का समर्थन किया, जिसके चलते असम आज जनसांख्यिकीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, असम सरकार अतिक्रमणकारियों को बेदखल कर रही है और वंचित लोगों को भूमि अधिकार प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम आदिवासियों के कल्याण के लिए कदम उठा रहे हैं, जिन्हें कांग्रेस शासन के दौरान नजरअंदाज किया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार असम को व्यापार और पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राजस्व खरीद

संशोधन के अधीन थी। मंत्रालय ने कहा, डीपीएम चालू वित्त वर्ष के लिए मंत्रालय में लगभग एक लाख करोड़ रुपये मूल्य की सभी राजस्व खरीद के लिए सिद्धांत और प्रावधान निर्धारित करता है। इसने कहा, इस नियमावली को सार्वजनिक खरीद के क्षेत्र में नवीनतम विकास के साथ संरेखित करने की अत्यधिक आवश्यकता रही है ताकि खरीद में प्रौद्योगिकी का उपयोग बहुत निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ सुनिश्चित हो सके।

## न्याय के

मंगलवार को के पी शर्मा ओली सरकार को उखाड़ फेंका था। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद सचिवों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि हिंसा और सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति के विनाश में शामिल लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नौ सितंबर के विरोध प्रदर्शन के दौरान आगजनी तथा तोड़फोड़ सुनियोजित थी और जेन-जेड प्रदर्शनकारी ऐसी गतिविधियों में शामिल नहीं थे। कार्की ने कहा, जिस तरह की आगजनी और तोड़फोड़ हुई है, वह एक आपराधिक कृत्य है। इसे सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। इसके लिए ज़िम्मेदार लोगों को सज़ा मिलनी चाहिए। उन्होंने मुख्य सचिव एकनारायण अर्याल को देश भर में नष्ट हुईं पुलिस चौकियों की मरम्मत का प्रबंध करने का भी निर्देश दिया। चूंकि दो-दिवसीय आंदोलन के दौरान सिंह दरबार सचिवालय स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में आग लगा दी गई थी, इसलिए सिंह दरबार परिसर में गृह मंत्रालय के लिए नवनिर्मित भवन का उपयोग प्रधानमंत्री कार्यालय के रूप में किया जाएगा। सोमवार को सोशल मीडिया पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के खिलाफ शुरू हुआ यह आंदोलन जल्द ही एक बड़े अभियान में बदल गया, जिसमें भ्रष्टाचार के प्रति जनता का गुस्सा और राजनीतिक वर्ग की कथित उदासीनता की झलक दिखी। के पी शर्मा ओली ने मंगलवार को तब इस्तीफा दे दिया था, जब सैकड़ों आंदोलनकारी उनके कार्यालय में घुस गए और सोमवार के प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्वाई में कम से कम 19 लोगों की मौत के लिए उनके त्यागपत्र की मांग करने लगे।

## सर्वांगीण विकास

भागीदारी और सकारात्मक सुझावों से न केवल समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है, बल्कि विकास कार्यों की गति भी और अधिक तेज हो सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें और जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरना हम सभी का दायित्व है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में प्रदेश के विभिन्न जिलों में आई प्राकृतिक आपदाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने विधायकगणों से आग्रह किया कि वे प्रभावित क्षेत्रों का लगातार भ्रमण कर जरूरतमंद परिवारों तक राहत और सहायता पहुँचाने में सक्रिय सहयोग करें। सीएम ने स्पष्ट किया कि राहत और पुनर्वास कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी प्रभावित परिवारों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार राज्य में सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाएँ, शिक्षा, पर्यटन, पेयजल, ऊर्जा और ग्रामीण विकास जैसे बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के विभिन्न हिस्सों में बड़े और महत्वाकांक्षी विकास प्रकल्प गति पकड़ रहे हैं। सीएम धामी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से उत्तराखंड को विकास की नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया जाएगा और राज्य को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप श्रेष्ठ उत्तराखंड बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## हम बंटेंगे

भारत जब 3,000 वर्षों तक दुनिया का सिरमौर था, तब दुनिया में कोई कलह नहीं थी। भागवत ने कहा कि भारत में गौ माता, नदियों और पेड़-पौधों की पूजा के जरिये प्रकृति की आराधना की जाती है और प्रकृति से देश का नाता जीवंत और चैतन्य अनुभूति पर आधारित है। उन्होंने कहा, आज की दुनिया (प्रकृति से) इस नाते को तरस रही है। पिछले 300-350 वर्षों से उन्हें (दुनिया के देशों) को बताया जा रहा है कि सब लोग अलग-अलग हैं और जो बलवान है, वही जिएगा। उन्हें बताया जा रहा है कि अगर वे किसी के पेट पर पैर रखकर या किसी का गला काट कर भी बलवान बनते हैं, तो कोई बात नहीं है। भागवत ने कहा, पहले (कपड़ों का) गला और जेब काटने का काम केवल दर्जी करते थे। अब सारी दुनिया कर रही है। वे जानते हैं कि इससे गड़बड़ हो रही है, लेकिन वे रुक नहीं सकते क्योंकि उनके पास विश्वास और श्रद्धा नहीं है। उन्होंने जोर देकर यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति तेरे-मेरे के भेद से ऊपर उठने का संदेश देती है और सभी मनुष्यों में परस्पर आत्मीयता और अपनापन आवश्यक है। संघ प्रमुख ने कहा कि मनुष्य के लिए ज्ञान और कर्म, दोनों मार्ग जरूरी हैं, लेकिन निष्क्रिय ज्ञानी किसी काम के नहीं होते। भागवत ने कहा, ज्ञानी लोगों के निष्क्रिय होने के कारण ही सब गड़बड़ होती है और अगर कर्म करने वाले किसी व्यक्ति को ज्ञान नहीं है, तो यह कर्म पागलों का कर्म हो जाता है। प्रदेश के काबीना मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की पुस्तक के विमोचन के कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके मंत्रिमंडल के कई सदस्यों समेत समाज के अलग-अलग तबकों के लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे। पटेल की पुस्तक उनकी दो नर्मदा परिक्रमा यात्राओं से प्रेरित है। भागवत ने पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में कहा, नर्मदा नदी की परिक्रमा सर्वत्र श्रद्धा का विषय है। हमारा देश श्रद्धा का देश है। यहां कर्मवीर भी हैं और तर्कवीर भी हैं। दुनिया श्रद्धा और विश्वास पर चलती है। संघ प्रमुख ने यह भी कहा कि भारत में जो श्रद्धा है, वह प्रत्यक्ष प्रतीति (ज्ञान) और प्रमाणों पर आधारित है।

## जीएसटी सुधार

दाखिल करते थे। लेकिन आज, पिछले आठ साल में 1.5 करोड़ व्यवसाय जीएसटी के दायरे में आ गए हैं। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहा था, लेकिन जीएसटी लागू होने के बाद, पिछले आठ साल में कर चुकाने वाले व्यवसायों की संख्या बढ़कर 1.5 करोड़ हो गई है क्योंकि उन्हें एहसास हुआ कि वे इससे लाभान्वित हो पाएंगे। उन्होंने कहा, पिछले आठ साल में जीएसटी दाखिल करने वाले 1.5 करोड़ व्यापारियों की यह संख्या भविष्य में और बढ़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि इस वृद्धि के कारण केंद्र और राज्य सरकारों को मिलने वाला राजस्व बढ़ा है। वित्त मंत्री ने बताया कि 2017 में कर संग्रह 7.19 लाख करोड़ रुपये था और अब सकल जीएसटी संग्रह 22 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा औसतन 1.8 लाख से दो लाख करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र किया जाता है। उदाहरण के लिए, 1.80 लाख करोड़ रुपये के सकल राजस्व को आधा-आधा बांटा जाता है, जिसमें राज्यों को 90,000 करोड़ रुपये और केंद्र को 90,000 करोड़ रुपये मिलते हैं। केंद्र के हिस्से के उस 90,000 करोड़ रुपये के राजस्व में से भी लगभग 41 प्रतिशत राज्यों को वापस जाता है।




# यूपी के भूमेश, हर्षित, हुसैन, वेदांश, शांतनु व अयान पुरुष एकल क्वालीफायर के चौथे दौर में




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के भूमेश उतरानी, हुसैन अंसारी, हर्षित तोमर, वेदांश, शांतनु शर्मा व अयान खान ने योनेक्स सनराइज डा. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूनार्मेंट के क्वालीफाइंग मुकाबलों मे पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी, गोमतीनगर विनय खंड स्टेडियम व गोमतीनगर विजयंत खंड के बैडमिंटन कोर्ट में

**डा. अखिलेश दास गुप्ता गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूनार्मेंट**

आयोजित क्वालीफाइंग मुकाबलों के तीसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले हुए। यूपी की सिमरन चौधरी ने महिला एकल के चौथे दौर में जगह बनाई। दूसरी ओर मिश्रित युगल के दूसरे दौर में यूपी के अश्विनी कुमार सिंह व सोनाली सिंह, कुंवर शिवांग व सुजाता सिंह और अस्मित सिंह व रामा सिंह ने जीत दर्ज की। हराया।

पुरुष एकल के तीसरे राउंड में

यूपी के भूमेश उतरानी ने छत्तीसगढ़ के चित्राक्ष लोकवानी को 15-12, 11-15, 15-9 से, हुसैन अंसारी ने दिल्ली के आनंदयंता जुत्शी गोयल को 15-6, 15-11 से, यूपी के वेदांश ने तमिलनाडु के प्रद्योता राव एस. को 15-10, 15-8 से, यूपी के शांतनु शर्मा ने पश्चिम बंगाल के सिद्धार्थ वेंकटारमनन को 12-15, 15-11, 15-11 से, यूपी के सिद्धांत सालार ने हरियाणा के लक्ष्य सिंघल को 15-8, 15-7 से, यूपी के अंश विशाल गुप्ता ने राजस्थान के लक्ष्य को 15-9, 15-11 से, और यूपी के अयान खान ने उत्तराखंड के तुषार भंडारी को 17-15, 15-6 से हराया। यूपी के हर्षित तोमर के खिलाफ तेलंगाना के वेंकट मोनीश ने मैच छोड़ दिया।

मिश्रित युगल के दूसरे राउंड में

उत्तर प्रदेश के अश्विनी कुमार सिंह व सोनाली सिंह ने तमिलनाडु के पी.सिंगीथम व ए.श्रवणन को 15-4, 15-3 से, यूपी के कुंवर शिवांग व सुजाता सिंह ने गौरव देशवाल व श्रीजा गुप्ता (सीएजी/दिल्ली) को 15-9, 17-15 से, यूपी के अस्मित सिंह व रामा सिंह ने आरबीआई के भास्कर चक्रवती व रसिका राजे को 15-11, 15-8 से और अर्चित सिन्हा व गरिमा सप्रे (यूपी/मध्य प्रदेश) ने अक्षिव दत्ता व नव्या महाजन को 15-7, 15-13 से हराया।

महिला एकल के तीसरे राउंड में

यूपी की सिमरन चौधरी ने महाराष्ट्र की राधिका गाडगिल को 15-7, 18-16 से हराया।

# विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जैसमीन व मीनाक्षी को खिताब, भारत को चार पदक



लिवरपूल। भारतीय मुक्केबाजों जैसमीन लंबोरिया (57 किग्रा) और मीनाक्षी हुड्डा (48 किग्रा) ने अपना नाम इतिहास में दर्ज कराते हुए यहां विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में कड़े मुकाबलों में अपने-अपने वर्ग में खिताब जीते जबकि भारत ने विदेशी सरजमीं पर महिला वर्ग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए। जैसमीन ने पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता पोलैंड की जूलिया जेरेमेटा को हराकर फीदरवेट वर्ग में चैम्पियन बन गई। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली जैसमीन ने 57 किग्रा के फाइनल में शनिवार को देर रात 4 .। (30-27, 29-28, 30-27, 28-29, 29-28) से जीत दर्ज की।

जैसमीन ने पीटीआई से कहा, मैं जो महसूस कर रही हूं उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। मैं पिछली दो विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में हार गई थी लेकिन विश्व कप जीत से मेरा हौसला बढ़ा और मैंने तय किया कि मुझे एकतरफा मैच जीतने हैं। मैंने बस अपनी रणनीति और खेल पर ध्यान केंद्रित किया। पदार्पण कर रही मीनाक्षी ने रविवार को जैसमीन की उपलब्धि को दोहराते हुए पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कजाखस्तान की नाजिम काइजेबे को 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में 4-1 से हराकर जुलाई में विश्व कप में मिली हार का बदला चुकता किया। नुपूर शेरोन (80 प्लस किलो) और पूजा रानी (80 किलो) को गैर ओलंपिक भारवर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत ने प्रतियोगिता में चार पदक जीते जो विदेशी सरजमीं पर उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस जीत के साथ जैसमीन और मीनाक्षी विश्व चैम्पियन बनने वाली भारतीय मुक्केबाजों की सूची में शामिल हो गई हैं। इससे पहले छह बार की चैम्पियन एम सी मेरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), दो बार की विजेता निकहत जरीन (2022 और 2023), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006), लेखा केसी (2006), नीतू गंघास (2023), लवलीना बोरगोहेन (2023) और स्वीटी बूरा (2023) यह खिताब जीत चुकी हैं। तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही 24 वर्षीय जैसमीन ने मुकाबले में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। शुरू में दोनों मुक्केबाज़ एक-दूसरे को परख रही थीं लेकिन रेफरी के उकसावे पर जेरेमेटा ने पहला वार किया।

## संक्षेप

### अभिषेक, तिलक, अर्शदीप व राणा भारत ए टीम में

मुंबई। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे के लिये भारत ए टीम में शामिल किया गया है। तिलक वर्मा और हर्षित राणा को भी आखिरी दो मैचों के लिये टीम में जगह मिली है। ये चारों खिलाड़ी यूएई में एशिया कप खेल रहे हैं और 28 सितंबर को टूर्नामेंट खत्म होने के बाद भारत ए टीम से जुड़ेंगे। दोनों ए टीमें कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में तीन वनडे मैचों की श्रृंखला खेलेंगी। इससे पहले लखनऊ में चार दिवसीय दो अनधिकृत टेस्ट खेले जायेंगे। रजत पाटीदार 30 सितंबर को पहले मैच में भारत ए के कप्तान होंगे। बाकी दो मैचों में तिलक वर्मा कप्तानी करेंगे। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने पहले वनडे के लिये 13 और दूसरे तीसरे वनडे के लिये 15 खिलाड़ियों को चुना है।

### अभय मिस्र ओपन के दूसरे दौर में हारे

नयी दिल्ली। कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन अभय सिंह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में नाकाम रहे और गीज़ा में चल रही 366,000 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए वर्ल्ड टूर डायमंड स्क्वाश प्रतियोगिता मिस्र ओपन के राउंड ऑफ 32 में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से हार गए। दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने पहले दौर में दुनिया के 17वें नंबर के फ्रांसीसी खिलाड़ी ग्रेगोइरे मार्चे को हराया था। लेकिन वह अपना यह प्रदर्शन आगे जारी नहीं रख पाए और शनिवार की रात को खेले गए मुकाबले में मिस्र के खिलाड़ी से 40 मिनट में 4-11, 10-12, 11-5, 7-11 से हार गए।

### सात्विक-चिराग व लक्ष्य फाइनल में हारे

हांगकांग। भारत ने दो खिताब जीतने का सुनहरा मौका गंवा दिया जब सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल टीम और लक्ष्य सेन को रविवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में हार के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। लक्ष्य दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली शी फेंग की चुनौती के सामने बिल्कुल भी नहीं टिक पाए और उन्हें पुरुष एकल के एकतरफा फाइनल में 15-21 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। पिछले महीने लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली दुनिया की नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी को पहला गेम जीतने के बावजूद 61 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण फाइनल में ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेई केंग और वैंग चैंग की चीन की दुनिया की छठे नंबर की जोड़ी के खिलाफ 21-19 14-21 17-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। चिराग ने कहा, यह हफ्ता अच्छा रहा, विशेषकर विश्व चैंपियनशिप के एक हफ्ते बाद और अब हम फाइनल खेल रहे थे।

# कुलदीप की फिरकी ने पाक को चटाई धूल

## एशिया कप : कप्तान सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 47 रन बनाये, सूर्या-तिलक के बीच तीसरे विकेट के लिए 56 रनों की अहम साझेदारी रही

एजेंसी



दुबई। भारत ने एशिया कप के छठे मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। टीम ने 128 रन का टारगेट 16वें ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए। मैच जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले टॉस के बाद भी कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। ग्रुप-ए के इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने पावरप्ले से ही दवाब बनाया और आखिरी तक पाकिस्तानी बैटर्स को उबरने का मौका नहीं दिया। साहिबजादा फरहान (40 रन) और शाहीन अफरीदी (33 रन) के अलावा कोई बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सका। कुलदीप यादव ने 3 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल को 2-2 विकेट मिले। एक-एक विकेट हार्दिक पंड्या और वरुण चक्रवर्ती के खाते में आया। भारतीय टीम की ओर से ओपनर अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने 31-31 रन की पारियां खेलीं। जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 47 रन बनाए। सूर्या-तिलक के बीच तीसरे विकेट के लिए 56 रनों की अहम साझेदारी हुई। पाकिस्तान से सईम अयूब ने तीनों विकेट लिए। इस जीत के साथ भारत पॉइंट्स टेबल में टॉप पर कायम है और टीम के सुपर-4 में पहुंचने के चांस भी बढ़ गए। वहीं पाकिस्तान को अगले राउंड में एंट्री करनी है तो वअए के खिलाफ आखिरी मैच जीतना ही होगा। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ एशिया कप के ग्रुप-ए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए। साहिबजादा फरहान ने 40 और शाहीन शाह अफरीदी ने 33 रन बनाए। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। पहला विकेट हार्दिक पंड्या ने पहले ओवर की पहली गेंद वाइड फेंकी। अगली गेंद पर उन्होंने सईम अयूब का विकेट हासिल कर लिया। अयूब का कैच जसप्रीत बुमराह ने लपका। दूसरा विकेट मैच के दूसरे ओवर में बुमराह ने मोहम्मद हारिस को पंड्या के हाथों कैच करवाकर भारत को दूसरी कामयाबी दिलाई। तीसरा विकेट आठवें ओवर की चौथी गेंद पर अक्षर पटेल ने जमान को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। जमान ने 15 गेंदों पर 17 रन बनाए। चौथा विकेट अक्षर ने 10वें ओवर की आखिरी बॉल पर कप्तान सलमान अली आगा को अभिषेक शर्मा के हाथों कैच कराया। सलमान 3 रन ही बना सके। पांचवां विकेट कुलदीप यादव ने 13वें ओवर की चौथी गेंद पर हसन नवाज (5) को आउट किया। छठा विकेट अगली ही गेंद पर कुलदीप ने मोहम्मद नवाज (0) को छइह आउट कर दिया। फहीम अशरफ ने कुलदीप को हैट्रिक नहीं लेने दिया। सातवां विकेट कुलदीप ने 17वें ओवर की पहली गेंद पर साहिबजादा फरहान को आउट किया। फरहान ने 44 गेंद पर 40 रन बनाए। आठवां विकेट वरुण चक्रवर्ती ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर फहीम अशरफ को छइह आउट किया। फहीम ने 14 गेंद पर 11 रन बनाए। नौवां विकेट जसप्रीत बुमराह ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर सुफियान मुकीम को बोल्ड किया।

बैटिंग करने उतरे शाहीन शाह अफरीदी ने 4 छक्के लगाकर 33 रन बनाए और पाकिस्तान को 20 ओवर में 127 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया। उनके सामने अबरार अहमद नॉटआउट रहे। पाकिस्तान से फखर जमान ने 17, फहीम अशरफ ने 11 और साहिबजादा फरहान ने 40 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन का आंकड़ा नहीं छू सके। 19वें ओवर में पाकिस्तान ने 9वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की आखिरी बॉल जसप्रीत बुमराह ने यॉर्कर फेंकी। सुफियान मुकीम स्कूप शॉट खेलने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। उन्होंने 6 गेंद पर 2 चौके लगाकर 10 रन बनाए। 18वें ओवर में पाकिस्तान ने 8वां विकेट गंवाया। यहां पर फहीम अशरफ 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वरुण चक्रवर्ती ने छइह किया। वरुण को पहला विकेट मिला है। 17वें ओवर में कुलदीप यादव ने तीसरा विकेट हासिल किया। उन्होंने साहिबजादा फरहान को हार्दिक पंड्या के हाथों कैच कराया। यह कुलदीप का तीसरा विकेट है। उन्होंने 13वें ओवर में हसन नवाज और मोहम्मद हसन को लगातार बॉल पर आउट किया था। कुलदीप यादव ने 13वें ओवर में लगातार दो बॉल पर विकेट लिए। उनसे एक कैच भी ड्रॉप हुआ। कुलदीप ने इस ओवर में महज 3 रन खर्च किए। तीसरी बॉल पर कुलदीप से फॉलो-थ्रू में हसन नवाज का कैच छूटा।

## विश्व चैंपियनशिप : कुशारे ऊंची कूद के फाइनल में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय

तोक्यो। सर्वेश अनिल कुशारे रविवार को यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऊंची कूद के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए जबकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी गुलवीर सिंह 10,000 मीटर रेस में निराशाजनक प्रदर्शन से 16वें स्थान पर रहे। विश्व रैंकिंग कोटा से 36 प्रतिस्पर्धी एथलीटों में 34वें स्थान पर रहते हुए इस प्रतियोगिता में जगह बनाने वाले 30 वर्षीय कुशारे क्वालीफिकेशन राउंड के ग्रुप बी में 2.25 मीटर की छलांग लगाकर संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। वह दोनों ग्रुप की समग्र रैंकिंग में संयुक्त नौवें स्थान पर रहे। 2.30 मीटर के क्वालीफाइंग मानक या कम से कम सर्वश्रेष्ठ 12 में जगह बनाने वाले एथलीट मंगलवार को होने वाले अंतिम दौर में पहुंच गए।

कुशारे का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.27 मीटर है और यह उन्होंने 2022 में दर्ज किया था। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.26 मीटर है। उन्होंने 2023 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। महाराष्ट्र में नासिक के गांव के किसान के बेटे सर्वेश 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों की ऊंची कूद के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने। पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में गुलवीर ने उमस भरी परिस्थितियों में 29 मिनट 13.33 सेकेंड के समय के साथ दौड़ पूरी की जो मार्च में उनके 27:00.22 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय से काफी कम है। वह 19 सितंबर को अपनी पसंदीदा स्पर्धा 5,000 मीटर में दौड़ेंगे।

# मेघना ने जीता पहला विश्व कप पदक, भारत पांचवें स्थान पर

एजेंसी



निंगबो (चीन)। मेघना सज्जनार ने रविवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक के साथ विश्व कप में अपना पहला पदक जीता, जिससे भारत ने सत्र के अंतिम आईएसएसएफ विश्व कप (राइफलापिस्टल) में पांचवें स्थान पर रहकर अपने अभियान का अंत किया। मेघना ने फाइनल में 230.0 का स्कोर बनाकर कांस्य पदक जीता।

इस स्पर्धा में चीन की उभरती हुई स्टार पेंग शिनलू का दबदबा रहा, जिन्होंने 255.3 के स्कोर के साथ हमवतन वांग ज़िफ़ेई के 254.8 के स्कोर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टैड ने रजत पदक जीता। शनिवार को ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था। चीन तीन स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर, जबकि नॉर्वे दो स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। रविवार की सुबह मेघना ने दूसरी क्वालीफिकेशन रैली में 632.7 का स्कोर बनाकर सातवां, जबकि पेंग ने 637.4 का शानदार स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। चीनी खिलाड़ी ने 24 शॉट के फाइनल की शुरुआत 10.9 के परफेक्ट स्कोर के साथ की, जबकि मेघना पांच एकल शॉट की पहली सीरीज के बाद आठ महिलाओं की श्रेणी में सबसे निचले स्थान पर थीं। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरी सीरीज में 52.3 अंक बनाकर अच्छी वापसी की और कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण अंकुश जाधव ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन क्वालीफिकेशन राउंड में 590 अंक हासिल कर चौथा स्थान हासिल करके फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल में हालांकि, पहले नीलिंग पोजीशन और फिर दूसरे प्रोन पोजीशन में उनकी शुरुआत बेहद खराब रही, जिसके कारण वे 40 शॉट के बाद 406.7 स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे। भारत के अन्य खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले ने 587 अंक बनाकर कुल 21वां और पदक दावेदारों में 19वां स्थान हासिल किया। बाबू सिंह पंवार 583 अंक के साथ उनसे पीछे रहे।

## एशिया कप में आमने सामने यूएई व ओमान

अबुधाबी। मेजबान संयुक्त अरब अमीरात एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में जब पहली बार इस प्रतियोगिता में खेल रहे ओमान से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश भारत से मिली हार को भुलाकर मैच जीतने की होगी। इन दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था और उनका लक्ष्य इस मैच में जीत हासिल करके अपना खाता खोलना होगा। दूसरी बार एशिया कप में खेल रही यूएई की टीम अपने पहले मैच में 13.1 ओवर में मात्र 57 रन पर ढेर हो गई और भारत ने अपनी सबसे तेज टी-20 जीत दर्ज की। ओमान का प्रदर्शन भी कुछ बेहतर नहीं रहा। पाकिस्तान के खिलाफ 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 16.4 ओवर में 67 रन पर आउट हो गई, जिससे एसोसिएट टीमों और टूर्नामेंट की दिग्गज टीमों के बीच के अंतर स्पष्ट नजर आने लग गया है। यूएई के मुख्य कोच लालचंद राजपूत ने माना कि उनकी टीम ने पहले कभी इतनी बेहतरीन गेंदबाज़ी नहीं देखी थी और वे भारत के स्टार खिलाड़ियों के सामने किसी तरह की चुनौती नहीं पेश कर पाए लेकिन उन्हें ओमान के खिलाफ टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में खेलकर अच्छी तैयारी के साथ इस टूर्नामेंट में उतरी संयुक्त अरब अमीरात की टीम को अगर अपना खाता खोलना है तो कप्तान मुहम्मद वसीम, अलीशान शराफू, राहुल चोपड़ा, आसिफ खान और बाएं हाथ के स्पिनर हैदर अली को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# ऑस्ट्रेलिया की भारतीय महिला टीम पर 1-0 की बढ़त



एजेंसी

मुल्लांपुर (पंजाब)। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को यहां पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को 35 गेंद रहते आठ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। भारतीय महिला टीम ने प्रतिका रावल (64 रन), स्मृति मंधाना (58 रन) और हरलीन देओल (54 रन) के अर्धशतकों की मदद से रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में सात विकेट पर 281 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस प्रारूप में अपने 150वें मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत के शीर्ष क्रम बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए महत्वपूर्ण योगदान दिया जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाजों प्रदर्शन फीका रहा। रावल और मंधाना ने पहले विकेट के लिए 114 रन की भागीदारी निभाई जो अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की तीसरी बड़ी साझेदारी है। ऑस्ट्रेलिया ने वनडे विश्व कप के लिए भारतीय परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के शुरू होने में अब बस दो हफ्ते बचे हैं। भारत ने 22वें ओवर में मंधाना का विकेट गंवा दिया जिससे मेहमान टीम ने दबाव और बढ़ा दिया। भारतीय उप कप्तान एक्स्ट्रा कवर पर गेंद मारने के बाद एक रन चुराने की कोशिश में रन आउट हो गईं क्योंकि दूसरी छोर पर खड़ी रावल ने रन लेने से मना कर दिया और मंधाना समय पर वापसी नहीं कर पाईं। अगर मंधाना रन आउट नहीं होती तो बड़ी पारी खेल सकती थीं। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी में छह चौके और दो छक्के लगाए। इससे पहले रावल ने 52 गेंद में छह चौके से अपना छठा अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह भी बड़ा स्कोर नहीं बना सकीं। रावल 31वें ओवर में अलाना किंग की गेंद पर स्लॉग करने की कोशिश में आउट हो गईं लेकिन मिडविकेट पर एलिसे पैरी को कैच दे बैठीं। भारत ने अच्छी शुरुआत के बाद 18वें ओवर तक 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया था लेकिन 35वें ओवर के बाद स्कोर तीन विकेट पर 168 रन था जिसमें एक चौका और तीन छक्के लगे थे। देओल ने भी तेजी से रन जुटाने के इरादे से बल्लेबाजी की और 57 गेंद की पारी के दौरान चार चौके और दो छक्के लगाए। भारत को बीच के ओवरों में रन गति बढ़ाने और नियमित बाउंड्री लगाने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन अंत में अहम भागीदारियों से टीम ने मजबूत स्कोर खड़ा किया। वहीं दूसरी ओर

अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार जीत से उत्साहित श्रीलंका की टीम हांगकांग के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। पिछली बार जब एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला गया था तब श्रीलंका चैंपियन बना था। उसने

## दक्षिण के अंकित, सिद्धार्थ की 192 रन की साझेदारी के बावजूद मध्य क्षेत्र दलीप ट्रॉफी जीतने के करीब

एजेंसी

बेंगलुरू। दक्षिण क्षेत्र के अंकित शर्मा और आंद्रे सिद्धार्थ ने रक्षात्मक बल्लेबाजी का बेहतरीन नमूना पेश किया लेकिन मध्य क्षेत्र 11 साल में पहली बार दलीप ट्रॉफी खिताब जीतने के करीब है जिसे पांचवें और आखिरी दिन जीत के लिये सिर्फ 65 रन की जरूरत है।

अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 129 रन से आगे खेलते हुए दक्षिण ने पहले सत्र में 120 रन जोड़े लेकिन चार विकेट भी गंवाये ।उसकी दूसरी पारी 426 रन पर खत्म हो गई। मध्य के लिये स्पिनर कुमार कार्तिकेय और सारांश जैन ने मिलकर सात विकेट चटकाये।

दक्षिण क्षेत्र के पास सिर्फ 64 रन की बढत है और पांचवें दिन मध्य क्षेत्र के लिये जीत बस औपचारिकता मात्र लग रही है। अंकित (168 गेंद में 99 रन) और सिद्धार्थ (190 गेंद में नाबाद 84) ने सातवें विकेट के लिये 192 रन जोड़े। एक समय दक्षिण का स्कोर छह विकेट पर 222 रन था और पारी की हार टालने के लिये 363 रन के लक्ष्य से टीम 141 रन पीछे थी। मध्य के लिये कार्तिकेय ने 110 रन देकर चार और जैन ने 130 रन देकर तीन विकेट लिये। अंकित शतक से एक रन से चूक गए और कार्तिकेय की गेंद पर रजत पाटीदार को आसान कैच दे बैठे।

# एशिया कप : भारत की जीत के जश्न में डूबा देश, खूब लहराया तिरंगा

## आधी रात में खुशियों से सराबोर हुआ लखनऊ, कहीं फूटे पटाखे तो कहीं मनी दीवाली, युवाओं ने लगाये भारत माता के जयकारे

आशुतोष यादव

लखनऊ। एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। लखनऊ में भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसकों ने भारत की जीत का जश्न मनाया। भारत की जीत के बाद शहर-दर शहर में जीत का जश्न मनाया जा रहा है। लखनऊ के हजरतगंज में जहां लोग सड़कों पर पटाखे फोड़ कर जश्न मनाते नजर आए वहीं, प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोगों ने जमकर खुशी मनाई।

एशिया कप में टीम इंडिया की शानदार जीत के जश्न में राजधानी लखनऊ भी देर तक डूबा। जैसे ही टीम इंडिया जीती। शहर में दीपावली जैसा नजारा था। चारों तरफ पटाखों की गूंज सुनाई दे रही थी। क्रिकेटप्रेमियों का जमघट हजरतगंज, 1090 चौराहे पर जुट गया। रात साढ़े 11 बजे चौक के चारों तरफ भीड़ ही भीड़ थी।



तिरंगा झंडा लेकर युवा शहर भर में दिखायी दिये। भारत माता की जय, सबसे आगे होंगे हिन्दूस्तानी जैसे नारों से लखनऊ गूंज उठा। हजरतगंज के अलावा छावनी, 1090 चौराहा, व शहर के अन्य स्थानों पर भी जीत का जश्न मना। घरों में रखे पटाखे लोगों ने निकाल कर जलाए। राजधानी में रात एक बजे तक जश्न के माहौल से सराबोर रहा।

हजरतगंज के लवलेन पर चेहरे पर तिरंगा पेंट करनवाने के लिए रविवार दोपहर से ही फैंस आ गए। इनमें युवाओं के साथ बच्चों में ज्यादा क्रेज रहा। लालकुआं स्थित अपनी मम्मी के साथ छठी कक्षा में पढ़ने वाली शिवानी और उनके जुड़वा भाई अरुण तिरंगा पेंट करवाने पहुंचे। वहीं, रात में मैच की आखिरी गेंद के साथ सन्नाटे में सिमट चुके हजरतगंज में अचानक जश्न का समुंदर उमड़ पड़ा।

शहर के कोने कोने से लोग हजरतगंज पहुंचने लगे। देखते ही देखते पूरा हजरतगंज क्रिकेट फैंस से भर गया। कोई ढोल बजा रहा था कोई गाड़ी छत पर खड़ा होकर डांस कर रहा था। पुलिस को भी इन फैंस को संभालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं पुराने लखनऊ में लोग घंटाघर




पहुंचे। हेरिटेज जोन में लोग डांस करते दिखे। भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारों से राजधानी गूंज उठी। हाथों में तिरंगा लहराते हुए युवा ढोल-नगाड़ों की धुन पर लोग खूब झूमे। भारत की जीत होते ही शहर के विभिन्न इलाकों में जश्न का माहौल नजर आया। पुराने लखनऊ के चौक इलाके से लेकर गोमती नगर और तमाम कालोनियों में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की।

क्रिकेट प्रेमी इस बार सुरक्षा को देखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों से दूर ही रहे। मोहल्लों, कालोनियों और फ्लैट्स में लोगों ने जीत सेलीब्रेट की। भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले इस महामुकाबले को देखने को लोग घरों में दोहपर से ही टीवी सेटों से चिपके नजर आए। कई होटलों और बार में भी इस मैच को दिखाने के इंतजाम किए गए थे।

अमीनाबाद में एक रेस्टोरेंट के बाहर लगी स्क्रीन पर लोग मैच देखते नजर आए। कई अन्य पार्कों और सड़कों पर लोगों ने स्क्रीन लगा कर मैच देखा। हजरतगंज, चौक, राजाजीपुरम, अलीगंज, आलमबाग, इंदिरा नगर सहित कई इलाकों में जीत का जश्न मनाया गया।

# एथनॉल के इस्तेमाल से चीनी उद्योग बच सका

एजेंसी



पुणे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि एथनॉल के इस्तेमाल से चीनी उद्योग बचा हुआ है। उन्होंने साथ ही खेती में नई प्रौद्योगिकी की जरूरत पर जोर दिया। गडकरी ने पुणे में नाम फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में कहा कि महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा में खेती के लिए पानी की कमी के कारण किसान आत्महत्या को मजबूर होते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने आत्महत्या करने वाले किसानों के बच्चों की भलाई और जल संरक्षण के लिए नाम फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की, जिसका नेतृत्व अभिनेता नाना पाटेकर और मकरंद अनासपुरे करते हैं। गडकरी ने कहा, विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्रों में किसानों की आत्महत्याओं का मुख्य कारण पानी है। अगर पानी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होता, तो किसानों को यह कदम नहीं उठाना पड़ता। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी लाने की जरूरत है और इस संबंध में प्रयोग पहले ही किए जा चुके हैं। मंत्री ने कहा, आज, गन्ना किसान और चीनी मिल संचालक सिर्फ एथनॉल की वजह से ही जीवित हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत में चीनी उत्पादन मांग से अधिक है और चीनी मिलें सिर्फ एथनॉल की वजह से ही टिकी हुई हैं। इस महीने की शुरुआत में, कांग्रेस पार्टी ने गडकरी पर हितों के टकराव का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि वह एथनॉल उत्पादन की जोरदार पैरवी कर रहे हैं।

# मणिपुर : मूसलधार बारिश के बाद बाढ़ और भूस्खलन

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर में बीते 24 घंटे के दौरान हुई मूसलधार बारिश के बाद राज्य में अचानक बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं।

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इंफाल पूर्व में यैंगांगपोक्पी, संतीखोंगबल और सबुंगखोक खुनोउ तथा इंफाल पश्चिम में काकवा और सागोलबंद के कई इलाके भारी बारिश के कारण जलमग्न हो गए हैं। इन क्षेत्रों में कुछ मकान और आवासीय परिसर भी जलमग्न हो गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि नोनी जिले के अवांगखुल तथा पर्वतीय जिलों सेसेनापति और कामजोंग में भूस्खलन की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि इंफाल नदी, नम्बुल और इरिल सहित प्रमुख नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है लेकिन अभी भी खतरे के निशान तक नहीं पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि जलसंपदा विभाग स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

# विज्ञान, कोर्ट व पुलिस की भाषा बने हिंदी

एजेंसी

गांधीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई टकराव नहीं है और यह केवल बोलचाल की भाषा न रहकर, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, न्यायपालिका और पुलिस की भाषा भी बननी चाहिए।

पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारतीयों को अपनी भाषाओं को संरक्षित करना चाहिए और उन्हें अमर बनाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों से उनकी मातृभाषा में बात करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई संघर्ष नहीं है। दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, केएम मुंशी, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे विद्वानों ने हिंदी को अपनाया और इसका प्रचार-प्रसार किया। गुजरात, जहां गुजराती और हिंदी सह-अस्तित्व में हैं, दोनों भाषाओं के विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हिंदी केवल एक बोली या प्रशासन की भाषा नहीं है। हिंदी को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, न्याय और पुलिस की भी भाषा बनना चाहिए। जब ये सभी कार्य भारतीय भाषाओं में होंगे, तब जनता से जुड़ाव स्वतः ही स्थापित हो जाएगा।

> दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, केएम मुंशी, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे विद्वानों ने हिंदी को अपनाया

शाह ने कहा कि संस्कृत ने हमें ज्ञान की गंगा दी और हिंदी ने इस ज्ञान को हर घर तक पहुंचाया और यह ज्ञान स्थानीय भाषाओं के माध्यम से लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों से सदैव उनकी मातृभाषा में बात करनी चाहिए। शाह ने कहा, यह बच्चे के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि कई मनोवैज्ञानिकों और शिक्षाशास्त्रियों ने यह माना है कि बच्चा अपनी मातृभाषा में सोचता है।

# याचिका के बावजूद परियोजना को आगे बढ़ाया जा रहा : जयराम

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ग्रेट निकोबार मेगा इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना एक पारिस्थितिकीय आपदा है, जिसे नरेन्द्र मोदी सरकार जबरदस्ती थोप रही है, जबकि इसकी पर्यावरणीय मंजूरी को अदालतों में चुनौती दी गई है। पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह एकीकृत विकास निगम इस परियोजना के तहत पेड़ों की गणना, कटाई, लट्ठे की ढुलाई और जमीन पर चिह्नांकन के लिए रुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है। कांग्रेस नेता ने एक्स पर कहा, अठारह अगस्त 2022 को, केंद्रीय गृह मंत्रालय के नियंत्रण में आने वाले अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह प्रशासन ने प्रमाणित किया था कि वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत सभी व्यक्तिगत और सामुदायिक अधिकारों की पहचान की जा चुकी है, उनका निपटारा कर लिया गया है, और ग्रेट निकोबार मेगा इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना के लिए भूमि हस्तांतरण हेतु सहमति प्राप्त कर ली गई है। उन्होंने कहा, अठारह दिसंबर 2024 को इस मंजूरी को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मीना गुप्ता ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

वह केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय में सचिव थीं और केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय में एक वरिष्ठ अधिकारी भी रह चुकी हैं। रमेश ने कहा कि उनकी याचिका में कहा गया है कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह प्रशासन के प्रमाणीकरण में वन अधिकार अधिनियम, 2006 का अक्षरशः पालन नहीं किया गया है और वास्तव में यह दिसंबर 2006 में संसद द्वारा पारित कानून का बहुत गंभीर उल्लंघन है। कांग्रेस नेता ने कहा इसके बाद 19 फरवरी, 2025 को केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने अजीब तरीके से कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक हलफनामा दायर कर कहा कि उसे प्रतिवादियों की सूची से हटा दिया जाना चाहिए।

# यूक्रेन का रूस की शीर्ष तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला

मॉस्को। यूक्रेन ने बीती रात रूस की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरियों में से एक पर भीषण ड्रोन हमला किया, जिससे आग लग गई। रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। रूस के उत्तर-पश्चिमी लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित किरिशी रिफ़ाइनरी पर बीती रात हुए इस हमले से हफ्तों पहले भी यूक्रेन ने रूसी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया था। रूस की प्रमुख तेल कंपनी सर्गुतनेफ्तेगास द्वारा संचालित संबंधित प्रतिष्ठान हर वर्ष लगभग 1.77 करोड़ मीट्रिक टन अर्थात प्रतिदिन 3,55,000 बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है।

# फर्जी खबरें फैलाने वालों पर मुकदमा चलाने की सिफारिश

नयी दिल्ली। संसद की एक समिति ने सरकार से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर गढ़ी गई फर्जी खबरों को फैलाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों एवं संस्थानों की पहचान करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित करने को कहा है। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति ने अपनी मसौदा रिपोर्ट में, फर्जी खबरों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एआई के इस्तेमाल के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। समिति ने कहा है कि इस प्रौद्योगिकी का उपयोग गलत सूचना का पता लगाने के लिए किया जा रहा है, लेकिन यह गलत सूचना का स्रोत भी हो सकती है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति की मसौदा रिपोर्ट हाल में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी गई। इसे अगले सत्र में संसद में पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, समिति ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) तथा अन्य संबंधित मंत्रालयों एवं विभागों के बीच करीबी समन्वय का भी आग्रह किया, ताकि एआई जनित फर्जी खबरों के प्रसार के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों और संस्थानों की पहचान करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए ठोस कानूनी एवं तकनीकी समाधान विकसित किए जा सकें। समिति ने एआई सामग्री निर्माताओं के लिए लाइसेंसिंग आवश्यकताओं की व्यवहार्यता का पता लगाने तथा एआई-जनित वीडियो और सामग्री की अनिवार्य लेबलिंग के लिए अंतर-मंत्रालयी समन्वय की सिफारिश की है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com